जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, गुरुवार 11 अप्रेल, 2024




कम ब्याज दर 9.99%* से शुरू | Hero GoodLife अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹2000˜ तक | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* | 6000^^ km OR 6 Months Service interval | टोल फ्री 1800 266 0018 | Hero FINCORP | IDFC FIRST Bank

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. #Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˜On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. ˆStarting price of HF Deluxe Drum Brake Kick Start in Jaipur.

**अधिकृत डीलर:** जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड़, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, **अधिकृत सर्विस प्वाइंट:** जयपुर: सुपर मोटर्स, 8824088678, मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, झोटवाड़ा: बीपीएस मोटर्स, 9314048181, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816.

## विचार बिन्दु

ईश्वर बड़े बड़े साम्राज्यों से ऊब उठता है किंतु छोटे-छोटे पुष्पों से कभी खिन्न नहीं होता। –रवीन्द्रनाथ ठाकुर

# मध्यम वर्ग ने बदली आर्थिक विकास की तस्वीर

किसी भी देश की आर्थिक-सामाजिक विकास की तस्वीर सजीव मध्यम वर्ग के माध्यम से ही देखी जा सकती है। दरअसल मध्यम वर्ग जहां आर्थिक विकास को गति देता हैं वहीं किसी भी देश में गरीबी का स्तर क्या है, इसका आकलन भी मध्यम वर्ग की सक्रियता से ही सामने आ पाता है। औद्योगिक क्रांति के बाद से दुनिया भर में मध्यम वर्ग का तेजी से उभार हुआ है। दरअसल मध्यम वर्ग चौराहे पर राह देख रहे व्यक्ति की तरह है। वह एक और गरीब वर्ग से अपने को अलग दिखाने का प्रयास करता है तो दूसरी और उच्च वर्ग के सपनें को लेकर जीता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि मध्यम वर्ग की बीच ही सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धा है। एक दूसरे से अपनी कमीज को उजली बताने के चक्कर में मध्यम वर्ग उलझा रहता है। इसका सकारात्मक पक्ष यह है कि मध्यम वर्ग की प्रतिस्पर्धा ही आर्थिक विकास को गति देती है। मांग व आपूर्ति का बाजार मध्यम वर्ग के सक्रियता पर निर्भर है। वास्तविकता तो यह है कि मध्यम वर्गीय मानसिकता संतुष्ट नहीं रहने देती और इसी कारण से वह हमेशा कुछ ना कुछ नया पाने की उधेड़बुन में रहता है। बच्चों को शिक्षा अच्छी तो खान-पान स्तरीय हो, नित नया पाने के चक्कर में सर्वाधिक मानसिक तनाव भी मध्यम वर्ग ही भुगतता है।

माने या ना माने पर इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी देश के आर्थिक-सामाजिक विकास में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। यह केवल हमारे देश के संदर्भ में ही नहीं अपितु समूचे विश्व की बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं का अध्ययन किया जाएगा तो कारण यही सामने आएगा। सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के बदलाव में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद जिस तरह से श्रमिक वर्ग उभर कर आया तो औद्योगिक क्रांति का ही बाई प्रोडक्ट मध्यम वर्ग का उत्थान माना जा सकता है। आर्थिक विश्लेषकों की माने तो आर्थिक विकास का कोई ग्रोथ इंजन है तो वह मध्यम वर्ग है। ज्यादा दूर नहीं जाए और केवल वर्तमान दशक की शुरुआत बल्कि 2021 की ही बात करें तो देश में 30 फीसद परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में आ गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि 2031 तक यह आंकड़ा बढ़कर 46 फीसद को छू जाएगा। यानी कि इस दशक में बचे साढ़े पांच साल में भी मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में तेजी से सुधार होगा। 2021 में जहां 9.1 करोड़ परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में थे वहीं 2031 तक यह संख्या बढ़कर 16.9 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है। किसी भी देश और उसकी अर्थ व्यवस्था के लिए यह अपने आप में किसी बढ़ी उपलब्धि से कम नहीं आंकी जा सकती। विशेषज्ञों के अनुसार 5 लाख से 38 लाख सालान आय वाले परिवारों को मध्यम आय वर्ग श्रेणी में माना गया है। यह भी समझना होगा कि मध्यम वर्ग का विस्तार का सीधा सीधा अर्थ गरीबी रेखा से लोगों का बाहर आना और बाजारु गतिविधियों में तेजी आने का कारण मध्यम वर्ग ही है। मांग और आपूर्ति को भी मध्यम वर्ग के संदर्भ में ही देखा और समझा जा सकता है।

**देखा जाए तो फास्टफूड हो या कंफेक्शनरी या शॉफ्ट ड्रिंक या इसी तरह की अन्य खाने-पीने की चीजें इसको बाजार मिला है तो इसका श्रेय मध्यम वर्ग को ही जाता है। पर्सनल केयर आइटम्स की मांग और आपूर्ति भी मध्यम वर्ग के कारण ही बढ़ी है। आज ओन लाईन का जो बाजार खड़ा हुआ है उसको गति दी है तो वह मध्यम आय वर्ग के लोगों ने ही दी है।**

दरअसल मध्यम वर्ग व्हाईट कॉलर का प्रतिनिधित्व करता है। वह इस प्रयास में रहता है कि दिन-प्रतिदिन वह अधिक से अधिक साधन जुटाएं, भले ही उसके लिए उसे उधार का सहारा लेना पड़े। यहां यह भी समझ लेना जरुरी हो जाता है कि उच्च आय वर्ग की अपनी समझ व पहुंच होती है। पहली बात तो उच्च आय वर्ग की दायरें में कम लोग है। उनकी पसंद ना पसंद अलग होती है। उनके लिए जो उत्पाद बाजार में आएंगे वो अलग श्रेणी के होंगे। मध्यम वर्ग लगभग उसी दौड़ में दौड़ने का प्रयास करता है। उच्च वर्ग के पास लक्जिरियस चौपहिया वाहन है तो उसकी मांग पहले चरण में चौपहिया वाहन व उसके बाद ज्यों-ज्यों वह थोड़ा आगे बढ़ना चाहेगा अपनी पहुंच के सुविधाजनक चौपहिया वाहन पाने की कोशिश में जुट जाएगा। इसी तरह से बाजार की मांग को मध्यम वर्ग ही बढ़ाता है। तस्वीर हमारे सामने हैं। ज्यादा पुरानी बात नहीं दो दशक ही हुए होंगे कि घरों में पंखों की जगह कूलरों ने ली और कूलरों में भी हैसियत अनुसार ब्राण्डेड कंपनियों से लेकर लोकल कंपनियों के कूलरों ने घरों में जगह बनाई। आज तस्वीर का दूसरा पहलू सामने आ गया है जिस एयर कण्डीशनर के लिए केवल सोचा जा सकता था वह आज घर-घर में पहुंच गया है। कम से कम एक एसी तो मध्यम वर्गीय परिवार में देखने को आसानी से मिल जाएगा। इसे यों समझा जा सकता है कि मध्यम वर्ग के विस्तार के अनुसार बाजार में मांग बढ़ी तो नित नई कंपनियां बाजार में आई और इससे अर्थ व्यवस्था को गति मिलने के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़े। यह तो एक उदाहरण मात्र है। देखा जाए तो फास्टफूड हो या कंफेक्शनरी या शॉफ्ट ड्रिंक या इसी तरह की अन्य खाने-पीने की चीजें इसको बाजार मिला है तो इसका श्रेय मध्यम वर्ग को ही जाता है। पर्सनल केयर आइटम्स की मांग और आपूर्ति भी मध्यम वर्ग के कारण ही बढ़ी है। आज ओन लाईन का जो बाजार खड़ा हुआ है उसको गति दी है तो वह मध्यम आय वर्ग के लोगों ने ही दी है। स्कूटर, स्कूटी, कार से लेकर वाहनों की जो रेलम पेल देखी जा रही है वह इस मध्यम वर्ग के कारण ही है। रियल स्टेट जिस तरह से आगे बढ़ रहा है और गगनचुंबी इमारतों का जिस तरह से जाल बिछ रहा है वह मध्यम वर्ग के कारण ही संभव हो पा रहा है। यही कारण है कि आज देशी विदेशी कंपनियां मध्यम वर्ग को केन्द्रीत कर अपने उत्पादों को बाजार में उतार रही है। सही मायने में कहा जाये तो जिसने मध्यम वर्ग की मांग को समझा वह मालामाल होता जा रहा है और उसकी बाजार में पकड़ तेज होती जा रही है।

ऐसे में यह मानने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि तेजी से बढ़ती अर्थ व्यवस्था का बहुत कुछ श्रेय मध्यम वर्ग को जाता है। क्योंकि बाजार को गति मध्यम वर्ग के कारण ही मिल पाती है। जिस तरह से कहा जाता है कि लघु एवं मध्यम उद्योग सर्वाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है तो अर्थ व्यवस्था को भी गति मिलती है। मध्यम आय वर्ग में इजाफा होने का मतलब साफ-साफ यह हो जाता है कि देश की अर्थ व्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इसे यों समझा जा सकता है कि मध्यम आय वर्ग या दूसरे अर्थ में हम मध्यम वर्ग की बात करें तो जीवन जीने का कोई आनंद लेता है तो वह मध्यम वर्ग ही है। मध्यम वर्ग के लोग जीवन को जीने में विश्वास रखते हैं भले ही उन्हें ऋणं कृत्वा घृतं पीबेत की मानसिकता के अनुसार जीवन यापन करना पड़ें। यही कारण है कि मध्यम वर्ग दिल खोलकर पैसा खर्च करता है। इसका एक कारण सामाजिक ताने बाने की भाषा में हम कहें तो यह कहा जा सकता है कि बहुत कुछ वह दिखावें के लिए करता है। जीवन यापन की दिखावे की इस प्रतिस्पर्धा में वह वो सब कुछ पाना चाहता है जो उसके परिवार, पड़ोसी, मित्रगण या आसपास के लोगों के पास है। इसमें रहन-सहन, खान-पान, पहनना-ओढ़ना, शिक्षा और इसी तरह की अन्य वस्तुओं/साधनों को प्राप्त करना मध्यम वर्ग का ध्येय रहता है और इसी कारण बाजार में नित नए उत्पादों की मांग बढ़ती है तो देश के लोगों के जीवन स्तर का पता चलता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 11 अप्रेल, 2024



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, वृत्तिका नक्षत्र रात्रि 1:38 तक, प्रीति योग प्रातः 7:19 तक, गर करण दिन 3:04 तक, चन्द्रमा प्रातः 8:40 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-मेष, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से रात्रि 1:38 तक है। रवियोग रात्रि 1:38 से आरम्भ होगा। आज भद्रा रात्रि 2:08 से आरम्भ होगा। आज गणगौर पूजन, गौरी तृतीया, मनोरथ तृतीया व्रत, मत्स्य जयन्ती मन्वादि है। आज से सव्वाल मु.मास 10 आरम्भ होगा। आज ईद-उल-फितर, मीठी ईद है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:45 तक, चर 10:54 से 12:28 तक, लाभ-अमृत 12:28 से 3:37 तक, शुभ 5:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:11, सूर्यास्त 6:45

**मेष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**कन्या**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक परेशानियां दूर होने लगेगी।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।


**मकर**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

# प्राकृतिक जलवायु समाधानों को बढ़ावा देने में डॉ. दीपनारायण पाण्डेय का अग्रणी योगदान

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख डॉ. दीप नारायण पाण्डेय वर्तमान में भारत में प्राकृतिक जलवायु समाधान (नेचुरल क्लाइमेटसल्यूशन) को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. पाण्डेय टेरी स्कूल ऑफ एडवांस्डस्टडीज में चीफ साइंटिस्ट (नेचुरलक्लाइमेटसल्यूशन्स) के रूप में परामर्श दे रहे हैं। जलवायु परिवर्तन से निपटने और कार्बन संचय को बढ़ाने के एक महत्वपूर्ण प्रयास में डॉ. पाण्डेय ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, जम्मू और कश्मीर और मेघालय सहित 11 राज्यों में भारतीय वन सेवा और राज्य वन सेवा के 800 से अधिक अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा।




राजस्थान के पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख डॉ. दीप नारायण पाण्डेय कई राज्यों में अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार कर रहे हैं।

डॉ. पाण्डेय के नेतृत्व में नेचुरलक्लाइमेटसल्यूशन्स पर अभी तक11 स्टेट राउंडटेबल्स का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है, साथ ही एक राष्ट्रीय राउंडटेबल भी आयोजित किया गया है, जिसमें भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) के 9 संस्थानों और 4 केंद्रों के वैज्ञानिकों को नेचुरलक्लाइमेटसल्यूशन्स पर जानकारी प्रदान की गई है। इन गोलमेज सम्मेलनों ने वैज्ञानिक विचार-विमर्श, सर्वोत्तम क्रियान्वयन को साझा करने तथा नेचुरलक्लाइमेटसल्यूशन्स के क्षेत्र में कार्यान्वयन के लिए सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. पाण्डेय के नेतृत्व में की गई पहल भारत सरकार के नेशनलीडेटरमाइंड कंट्रीब्यूशंस के लक्ष्यों को पूरा करने में सीधे योगदान दे रही है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत में 2.5 से 3 बिलियन टन कार्बन को अतिरिक्त संचित करना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में भारत के गंभीर योगदान को रेखांकित करता है। भारत की जलवायु रणनीति में नेचुरल क्लाइमेटसल्यूशन्स की भूमिका और इस क्षेत्र में निरंतर अनुसंधान, क्षमता बढ़ाना, नीतिगत व क्रियान्वयन को बेहतर करने हेतु जानकारी दी जा रही है।

डॉ. पाण्डेय तथा टेरी स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के प्रोफेसर शालीन सिंघल द्वारा परिकल्पित इस ज्ञान और प्रशिक्षण कार्यक्रम को द नेचर कंजरवेंसी से समर्थन प्राप्त हुआ है और इसे टेरी स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज से संचालित किया जा रहा है। इस प्रयास में टीएनसी के डॉ. सुशील सहगल, डॉ. सुदीप्तो चटर्जी, डॉ. श्वेता सिंह और टेरी स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के प्रोफेसर शालीन सिंघल की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। नीति और क्रियान्वयन दोनों स्तरों पर कार्यक्रम का गहरा प्रभाव रहा है, जिससे देशभर में एनसीएस रणनीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

- **जलवायु परिवर्तन से निपटने और कार्बन संचय को बढ़ाने के एक महत्वपूर्ण प्रयास में डॉ. पाण्डेय ने कई राज्यों में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है**

# गणगौर महोत्सव में हरि प्रसाद ओझा समृति सम्मान से सम्मानित होंगे लोक कलाकार

**जयपुर।** सनातन प्रेमी, संस्था चूरू की ओर से गुरुवार 11अप्रेल को गोपाल चौक, चूरू में आयोजित होने वाले गणगौर महोत्सव के अवसर पर शेखावाटी के मशहूर लोक कलाकार स्व. हरिप्रसाद ओझा की समृति में चूरू के वरिष्ठ कलाकार मोतीलाल सोनी, ख्यालीराम नाई व जगदीश प्रसाद देवड़ा को सम्मानित किया जायेगा। चूरू की आन-बान और शान स्व हरिप्रसाद ओझा ने गीत, संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोक परंपराओं, प्रदर्शन कलाओं, संस्कारों और अनुष्ठानों के जरिये लोक संस्कृति को अक्षुण्य रखने के भरपूर प्रयास किये थे। वरिष्ठ संस्कृति कर्मी और पत्रकार गुरुदास भारती ने बताया कि गणगौर देश का अनूठा लोक पर्व है। चूरू में हर वर्ष गणगौर परंपरागत उत्साह और निराले अंदाज़ में मनाया जाता है। सनातन प्रेमी संस्था के विनोद ओझा मुन्ना ने बताया कि यहां पहली बार महिला सशक्तिकरण के मधे नज़र महिलाएं और बालिकाएं गीत, संगीत, चंग और गींदढ़ नृत्य के साथ बांसुरी की मधुर धुन पर अपनी प्रस्तुति देंगी, जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। गणगौर महोत्सव में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को स्वर्गीय पं. जैसराज गौड़ स्मृति सम्मान दिया जाएगा इस अवसर पर गणगौर की सवारी शाही बैंडबाजे के साथ गढ़ चौराहे से सब्जी मंडी स्थित पावटा कुएं तक जाएगी।



- **सनातन प्रेमी, संस्था चूरू की ओर से गुरुवार 11अप्रेल को गोपाल चौक, चूरू में आयोजित होगा कार्यक्रम**

# कैलादेवी मेले से वापस जाने वाले श्रद्धालुओं के लिये बस और ट्रेनों की नहीं है व्यवस्था

## कैला मैया के 6 अप्रैल से शुरू हुए लक्खी मेले में दर्शनार्थियों की घर वापसी होने लगी है

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ कैला मैया के 6 अप्रैल से शुरू हुए लक्खी मेले में दर्शनार्थियों की अब घर वापसी होने लगी है। ऐसे में आगरा व मथुरा की ओर संचालित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके कारण यात्रियों को जनरल बोगी के गेट पर खड़े होकर व लटक कर यात्री करनी पड़ रही है। ऐसा नजारा हिंडौन रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात को कोटा-पटना फास्ट ट्रेन में देखने को मिला।

- **आगरा व मथुरा की ओर संचालित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की व्यवस्था नहीं की गई है**
- **यात्रियों को जनरल बोगी के गेट पर खड़े होकर व लटक कर यात्री करनी पड़ रही है**

रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर भरतपुर, मथुरा वाया पटना जाने वाली कोटा पटना ट्रेन रात करीब 9 बजे पहुंची। खचाखच भरे हुए जनरल डिब्बों में यात्री सवार होने लगे। टूंडला निवासी ने बताया कि उनके घर से कुल 12 लोग प्लेटफार्म पर खड़े थे। जिसमें आधी सवारी बमुश्किल ट्रेन में सवार हो गई और आधी सवारी प्लेटफार्म पर छूट गई। वहीं कैलादेवी से दर्शन कर प्लेटफार्म पर बैठे हुए यात्रियों ने ट्रेन के सामान्य बोगी में सवार होने के लिए दौड़ लगा दी। कुछ यात्री बोगी में सवार हुए, कुछेक ने सवार होने के लिए ट्रेन के चलने के साथ दौड़ लगाई। ऐसा नजारा अन्य फास्ट ट्रेनों में भी रहा। उल्लेखनीय है कि केलादेवी दर्शनार्थियों का प्रतिदिन 4 से 5 हजार की संख्या में घर वापसी हो रही है। जिसमें आगरा, मथुरा, टूंडला, मैनपुरी आदि के यात्री है। गंगापुर सिटी से आगरा कैंट के लिए शुरू की गई। मेला स्पेशल ट्रेन के संचालन की तिथि 10 अप्रैल है। 6 अप्रैल से 22 अप्रैल तक एक लाख से अधिक यात्री आगरा व मथुरा से आवागमन करेंगे। इसके बाबजूद यात्रियों को समुचित सुविधा नहीं मिल रही है। लक्खी मेले को नियमित रूप में संचालित ट्रेनों में स्पेशल कोच भी नहीं बढ़ाया गया। इस बार 10 अप्रैल से मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू होगा। ट्रेन संख्या 01961 आगरा कैंट से शाम 5 बजे गंगापुर सिटी के लिए रवाना होगी। रात 8.13 बजे हिंडौन व रात 9.40 पर गंगापुर पहुंचेगी। इसी प्रकार 01962 ट्रेन गंगापुर सिटी से रात 10.15 बजे आगरा कैंट के लिए चलेगी। हिंडौन रेलवे स्टेशन पर रात 11.10 बजे पहुंचेगी। रेलवे स्टेशन के रोडवेज यूनिट को 8 अप्रैल तक दो लाख 30 हजार की आय हो चुकी है।

# सतरंगी लोकतंत्र सप्ताह का शुभारंभ, मतदाता जागरूकता अभियान में बिखरेंगे नए रंग

## सतरंगी सप्ताह के अन्तर्गत प्रथम दिन ट्रांसजेंडर को मतदान हेतु जागरूक किया

**धौलपुर,** (निसं)। लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार धौलपुर जिला मतदाता जागरूकता अभियान प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। सात दिन बिखरेंगे सात रंग, मतलब गांव-ढाणी और कस्बों से लेकर कच्ची बस्तियों तक में आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अलग-अलग तरह की गतिविधियां आयोजित होंगी। इस सप्ताह को नाम दिया गया है "सतरंगी सप्ताह"। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में विशेष थीम आधारित सतरंगी सप्ताह की शुरुआत की गई।

सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीना ने बताया कि सतरंगी सप्ताह के प्रथम दिवस को ट्रांस जेंडर समुदाय को फोकस कर गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर मदीना कॉलोनी में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया तथा ट्रांसजेंडर के साथ-साथ सभी उपस्थित मतदाताओं को मताधिकार का संबंध में व्यापक जानकारी देते हुए 12 वैकल्पिक दस्तावेज की जानकारी दी गई। साथ ही मतदान की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा हाउसिंग बोर्ड स्थित गाड़िया लुहार की स्थायी बस्ती में भी



सतरंगी लोकतंत्र सप्ताह के तहत लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यहां स्थानीय समुदाय की महिलाओं ने लोकनृत्य कर "हम भी नाचेंगे, गाएंगे वोट डालकर आएंगे" का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान दिवस से एक सप्ताह पूर्व वोटर्स टर्नआउट बढ़ाने के लिए किए जाने वाले मेगा इवेंट की पूरी कार्ययोजना तैयार की गई है जिसके अनुसार सात दिवसीय गतिविधियां आयोजित होंगी जिसमें मुख्य रूप से न्यूनतम मतदान केन्द्रों वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सतरंगी सप्ताह का हर दिन मतदाताओं की अलग-अलग कैटेगरी पर केन्द्रित रहेगा। पहला दिन घूमन्तु जातियों एवं ट्रांसजेंडर मतदाता समूह, दूसरा दिन श्रमिक वर्ग, तीसरा दिन सर्विस वोटर्स, चौथा दिन दिव्यांग मतदाता, पांचवां दिन युवाओं, छठा दिन महिला मतदाता तथा सप्ताह के सातवें दिन की गतिविधि एथिकल एंड इनफॉर्म्ड वोटिंग पर केन्द्रित रहेगी।

**हर दिन होगा अलग रंग, अलग गतिविधि, अलग नारा :-** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर 10 से 16 अप्रेल तक संचालित मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हर दिन अलग गतिविधि होगी और हर दिन का विशेष नारा होगा। पहले दिन 10 अप्रैल, बुधवार को हम भी नाचेंगे गाएंगे वोट डालकर आएंगे थीम पर लोकनृत्य की प्रस्तुति हुई, जिसकी थीम का रंग बैंगनी रखा गया। इसी प्रकार सतरंगी सप्ताह के दूसरे दिन अंगुली पर निशान राष्ट्र के नाम थीम पर म्यूजिकल बैंड और मतदाता शपथ की गतिविधि होगी। इस थीम का रंग जामुनी होगा। सप्ताह के तीसरे दिन की गतिविधि पैदल चाल और मैराथन रखी गई है जिसका थीम कलर नीला और नारा कर्तव्य पथ पर राष्ट्रहित में रहेगा। इसी प्रकार चौथे दिन की गतिविधि ट्राईसाइकिल रैली रहेगी जिसका थीम कलर हरा और नारा हम भी सक्षम राष्ट्र भी सक्षम होगा। सप्ताह के पांचवें दिन मतदाता रैली और विशेष नृत्य और अभिनय की गतिविधि रहेगी जिसका थीम कलर पीला और नारा मताधिकार का प्रयोग करेंगे वोट करेंगे वोट करेंगे होगा। इसी प्रकार छठे दिन महिला रंगोली और महिला मार्च की गतिविधि होगी जिसका थीम कलर नारंगी और नारा वोट करूंगी तभी तो आगे बढ़ूंगी रहेगा। सतरंगी सप्ताह के सातवें दिन मतदान वृक्ष और दीपदान की गतिविधि होगी जिसका थीम कलर लाल और नारा लालच पर होगी चोट, सोच समझ कर करेंगे वोट रहेगा।

- **गाड़िया लुहार की स्थायी बस्ती में भी आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं ने लोकनृत्य कर "हम भी नाचेंगे, गाएंगे वोट डालकर आएंगे" का संदेश दिया**

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



"What did you see?" — "What did you see?" asked an American, who had come to Kabini for the first time.

JKK: 31 YEARS OF NURTURING CULTURE — On 31st Foundation Day, Jawahar Kala Kendra, the art and cultural hub of the Pink City, treated its patrons to a two-day extravaganza of art, dance and music.

## 'अर्जेन्ट सुनवाई नहीं होगी'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। दिल्ली हाई कोर्ट के द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज़ किए जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इसके खिलाफ

- सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से कहा है कि, ई.डी. की गिरफ्तारी के विरूद्ध दायर केजरीवाल की याचिका की त्वरित सुनवाई नहीं होगी। कोर्ट ने सोमवार तक याचिका पर विचार करने का आश्वासन दिया।

सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई करने की मांग की थी जिसे अस्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने उनके वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी से बुधवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट को ई-मेल भेजे, कोर्ट उनकी अपील पर विचार करेगा।

मनी लॉण्डरिंग केस में प्रवर्तन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अगर दिल्ली नॉर्थ-ईस्ट की सीट पर, उम्मीदवार नहीं बनाया गया तो आप के साथ गठबंधन टूटेगा'

## दिल्ली के प्रदेशाध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने जिद पकड़ी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। दिल्ली कांग्रेस में उन तीन लोकसभा सीटों को लेकर भारी वादविवाद शुरु हो गया है, जिन पर पार्टी चुनाव लड़ रही है।

धड़ो में बंटी दिल्ली कांग्रेस में, पी.सी.सी. चीफ अरविंद सिंह लवली, जो नॉर्थ ईस्ट सीट के टिकट के लिए प्रयास कर रहे हैं, ने कहा है कि, यदि उन्हें टिकट नहीं मिलता है तो कांग्रेस को दिल्ली में गठबंधन से बाहर निकल जाना चाहिए।

लवली इस सीट के लिए एक प्रत्याशी थे। लेकिन अपने सलाहकारों की सलाह पर उन्होंने अपना हाथ खींच लिया, क्योंकि, उन्हें बताया गया कि, वो चुनाव हार जाएंगे।

फिर जब और नाम सामने आए तो उन्होंने फिर अपना मन बदल लिया और सैन्ट्रल इलैक्शन कमेटी के समक्ष एक सिंगल कैन्डिडेट के रुप में उनका नाम

- लवली के, दिल्ली कांग्रेस की राजनीति में प्रतिद्वंदी अजय माकन ने इस सीट पर, कन्हैया कुमार का नाम चलाया है।
- दिल्ली नॉर्थ-वेस्ट सीट पर माकन उदित राज की पैरवी कर रहे हैं तथा उदित राज की उम्मीदवारी का समर्थन खड़गे भी कर रहे हैं।
- पर, लवली ने राज कुमार चौहान का नाम चला रखा है।
- चाँदनी चौक सीट पर, संदीप दीक्षित ने काम शुरु कर दिया, राहुल गाँधी से इशारा मिलने के बाद। पर, यह भी सच है कि, अभी तक ए.आई.सी.सी. की ओर से उनका नाम क्लियर नहीं हुआ है।
- लवली ने पहले तो नॉर्थ-ईस्ट से चुनाव लड़ने से इन्कार कर दिया था, क्योंकि उनके सलाहकारों ने राय दी थी कि, वे चुनाव हार जायेंगे। पर, जब उनके प्रतिद्वंदियों ने इस सीट पर और नाम चलाना शुरु किया, तो लवली ने भी उम्मीदवार बनने के लिये अपना नाम फेंका।

पेश हुआ।

लेकिन, दिल्ली की राजनीति में लवली के सबसे बड़े प्रतिद्वंदी अजय माकन ने कन्हैया कुमार का नाम प्रस्तावित किया, जो वहाँ से एक सशक्त और ऊर्जावान उम्मीदवार हैं।

पता चला है कि, पार्टी नेतृत्व भी कन्हैया कुमार को चुनाव मैदान में उतारना चाहता है।

अब लवली ने प्रस्ताव दिया है कि, यदि उन्हें (लवली को) टिकट नहीं मिलता है तो कांग्रेस को आम आदमी पार्टी के साथ किए गए गठबंधन को तोड़ देना चाहिए।

लवली, नॉर्थ वैस्ट निर्वाचन क्षेत्र से राज कुमार चौहान को समर्थन दे रहे हैं, वहीं, माकन उदित राज का समर्थन कर रहे हैं। माना जा रहा है कि, खड़गे भी उदित राज के पक्ष में हैं।

चांदनी चौक में संदीप दीक्षित ने राहुल गाँधी से सहमति मिलने के बाद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## भाजपा की दसवीं लिस्ट घोषित

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली,10 अप्रेल। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की दसवीं सूची जारी कर दी1 पार्टी ने अनुपम खेर की पत्नी किरण खेर का टिकट काट कर उनकी जगह चण्डीगढ़ से संजय टंडन को टिकट दिया है। प्रत्याशियों की सूची में सात नाम उत्तर प्रदेश से हैं और इलाहाबाद की सीट से वर्तमान सांसद रीता बहुगुणा का नाम काटकर नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर को बलिया सीट से पुनः प्रत्याशी

- चंडीगढ़ से किरण खेर और इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का पत्ता कटा। ये सीटें क्रमशः संजय टंडन और नीरज त्रिपाठी को दी गई हैं।

बनाया है। पश्चिम बंगाल में, पार्टी ने आसनसोल सीट से शत्रुघ्न सिन्हा के खिलाफ चुनाव लड़ने के सरदार एस.एस.अहलुवालिया को मैदान में उतारा है। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने फूलपुर सीट से प्रवीण पटेल को टिकट दिया। इस सीट से पूर्व में दो प्रधान मंत्री निर्वाचित हो चुके हैं, जबकि दिल्ली के पास की कोशांबी सीट से विनोद शंकर को मैदान में उतारा है और गाजीपुर सीट से पारस नाथ राय को टिकट दिया है।

# भाजपा ने भी 10 मिनट का ''म्यूज़िकल वीडियो'' बनाया संसदीय चुनाव के लिये

## जैसा कि अपेक्षित ही था, इस वीडियो की थीम मोदी हैं, तथा नारा है, ''तभी तो लोग मोदी को चुनते हैं''

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। ''तभी-तो लोग मोदी को चुनते है।'' आगामी लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के नए प्रचार गीत की थीम यही है। इस विडियो गीत में अयोध्या का राम मंदिर, वंदे भारत ट्रेन और केन्द्र सरकार का धारा 370 हटाने का निर्णय, जिसके तहत जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग झंडा फहराना बंद किया गया था, को दर्शाया गया है गीत पूरी तरह से नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व पर केन्द्रित हैं। गीत मे नारी शक्ति के प्रोत्साहन देने के प्रयासों व भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके अभियान को दर्शाया गया है।

गीत के एक छंद-छंद में इस संदेश को रेखांकित किया है: ''मोदी का व्यक्तित्व ऐसा है कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण भ्रष्टाचारी डर के मारे कांपते हैं''। इस गीत को अलग-अलग 12 भाषाओं में गाया गया है। और, राष्ट्रीय एकता के महत्व को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न संस्कृतियों की

- भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने यह वीडियो अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रिलीज़ किया।
- ऐसा ही एक वीडियो भाजपा ने गत दिसम्बर को भी रिलीज़ किया था, तथा वीडियो की थीम थी, ''फिर आयेगा मोदी''।

पृष्ठभूमि वाले लोगों को एकसाथ दिखाया गया है।

गीत के अन्त में अनेक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले हजारों लोगो को एक विशाल कोलॉज बनाने के लिए एकसाथ आते हुए दिखाया गया है, जो सब एक सुर में गीत गाते नजर आ रहे हैं: हमारे सामूहिक सपने उड़ान भर चुके हैं। ''भाजपा के एक नेता ने इस गीत के बारे में कहा कि ''यह प्रचार गीत प्रधानमंत्री को एकजुट करने वाली शक्ति के व्यक्तित्व को प्रतिनिधत्व करने वाला गीत है।

जनवरी में, भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार को शुरू करते हुए एक वीडियो जारी किया था जिसमें प्रधानमंत्री मोदी को समर्पित एक गीत दिखाया था सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर उस वीडियो को साझा करते हुए, भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने कहा था:''यह एक सुन्दर वीडियो गीत है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा पिछले एक दशक में किए प्रयासों को अंकित किया गया है, जो उनकी नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करता है, उनकी कार्यशैली तथा बहुत ही उत्साहवर्धक तरीके से निरंतर किए गए प्रयासों को दर्शाता हैं।

उन्होंने कहा, ऐसी कोशिशों के कारण करोडों भारतीयों के सपने हकीकत में बदल रहे हैं। आओ, हमसब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भाजपा ने तमिलनाडू में पूरी ताकत झोंक दी

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा की दक्षिणी मुहिम को और तेज करने के लिए बुधवार और गुरुवार को केरल और तमिलनाडु के

- प्रधानमंत्री मोदी गत कुछ अर्से में 8 बार तमिलनाडू आ चुके हैं। कई योजनाओं की घोषणा करने के साथ-साथ वे द्रमुक सरकार की भ्रष्टाचार और वंशवाद के लिए जमकर आलोचना कर रहे हैं, पर फिर भी कोई कसर ना छूट जाए इसलिए जयललिता के अपमान को भी मुद्दा बना रहे हैं।

दौरे पर रहे एक ओर तो उन्होंने दोनों राज्यों के लिए बड़ी- बड़ी घोषणाएं की साथ ही इंडिया गठबंधन और उसके घटको पर जमकर हमला बोला, खासकर द्रमुक के मुखिया व तमिलनाडु

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दिल्ली मैट्रो को बड़ी राहत

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। दिल्ली मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डी.एम.आर.सी.) को बड़ी राहत देते हुए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, वह अनिल अंबानी की कम्पनी, दिल्ली एयरपोर्ट मैट्रो एक्सप्रेस प्रा. लि. (डी.ए.एम.ई.पी.एल.) को 8000 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं है। सन् 2017 में डी.एम.आर.सी. को यह आदेश सुनाया गया था। डी.एम.आर.सी. की ओर से दाखिल क्यूरेटिव याचिका को मंजूरी देते हुए, भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाय. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ ने माना कि,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# 'खेला हौबे, खेला हौबे'

## बंगाल में चुनाव के दौरान लोक गीतों के मार्फत प्रतिद्वंदियों को टारगैट बनाने की पुरानी परिपाटी, अब पुनः जोरों पर चल रही हैं

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। बंगाल में घुमक्कड़ चारण-भाटों की सदियों पुरानी परम्परा रही है। ये लोग अपने दल के साथ अलग-अलग जगहों पर जाकर गीत-संगीत का कार्यक्रम पेश करते है और ऐसे ही किसी अन्य दल के साथ उनकी प्रतिस्पर्धा भी होती है। इन्हें ''कबियाल'' कहा जाता है। ये लोग गीतों को हाथों-हाथ संगीतबद्ध कर प्रतिद्वंदी पार्टी को हाजिर-जवाब देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

चुनाव का समय आते ही यह परम्परा आज भी जीवित हो उठती है। प्रतिद्वंदी राजनेताओं और प्रतिपक्षियों का मजाक बनाने वाले गीत व रचनाएं सुनाई जाती हैं और भावनाओं को चोट पहुंचाने वाले टीकाकार एक दूसरे पर शाब्दिक रूप से प्रहार करते हैं।

- हालांकि, इस परिपाटी को कुछ धक्का लगा था, सोशल मीडिया का प्रचलन बढ़ने के बाद। पर, अब कबियालों की गायकी की ताकत को पुनः पहचाना है राजनीतिज्ञों ने, और लोकगीत लिखने वाले, गाने वाले, ''सैलिब्रिटी'' बन गये हैं तथा कईयों को पार्टियाँ संसदीय चुनाव लड़ने के लिए टिकट भी दे रही हैं और कुछ तो बंगाली फिल्मों में ''स्टार'' व निदेशक भी बन गये हैं।
- आजकल ''कबियालों'' के मार्फत सबसे ज्यादा कटाक्ष ममता बनर्जी व उनकी पार्टी पर हो रहा है।

वर्तमान के एक अग्रणी कबियाल हैं- असीम सरकार, जिन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार मिल चुका है। उन्होंने अपनी एक रचना में तृणमूल पर विध्वंसक प्रहार किया है। यह रचना, इन दिनों सोशल मीडिया की सुर्खियों में है। गीत थोड़ा लम्बा है और इसकी शुरुआत ऐसे होती है:-

सुनो मेरे देशवासियों
हमारा स्वर्णिम बंगाल,
ताड़का राक्षसी द्वारा
निगला जा रहा है।
उसके आतंक से हमारी
मुस्कुराहट गायब हो गई है।
उसने वोट देने का हमारा अधिकार
भी छीन लिया है।

असीम सरकार इन गीतों को हारमोनियम बजाते हुए गाते हैं और अपने कार्यक्रमों में बरबस सभी का ध्यान आकर्षित करते हैं। ठेठ-देहाती उच्चारण के साथ गाए गए इन गीतों में देहाती कशिश व आकर्षण होता है।

सोशल मीडिया से पहले 1950, 1960 और 1970 के दशकों में इस तरह की हास्यास्पद निरर्थक कविताएं दीवारों पर भित्ति चित्रों के रूप में उकेरी जाती थी। उनसे सर्वाधिक हास्यास्पद को तो अब भुला दिया गया है, लेकिन उनमें से कुछ को उनके मज़ाकिया अंदाज के कारण अब भी याद किया जाता है।

एक बार जब 14 जुलाई को चुनाव होने थे, तब कांग्रेस ने कोई प्रभावी बात कहने के लिए एक भित्ति चित्र बनवाया था। उसमें कहा गया था ''ज्योति बाबू की शादी 14 जुलाई को।''

इस पर सी.पी.आई. (एम.) तुरन्त प्रभाव से हरकत में आयी थी। उसने भी एक भित्ति चित्र बनवाया, जिसमें यह संदेश था कि ''निर्धारित दिन को इंदिरा जैसी युवा दुल्हन की तरह सजें।''

कोई इस बात का अंदाजा लगा सकता है कि चुनावों के बाद की पहली मुलाकात में संबंधित दोनों नेताओं की क्या प्रतिक्रिया रही होगी। इस प्रकार के भित्ति चित्रों को लेकर प्राप्त खबरों के आधार पर ''इंदिरा ने ज्योति बाबू को चिढ़ाया भी होगा।''

पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान तृणमूल कांग्रेस की नैया उसके लिए संकलित किए गए एक गीत ने पार लगाई। वास्तव में इसके पीछे की ताकत तृणमूल के सजग कार्यकर्ता थे और ''खेला होबे, खेला होबे'' का यह थीम सांग तृणमूल के लिए प्रतीकात्मक बन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस प्रत्याशी रहे सीताराम अग्रवाल सहित 306 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली

## आज विद्याधर नगर विधानसभा हुई कांग्रेस मुक्त : दिया कुमारी

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल और उनकी अंत्योदय की नीतियों से प्रभावित होकर बिना किसी शर्त के आज भाजपा प्रदेश कार्यालय पर कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं विद्याधरनगर विधानसभा प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल, नीमकाथाना से प्रत्याशी रहे रघुवीर सिंह तंवर, ऑल इंडिया रिजर्व बैंक एम्पलॉयज यूनियन के पूर्व राष्ट्रीय सचिव जी.एन पारीक, जगदीश सोमानी अध्यक्ष विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज, माचड़ा हनुमान मंदिर के महंत सुदर्शन महाराज, पार्षद केशरमल शर्मा, पार्षद धापा देवी, महेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद सीएम शर्मा, अमर सिंह हाथोज पूर्व प्रदेश महासचिव उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ कांग्रेस कमेटी और रवि कानूनगो सहित 306 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने सभी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान मंच संचालन भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि सीताराम अग्रवाल के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस मुक्त हो चुका है। आने वाले कुछ दिनों में केवल विद्याधरनगर ही नहीं बल्कि पूरा राजस्थान कांग्रेस मुक्त होने वाला है। हम सभी का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की सभी 25 सीटों पर भाजपा का कमल खिलाना है। पीएम मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के लिए हम सभी को 400 पार के नारे को साकार करना है। इसके लिए हमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भी बल देना होगा, प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर सघन जनसंपर्क से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना है। भाजपा केवल राजनैतिक दल नहीं है यह परिवार है इस परिवार में जुड़ने वाले सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत है। कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं विद्याधरनगर विधानसभा प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल ने संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का धन्यवाद प्रकट किया। उन्होने कहा कि सुबह का भूला यदि शाम को घर लौट आता है तो उसे भूला नहीं कहा जाता। मेरा कांग्रेस में लंबा राजनैतिक अनुभव रहा है, लेकिन मुझे आज भाजपा परिवार में आने के बाद बहुत खुशी है। कांग्रेस में रहते हुए मेरा परिवार और मेरा मन दोनों गवाही नहीं देते थे कि इस पार्टी में रहकर काम किया जाए। मेरा अभी तक का कैरियर बेदाग रहा है, मैं भाजपा परिवार को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मैं मेरा पूरा जीवन पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह समर्पित करूंगा।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सभी को सदस्यता ग्रहण कराई।

- **कांग्रेस में रहते हुए मेरा परिवार और मन दोनों ही गवाही नहीं देते थे, सुबह का भूला शाम को घर लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते : सीताराम अग्रवाल**



राज्यपाल कलराज मिश्र ने चैत्र नवरात्र में बुधवार को विंध्यधाम पहुंचकर मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए। उन्होंने मां का विधिवत पूजन कर सबके मंगल की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में मां विंध्यवासिनी के साथ ही अन्य देवी-देवताओं के भी दर्शन कर राष्ट्र की उन्नति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# पी.एम.मोदी ने दुनिया में बढ़ाया भारत का मान : मंजू शर्मा

**जयपुर**, (का.सं.)। भाजपा जयपुर शहर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने आज विद्याधर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और इलाकों को दौरा कर जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों ने जयपुर की बेटी के स्वागत में पलक पावडे बिछा दिए वहीं उनका कॉलोनियों में भव्य स्वागत किया गया। मंजू शर्मा के स्वागत कार्यक्रम में महिलाएं भी पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर भाग लेती नजर आई। वहीं जनसभाओं में लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्याधर नगर क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के साथ रोड शो किया। इसमें क्षेत्र की जनता उमड़ पड़ी और एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

जनसंपर्क के दौरान विभिन्न जनसभाओं व स्वागत कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे विश्व के समक्ष देश का मान बढाया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के विकास ने जो गति पकड़ी है उसे अब बरकरार रखने के लिए भाजपा और पीएम मोदी को मजबूत करना आवश्यक है। सरकार बनने के महज साढ़े तीन माह के कार्यकाल में ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी के नेतृत्व में 90 दिन में संकल्प पत्र के 45 प्रतिशत वादे पूरे किए हैं तथा संकल्प पत्र में किया प्रत्येक वादा पूरा किया जाएगा।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। भारत दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हम ब्रिटेन को पछाड़ कर 5वें नंबर पर आ गए हैं। भाजपा ने हमेशा आमजन के हितों को ध्यान में रखकर ही काम किए और जनता से रिश्ता निभाया, वह आगे भी बना रहेगा।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट सं. बी-36, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास, गोपालपुरा, जयपुर में मेरे मुवक्किल राम कृष्ण शर्मा, लक्ष्मण शर्मा पुत्र श्री मुन्ना लाल शर्मा, सविता शर्मा पत्नी स्व. श्री भरत शर्मा एवं श्री मुन्ना लाल शर्मा पुत्र स्व. गौरी शंकर शर्मा, समस्त निवासी 3, वसुंधरा कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर का उपरोक्त भूखण्ड में अविभाजित हिस्सा है एवं प्लॉट सं. बी-60, 10-बी, स्कीम, गोपालपुरा बाईपास, गोपालपुरा जयपुर में मेरे मुवक्किल श्री मुन्ना लाल शर्मा के स्वामित्व का है। उपरोक्त दोनों भूखण्डों में मेरे मुवक्किलगण का हक व हित निहित है। अतः सर्वसाधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त दोनों भूखण्डों बाबत किसी प्रकार का संव्यवहार किसी भी व्यक्ति से न करें और यदि उनके द्वारा ऐसा किया जाता है तो उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे एवं ऐसा संव्यवहार मेरे मुवक्किलगण के हितों के विरूद्ध पूर्णतः शून्य व अप्रभावी होगी। सूचित रहे।
संजय राहड, एडवोकेट, मो. 9414057617, 9772825243

# मजिस्ट्रेट और अधिकारी कर रहे हैं पॉक्सो पीड़िताओं की पहचान उजागर : हाईकोर्ट

- **अदालत ने माना कि पुलिस और न्यायिक अधिकारियों को इसके लिए संवेदनशील बनने की जरूरत है। अदालत ने मामले में उचित आदेश जारी करने के लिए प्रकरण को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने के लिए आदेश की कॉपी रजिस्ट्रार जनरल को भेजी है**
- **अदालत ने अतिरिक्त मुख्य गृह सचिव और डीजीपी को कहा है कि पुलिस अनुसंधान के दौरान ऐसी पीड़िताओं की पहचान गुप्त रखने के लिए पुलिस अकादमी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाए**

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि पॉक्सो अपराधों से जुडे कई मामलों में पुलिस और मजिस्ट्रेट पीड़िताओं का नाम सार्वजनिक कर देते हैं। जबकि ऐसा करना कानूनन अपराध भी है। अदालत का मानना है कि पुलिस और न्यायिक अधिकारियों को इसके लिए संवेदनशील बनने की जरूरत है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में उचित आदेश जारी करने के लिए प्रकरण को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने के लिए आदेश की कॉपी रजिस्ट्रार जनरल को भेजी है। वहीं अदालत ने अतिरिक्त मुख्य गृह सचिव और डीजीपी को कहा है कि पुलिस अनुसंधान के दौरान ऐसी पीड़िताओं की पहचान गुप्त रखने के लिए पुलिस अकादमी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाए। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश रोहित बैरवा के सजा स्थगित करने के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि ऐसे मामलों में पीड़िताओं की पहचान गुप्त करने के लिए तय कानूनी प्रावधानों की पालना नहीं की जा रही है। इस मामले में भी पुलिस और मजिस्ट्रेट के समक्ष बयानों के दौरान पीडिता का नाम गुप्त नहीं रखा गया। जांच अधिकारी के साथ-साथ न्यायिक मजिस्ट्रेट भी इस संबंध में कानून के बाध्यकारी प्रावधानों को लागू करने में असफल हुए हैं। जबकि भारतीय दंड संहिता की धारा 228-क के तहत ऐसे अपराध के लिए दो साल तक की सजा का प्रावधान भी है।

मामले के अनुसार याचिकाकर्ता को पॉक्सो मामले में डीएनए रिपोर्ट के आधार पर निचली अदालत ने सजा सुनाई थी। जिसे याचिकाकर्ता की ओर से कह कहते हुए चुनौती दी गई कि पीडिता ने अपने प्रति-परीक्षण में दुष्कर्म से इनकार किया था। इसके अलावा उसके परिजनों के बयान भी याचिकाकर्ता के खिलाफ नहीं थे। इसलिए हाईकोर्ट में अपील के निस्तारण तक उसकी सजा को स्थगित की जाए। सुनवाई के दौरान अदालत के सामने आया कि संबंधित जांच अधिकारी और मजिस्ट्रेट ने दस्तावेजों में कई स्थान पर पीडिता का नाम सार्वजनिक कर रखा है।

## मनोचिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र सिंह का पंजीयन निरस्त

**जयपुर**। राजस्थान मेडिकल काउंसिल की पीनल एवं एथिकल कमेटी ने मनोचिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र सिंह का रजिस्ट्रेशन दो वर्ष के लिए निरस्त किया है।

काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशानुसार पंजीयन निरस्त करने के बाद डॉ. धर्मेंद्र सिंह का नाम जनहित में आरएमसी के पोर्टल पर लाल रंग के साथ हाईलाइट किया गया है।

डॉ. धर्मेंद्र सिंह का पंजीयन 7 दिसंबर 2025 तक के लिए निरस्त किया गया है।

## सिंजारे पर गणगौर के हाथों पर रचाई मेहंदी

**जयपुर**। सुहागिनों और युवतियों ने बुधवार को सोलह शृंगार कर सिंजारा मनाया। नव विवाहिताओं के यहां ससुराल से सिंजारा आया। ससुराल से आए सुहाग की साड़ी और चूड़ा पहनकर गणगौर और ईसर की पूजा की। घरों में गणगौर माता की स्थापना भी की गई। राजापार्क, मानसरोवर, विद्याधर नगर, मालवीय नगर, वैशालीनगर, सोडाला और चारदीवारी के बाजारों में सोलह शृंगार के सामान और घेवर खरीदने और हाथों में मेहंदी रचवाने के लिए युवतियों की खासी रौनक रही।

वहीं, चैत्र शुक्ल तृतीया बुधवार को सुहाग पर्व गणगौर धूमधाम से मनाया जाएगा। सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु, सुख-सौभाग्य और युवतियां मनचाहे वर की कामना करते करते हुए ईसर-गणगौर की पूजा करेंगी। सुबह से ही राजधनी में गौर गौर गणपति, ईसर पूजै पार्वती... के गीत गूंजेंगे। बाग-बगीचों रौनक रहेगी।

## केन्द्रीय व्यय पर्यवेक्षकों ने किया मीडिया प्रकोष्ठ का निरीक्षण



केन्द्रीय व्यय पर्यवेक्षक श्योदान सिंह भदौरिया, रत्नेश कुमार सिंह एवं देवाशीष पॉल ने बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित एमसीएमसी एवं मीडिया प्रकोष्ठ सहित कई प्रकोष्ठों का निरीक्षण किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त केन्द्रीय व्यय पर्यवेक्षक श्योदान सिंह भदौरिया, रत्नेश कुमार सिंह एवं देवाशीष पॉल ने बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित एमसीएमसी एवं मीडिया प्रकोष्ठ सहित कई प्रकोष्ठों का निरीक्षण किया। व्यय पर्यवेक्षकों ने इलेक्शन कंट्रोल रूम, एमसीसी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को सभी नियंत्रण कक्षों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। इस दौरान सोशल मीडिया सेल एवं लाइव वेब कास्टिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से अब तक प्राप्त कुल 254 में से 253 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। जिले में सी-विजिल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 43 मिनट से भी कम है। जो कि लोकसभा चुनाव के तहत पूरी टीम का सतर्कता एवं समर्पण भाव से कार्य निष्पादन का परिणाम है। इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षकों ने सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले 3 गिरफ्तार

**जयपुर**। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मोबाइल लूटने वाली गैंग का खुलासा करते हुए गैंग के मुख्य सरगना सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक चोरी का मोबाइल खरीदने वाला है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे गए नौ महंगे मोबाइल सहित एक चोरी की बाइक भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मोबाइल लूटने वाली गैंग का सरगना जुबैर उर्फ पिंडारी निवासी रामगंज जयपुर,फारूक उर्फ टीना निवासी बोली जिला सवाई माधोपुर हाल जयसिंहपुरा खोर सहित चोरी का मोबाइल खरीदने वाला फजल उर्फ फैसल निवासी रामगंज को गिरफ्तार किया है।

# भगवान झूलेलाल की जयंती पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा


**जयपुर**। सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य आयोजन एमआई रोड स्थित श्री अमरापुर दरबार में हुआ। यहां संत मोनू महाराज के सान्निध्य में भगवान झूलेलाल की आराधना की गई। कंवरनगर, आदर्शनगर, राजापार्क, मानसरोवर, प्रतापनगर, मुरलीपुरा सहित विभिन्न कॉलोनियों के झूलेलाल मंदिरों में सुबह भगवान झूलेलाल का पंचामृत अभिषेक कर नवीन वस्त्र धारण कराए गए। ऋतु पुष्पों से श्रृंगार कर मंदिर के शिखर पर लाल रंग की धर्म ध्वजा फहराई गई। भगवान को मीठे चावल और छोले का भोग लगाया गया। मंदिर में अखो (चावल और चीनी) से पल्लव प्रार्थना की गई। युवाओं ने भगवान को रिझाने के लिए सिंधी लोक नृत्य छेज किया। इस दौरान मंदिर आयो लाल झूलेलाल...से गूंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को चेटीचंड की बधाई दी।

चेटीचंड सिंधी मेला समिति की ओर से चौगान स्टेडियम से शोभायात्रा निकाली गई। पूज्य सिंधी पंचायत, पुरानी बस्ती के सहयोग से निकाली शोभायात्रा को श्री अमरापुर दरबार की संत मंडली ने ज्योति प्रज्ज्वलित कर रवाना किया। चेटीचंड सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष अशोक सेवानी, प्रवक्ता तुलसी संगतानी, पखवाड़ा सचिव सुरेश हंसराजानी एवं अन्य पदाधिकारियों ने भगवान झूलेलाल की आरती उतारी। सजे धजे हाथी, ऊंट, घोड़े, बग्गी और लवाजमे के साथ सिंधीयत को साकार करती शोभायात्रा में कई बैंड सिंधी संगीत की स्वर लहरियां बिखेरते चल रहे थे। शोभायात्रा में 40 एक से बढक़र एक झांकियां शामिल रहीं। प्रथम पूज्य गणेशजी, राम दरबार, शिव परिवार, दुर्गा माता, हनुमानजी के कंधे पर श्रीराम-लक्ष्मण, कमल पुष्प पर भगवान झूलेलाल, जल में नर मछली पर झूलेलाल की कलात्मक झांकियों के साथ स्वचालित झांकी में भगवान की आरती हो रही थी। सिंध की संस्कृति को दर्शाती सजीव झांकियों में सिंध के वीर प्रतापी राजा दाहिर सेन, शहीद हेमू कालाणी, संत कंवर राम साहिब की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहीं। शोभायात्रा चौगान स्टेडियम से आरंभ हो कर गणगौरी बाजार,चांदपोल बाजार, खजाने वालों का रास्ता, इंद्रा बाजार, नेहरू बाजार, बड़ी चौपड़, हवामहल बाजार, चांदी की टकसाल होती कंवर नगर स्थित झूलेलाल मंदिर पहुंची।

## 80 साल पहले किराए पर दी संपत्ति खाली करने के आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। न्यायालय किराया अधिकरण, क्रम-1 ने चारदीवारी में 80 साल पहले किराए पर दी गई संपत्ति को खाली करने को कहा है। अधिकरण ने कहा है कि किराएदार संपत्ति का कब्जा छह माह में अर्जीदार को सुपुर्द करे। अदालत ने यह आदेश सिद्धार्थ पारीक व अन्य की अर्जी पर फैसला देते हुए दिए। इस संपत्ति पर चल रहे लकडी के गोदाम में अप्रेल, 2018 को भीषण आग लगने से यह जगह चर्चा में आई थी। अर्जी में कहा गया कि वर्ष 1945 में टोरडा हाउस की यह 1360 वर्गगज जमीन मूलचन्द को किराए पर दी गई थी।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# शिवसेना ( शिंदे गुट ) भाजपा के समर्थन में करेगा चुनाव प्रचार : गुढ़ा





पूर्व मंत्री और शिवसेना ( शिंदे गुट ) के नेता राजेन्द्र गुढ़ा प्रेस से रुबरू हुए।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के चलते आज भाजपा परिवार से जुड़ने के लिए सभी में उत्साह : विजया राहटकर**

**जयपुर**, (का.सं.)। पूर्व मंत्री और शिवसेना ( शिंदे गुट) के नेता राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने होटल क्लार्क आमेर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग का आरोप लगाया। गुढ़ा ने कहा कि लोकसभा चुनावों में एकनाथ शिंदे के साथ भाजपा की जो बात हुई है उसी के अनुसार हम भाजपा को पूरा समर्थन देंगे और सहयोग करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में चुनाव प्रचार के लिए जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसे पूरा करेंगे।

पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के समय गहलोत के कहने पर मेरे खिलाफ पुलिस एक्ट और पोक्सों के मामलों सहित करीब आधा दर्जन झूठे मुकदमे चलाए गए। पिछले पांच सालों में राजस्थान महिला अत्याचारों के मामले में देश में सबसे आगे था। जब मैने इसके खिलाफ सदन में आवाज उठाई तो मुझे बर्खास्त कर दिया गया और बदले की भावना से मेरे खिलाफ कार्रवाई की गई। 2024 लोकसभा चुनाव में हम राजस्थान की सभी 25 सीटों पर भाजपा के साथ प्रचार प्रसार करेंगे और मुख्य रूप से जालौर, सिरोही, झुंझुनूं और सीकर लोकसभा क्षेत्रों में बड़ी सभाएं आयोजित करेंगे। मेरा दावा है कि हम तीसरी बार 25 सीटें जीतकर हैट्रिक लगाएंगे।

प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा की राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने कहा कि शिवसेना के सहयोग से हमें राजस्थान में कई सीटों पर सहयोग मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के चलते आज भाजपा परिवार से जुड़ने के लिए सभी में उत्साह है। इस अवसर पर मंच पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और भाजपा प्रदेश मीडिया के संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मौजूद रहे।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** | IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 65684703 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. रमेश चन्द नायक 2. संतोश देवी | 23.03.2024 | 5,16,586.56/- | पट्टा नं. 04, क्षेत्रफल 155 वर्गगज अर्थात 129.90 वर्ग मीटर, ग्राम पंचायत बधाल, पंचायत समिति सांभरलेक, जयपुर, राजस्थान-303602 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-स्वयं का चौक और आम रास्ता, पश्चिम- मोहन बलाई की गुवाडी, उत्तर-बबलू नायक का मकान, दक्षिण- बाबू लाल नायक का मकान |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक- 11.04.2024
स्थान- जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

**नाम परिवर्तन**

मैंने मेरा नाम राजेन्द्र सिंह राठौड़ से बदलकर राजेन्द्र सिंह रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। राजेन्द्र सिंह 69/307, वीटी रोड, मध्यम मार्ग, मानसरोवर, जयपुर

मैं रेखा सिंह पत्नी आर्मी नंबर जे सी 294713एल नायब सुबेदार हुतेन्द्र पाल सिंह युनिट 199 मिडीयम रेजिमेंट मेरे पती के सैन्य दस्तावेज में रेखा जादौन है जो कि गलत है, मेरा वास्तविक नाम रेखा सिंह है। जो सही है।

मैं रेखा सिंह पत्नी आर्मी नंबर जे सी 294713एल नायब सुबेदार हुतेन्द्र पाल सिंह युनिट 199 मिडीयम रेजिमेंट मेरे पती के सैन्य दस्तावेज में मेरी उम्र 10 मई 1985 है जो कि गलत है मेरी वास्तविक उम्र 01 जनवरी 1984 है। जो सही है।

मैं लालवती पत्नी श्री वीकेश कुमार आर्मी नं. 15704261K निवासी गुनसारा, तहसील कुम्हेर, जिला-भरतपुर, राजस्थान ने अपनी पति के सर्विस रिकॉर्ड में भविष्य के सभी उद्देश्य के लिए अपना नाम लालवती से बदलकर लालवती व जन्मतिथि 15.08.1989 से बदलकर 15.08.1983 कर दी।

मैं वीकेश कुमार आर्मी नं. 15704261K L/Nk पुत्र श्री एदल सिंह निवासी-गुनसारा, कुम्हेर, भरतपुर, राजस्थान ने अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपनी माताजी का नाम जमुना देवी से बदलकर जमुना रख दिया है तथा जन्मतिथि 01.07.1970 से बदलकर 01.01.1974 कर दी, मेरे पिताजी की जन्मतिथि 01.07.1965 से बदलकर 01.01.1972 कर दी।

मैं जैसी- 287322X सूबेदार सुभाष चन्द यूनिट 199 मीडियम रेजीमेंट मेरी माता का नाम और जन्म तिथि मेरे फौज के दस्तावेज में कसरी और 01 जुलाई 1944 है जो कि गलत है मेरी माता का सही नाम और जन्मतिथि केसरी और 01 जनवरी 1947 है।

मैं जैसी- 287322X सूबेदार सुभाष चन्द यूनिट 199 मीडियम रेजीमेंट मेरे पिताजी का नाम और जन्म तिथि मेरे फौज के दस्तावेज में जगननाथा प्रसाद और 01 जुलाई 1941 है जो कि गलत हैं मेरे पिताजी का सही नाम और जन्म तिथि जगनाथ प्रसाद यादव और 01 जनवरी 1933 है।

मैं जैसी- 287322X सूबेदार सुभाष चन्द यूनिट 199 मीडियम रेजीमेंट मेरी पत्नी का नाम और जन्म तिथि मेरे फौज के दस्तावेज में अनीता देवी यादव और 10 अक्टूबर 1980 है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही नाम और जन्म तिथि अनीता और 04 जुलाई 1982 है।

मैं जैसी- 287322X सूबेदार सुभाष चन्द यूनिट 199 मीडियम रेजीमेंट मेरी पुत्र का नाम मेरे फौज के दस्तावेज में सुमित कुमार यादव है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही नाम

# फर्जी डिग्रियां जारी करने वाले दो दलाल व पी.टी.आई. को एस.ओ.जी. ने दबोचा

## एस.ओ.जी. ने चूरू जिले के राजगढ़ में ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी कैंपस में सर्च अभियान चलाकर फर्जी डिग्रियां, खेल प्रमाण पत्र और रिकॉर्ड जब्त किए

**जयपुर** । एसओजी ने फर्जी डिग्री जारी करने वाले दो दलालों और एक पीटीआई को गिरफ्तार किया है। एसओजी की 5 टीमों ने बुधवार को चूरू जिले के राजगढ़ में स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में सर्च की कार्रवाई की। इस दौरान एसओजी को वहां से फर्जी डिग्री और खेल प्रमाण पत्र मिले। एसओजी ने इन दस्तावेजों के साथ ही यूनिवर्सिटी के रिकॉर्ड को जब्त किया है और जयपुर मुख्यालय लेकर आई है।





एडीजी वी.के. सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पहले सूचना मिली कि सुभाष पूनिया (52) पुत्र गुरुदयाल निवासी बेरासर घुमाना थाना राजगढ़ (चूरू), उसका बेटा परमजीत हाल पीटीआई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुर्जा पंचायत समिति बसेड़ी (धौलपुर) अपने साथियों के साथ मिलकर कई यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्री, फर्जी खेल प्रमाण पत्र, फर्जी मेडल और बैक डेट में एडमिशन दिलाने का काम संगठित गिरोह के रूप में करता है।

एडीजी सिंह ने बताया कि सूचना पर एसओजी ने शिकायत दर्ज की और जांच एडिशनल एसपी सतनाम सिंह को दी। जांच में सामने आया कि आरोपी सुभाष पूनिया कई यूनिवर्सिटी के दलाल के रूप में काम करता है। वह विशेष रूप से चूरू जिले के राजगढ़ स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में दलाली करता है। ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट से मिलीभगत कर बैक डेट में फर्जी डिग्री, मेडल और प्रमाण पत्र जारी करवाता है। साथ ही फर्जी डिग्री और प्रमाण पत्र का सत्यापन शिक्षा विभाग में कार्यरत कुछ स्टाफ और यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट से मिलीभगत कर करवाता है। इस पर एसओजी ने एफआईआर दर्ज की।

सिंह ने बताया कि इस मामले की जांच एडिशनल एसपी एसओजी धर्माराम गिल्ला को दी गई। इन बदमाशों को पकड़ने के लिए एसओजी ने डिकॉय ऑपरेशन की योजना बनाई गई। योजना के तहत एक व्यक्ति को लाइब्रेरियन की डिग्री बैक डेट में दिलाने की बात करने के लिए आरोपी सुभाष पूनिया के पास भेजा। यह सौदा 50 हजार में तय हुआ और सुभाष के कहने पर 20 हजार एडवांस के रूप में उसके बेटे परमजीत के खाते में डाले गए।

पैसे डालने के कुछ दिनों के बाद आरोपी सुभाष ने लाइब्रेरियन की फर्जी डिग्री वॉट्सएप पर भेज दी। 9 अप्रैल को आरोपी सुभाष ने मूल डिग्री ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के पास राजगढ़ में देना तय किया। इस पर एडिशनल एसपी धर्माराम गिल्ला भी उस व्यक्ति के साथ गए। मुलाकात के दौरान आरोपी सुभाष ने बताया कि संबंधित डिग्री सरदार शहर में प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र अमरचंद शर्मा निवासी वार्ड नं. 25, पुगलसर बास सरदारशहर (चूरू) के पास है। आरोपी ने बाकी के पैसों की मांग की, इस पर एसओजी ने सुभाष को मौके से ही डिटेन कर लिया। इसके बाद टीम ने सुभाष के घर पर सर्च किया। इस दौरान दूसरी टीम सरदारशहर पहुंची और प्रदीप शर्मा को फर्जी डिग्री के साथ डिटेन किया। तीसरी टीम धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में एसआई ईश्वर प्रसाद थाना बसेड़ी के नेतृत्व में गठित की गई, जिसने परमजीत पुत्र सुभाष पूनिया हाल पीटीआई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुर्जा पंचायत समिति बसेड़ी (धौलपुर) को उसके घर से कुछ दस्तावेजों के साथ डिटेन किया और एसओजी टीम को सौंप दिया। एसओजी को जांच में यह भी पता चला है कि सुभाष पूनिया राजगढ़ में बस स्टैंड के पास स्थित शेखावटी प्रिंटर्स नामक दुकान से फर्जी डिग्रियां प्रिंट करवाता है। इसकी जांच के लिए चौथी टीम सुनील कुमार अतिरिक्त

■ पुलिस की पांच टीमों ने अलग-अलग जगह पर कार्रवाई को अंजाम दिया

पुलिस अधीक्षक रतनगढ़ चौकी एसओजी के निर्देशन में गठित की गई। चौथी टीम ने शेखावटी प्रिंटर्स के संचालक राकेश (40) पुत्र काशीराम शर्मा निवासी वार्ड नं. 27 राजगढ़ (चूरू) से पूछताछ की गई और दुकान में मौजूद लैपटॉप और कम्प्यूटर को जब्त किया गया।

फर्जी डिग्री के आधार पर गणपत लाल पुत्र मोहनलाल, निवासी जाखल (सांचौर) हाल पीटीआई राजकीय उच्च प्राथमिक शाला सीलोसन, विक्रम पुत्र नरपत राम कोहलानियों की ढाणी, चितलवाना (जालोर) हाल पीटीआई राजकीय उच्च प्राथमिक शाला वार्ड नं. 2 कोलियों की गढ़ी, होतिगांव, नरेन्द्र पुत्र मोतीराम, निवासी दाता पोस्ट सरनाऊ (सांचौर) हाल पीटीआई सांचौर ने नौकरी ली। जांच में सामने आया है कि इन लोगों ने पीटीआई की योग्यता के लिए ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से न केवल फर्जी बीपीएड की डिग्री प्राप्त की, बल्कि परीक्षा में डमी कैडीडेंट भी बैठाया। इसकी एसओजी अलग से जांच कर रही है।

# बगड़िया भवन में लगी भीषण आग

## पांच दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया



**जयपुर** (कासं)। सी-स्कीम में सी-84 चैतन्य मार्ग स्थित बागडिया भवन में बुधवार अलसुबह अचानक आग लग गई, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और जिसे देखकर मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 5 दमकलों ने बडी मशक्कत के आग पर काबू पाया गया। जानकारी के मुताबिक सी-84 चैतन्य मार्ग सी स्कीम मे रहने वाले सुरेश लावट के मकान में बुधवार सुबह आग लगने की सूचना दमकल विभाग को मिली, जहां मौके पर पांच दमकले पहुंची और करीब तीन घंटो की मशक्कत के आग पर काबू पाया गया। किन कारणो यह आग लगी है, फिलहाल इसी पुष्टि नही हो पाई है, लेकिन आंशका व्यक्त की जा रही है कि आग शॉट सर्किट होने के कारण भी लग सकती है। आग के कारण प्रथम तल करीब-करीब पूरा जल कर राख हो गया। मामले की पुलिस द्वारा जांच की जा रही है कि आग किन कारणो से लगी है।

# दो पिस्टल और 12 कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ऑपरेशन ( आग ) के तहत सदर एवं हरमाड़ा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो पिस्टल, बारह जिन्दा कारतूस एवं एक मैग्जीन जब्त की गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

■ मध्यप्रदेश से हथियार लाकर जयपुर में सप्लाई करते थे बदमाश

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सीएसटी ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने वाले मनीष शर्मा (22) निवासी पाटन जिला नीमकाथाना और विकास मांजू (27) निवासी राजगढ़ जिला चुरु हाल हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो पिस्टल, बारह जिन्दा कारतूस एवं एक मैगजीन जब्त की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित मनीष शर्मा यह अवैध हथियार की सप्लाई जयपुर में करने के लिये मध्यप्रदेश से लेकर आया था। वहीं आरोपित विकास मांजू यह अवैध हथियार उसने विक्रम कुमार बुनकर उर्फ विक्की कलावत चन्दवाजी जयपुर से लाना बताया। आरोपित अवैध हथियार का फोटो एवं वीडियो बनाकर प्रदर्शन करता है एवं अपना शौक पूरा कर इलाके में दहशत फैलना स्वीकार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से और भी कई वारदातें खुलने की सम्भावनाएं है।

# गांधी नगर पी.एच.सी. का औचक निरीक्षण

**जयपुर** । राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बुधवार को गांधी नगर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर ड्रग स्टोर, दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला, ओपीडी काउंटर आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गिरि ने स्वास्थ्य केंद्र के दवा वितरण केंद्र का निरीक्षण करते हुए अवधिपार दवाओं के निस्तारण, दवाओं एवं सर्जिकल्स की उपलब्धता तथा आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि रोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दवाओं की आवश्यकता का नियमित विश्लेषण किया जाए। जिस दवा का स्टॉक 10 प्रतिशत रह जाए, उसी समय उस दवा के लिए इंडेन्ट जारी करने की कार्यवाही की जाए, ताकि दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे।



**राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बुधवार को गांधी नगर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में अवधिपार होने वाली दवाओं का स्टॉक इस तरह रखें कि पहले उनका उपयोग सुनिश्चित हो।

आरएमएससी की प्रबंध निदेशक ने दवा वितरण केंद्र पर ई-औषध पोर्टल के माध्यम से विभिन्न दवाओं की उपलब्धता एवं निकट भविष्य में अवधिपार हो रही दवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने फार्मासिस्ट को निर्देश दिए कि सॉफ्टवेयर के माध्यम से दवाओं की उपलब्धता एवं उपभोग के पैटर्न का नियमित रूप से विश्लेषण करें, इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। साथ ही, गर्मी के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों से संबंधित एवं मंप्स रोग की दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखें।

गिरि ने स्वास्थ्य केंद्र पर प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जांच मशीनों की क्रियाशीलता और उनके उपयोग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जांच मशीनों का नियमित मेंटीनेंस सुनिश्चित करें, ताकि रोगियों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि ई-उपकरण पोर्टल पर सभी जांच उपकरणों की एंट्री हो। साथ ही, पोर्टल के माध्यम से जांच मशीनों के मेंटीनेंस, मशीनों के ठीक होने में लगने वाले समय आदि के बारे में भी जानकारी ली। गिरि ने दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला सहित अन्य स्थानों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

## सार-समाचार

### रविकाश फाइनेंस की शाखाएं अहमदाबाद व बड़ौदा में शुरू



**जयपुर**, (का.सं.)। वित्तीय क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रविकाश फाइनेंसियल सर्विसेज का विस्तार करते हुए बुधवार को गुजरात के अहमदाबाद और बड़ौदा में नई शाखाओं का शुभारम्भ किया गया। रविकाश के डायरेक्टर विकास ओझा और रवि ढींगरा ने दोनों शाखाओं का फीता काटकर शुभारम्भ किया। विकास ओझा ने बताया कि अहमदाबाद में 20वीं शाखा का नेतृत्व लोकेशन हेड की भूमिका में किंजल जोशी और क्लस्टर हेड की भूमिका में सौरभ शर्मा करेंगे। बड़ौदा में 21वीं शाखा का नेतृत्व लोकेशन हेड के रूप में जायेश आर चौहान और क्लस्टर हेड की भूमिका में सौरभ शर्मा करेंगे। दोनों नवीन शाखाओं के रीजनल सेल्स मैनेजर सोमेंद्र सिंह राजावत होंगे। इस अवसर पर रविकाश के पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के प्रमुख नागरिक भी उपस्थित थे।

### पैनासोनिक की एयर कंडीशनर रैंज पेश

**जयपुर**, (का.सं.)। एक प्रमुख डाइवर्सीफाइड टेक्नोलॉजी कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया (पीएलएसआईएनडी) ने आज राजस्थान के बाजार में 2024 के लिए अपने नए एयर कंडीशनर्स की श्रृंखला को लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने 60 मॉडल्स में 1, 1.5 और 2 टन के एयरकंडीशनर्स पेश किए हैं। एयर कंडीशनर्स की यह नई रेंज सभी प्रमुख रिटेल आउटलेट्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध है। पीएमआईएन, पीएलएसआईएनडी, में एयर कंडीशनर्स ग्रुप के बिजनेस हेड अभिषेक वर्मा ने कहा कि हाल ही में राजस्थान के उपभोक्ताओं के बीच कराई गई हमारी स्टडी में हमें एयरकंडीशनर के प्रयोग संबंधी लोगों की तरह-तरह की प्रमुख चिंताओं का पता चला है। स्टडी के अनुसार उपभोक्ताओं की मुख्य परेशानी रात में बार-बार एसी के तापमान को एडजस्ट करने, कूलिंग परफॉर्मेंस, आउटडोर यूनिट में जंग लगने और रखरखाव एवं सर्विसिंग की जरूरत से जुड़ी है। पैनासोनिक का नया एसी उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। पैनासोनिक द्वारा लॉन्च किए गए भारत के पहले मैटर-इनेबल्ड एयर कंडीशनर न केवल इंटरऑपरेबिलिटी प्रदान करते हैं, बल्कि हमारी इको-टफ केसिंग की वजह से यह विश्वसनीय और टिकाउ भी हैं। एआई जैसे नए फीचर्स मौजूद हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आदर्श रूप से आराम पहुँचाने वाली ठंडक प्रदान करने के लिए यह एसी अपने आप सेटिंग्स को एडजस्ट करते हैं। पर्सनलाइज्ड स्लीप प्रोफाइल का फीचर रात में बार-बार तापमान को एडजस्ट करने की जरूरत को खत्म करता है। वर्मा ने आगे कहा कि इन्वर्टर एसी की जबर्दस्त बिक्री को देखते हुए हम पूरे राजस्थान से इन्वर्टर एसी की माँग में बढ़ोतरी होने की उम्मीद कर रहे हैं।

### 'वर्ल्ड ओरल हैल्थ डे' पर जागरूक किया

**जयपुर**, (का.सं.)। वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे 20 मार्च से शुरू हुए जागरूकता पखवाड़े का समापन आज हुआ। समापन कार्यक्रम के अवसर पर इण्डियन डेंटल एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हरीश भारद्वाज ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ दांत आवश्यक है। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए आईडीए राजस्थान शाखा व आईडीए जयपुर ग्रेटर शाखा की सराहना की। इस अवसर पर इण्डियन डेंटल एसोसिएशन राजस्थान के सचिव डॉ जे एस वालिया ने बताया कि इसी क्रम में राजस्थान में आम जन को मुख स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देने के लिए 20 मार्च से 10 अप्रैल तक विभिन्न स्थानों पर सुबह 6.30 से 7.30 बजे तक आईडीए सदस्यों द्वारा स्वच्छ मुख अभियान में ओरल हाइजीन हेतु जागरूकता के लिए विशेष कैम्प आयोजित किए गए। आईडीए जयपुर ग्रेटर के सचिव डॉ. सुनील राघव ने बताया कि एफ़डीआई द्वारा 2024 की थीम है। डॉ प्रशांत भारद्वाज अध्यक्ष आईडीए जयपुर ग्रेटर शाखा ने बताया पहला कैम्प 20 मार्च को सिटी पार्क मानसरोवर में आयोजित कर स्वास्थ्य की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में डॉ. धीरज गुप्ता, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. अंकुर कनोडिया, डॉ. गौरव पाल सिंह, डॉ. धवल गोयल, डॉ. हिमांशु शर्मा आदि का योगदान रहा।

### विधायक ने किया पोस्टर का विमोचन

**जयपुर** । उत्थान सेवा संस्थान एवं पतंजलि किसान सेवा समिति की ओर से रामनवमी पर 17 अप्रेल को नांगल जैसा बोहरा की बावड़ी भूमि में 551 कन्या पूजन एवं पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। हवामहल विधायक विधायक बालमुकुंदाचार्य ने हाथोज के दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर में पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है। इस अवसर पर कैप्टन शीशराम चौधरी, गोपाल पारीक, भरत राजावत, रमेश शर्मा,तिरुपति कंडोई, राकेश मटोलिया, मोहन चौधरी,गोवर्धन सैनी, कमलेश गुप्ता, अशोक अग्रवाल उपस्थित थे।

# पुलिस कमिश्नर ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**जयपुर** (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 में रिज़र्व पुलिस लाइन जयपुर में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया।



अतिरिक्त पुलिस पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद्र विश्नोई एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रशासन एवं यातायात प्रीति चंद्रा ने भी पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान किया। रिज़र्व पुलिस लाइन जयपुर में 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक पुलिस आयुक्तालय के सभी ज़िलों एवं रिज़र्व पुलिस लाइन में पदस्थापित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्रात: आठ बजे से सांय छह बजे तक मतदान किया जा रहा है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि स्वयं के मताधिकार का अधिकतम प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनें ।जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज ने जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर से एक अतिरिक्त दिवस के लिए पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कार्य को बढ़ाने की मांग रखी जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहमति प्रदान की।

# हरियाणा का शातिर वाहन चोर जयपुर में गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने शातिर वाहन चोर हसीब को दस्तयाब कर पुलिस थाना सेक्टर-50 जिला गुरुग्राम हरियाणा को सुपुर्द किया। सीएसटी से दस्तयाब आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। जयपुर पुलिस कमिश्नर जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हसीब निवासी नुहू जिला नूह हरियाणा हाल जयसिंह पुरा खोर जयपुर को दस्तयाब कर उसके पास से एक चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि जयपुर में मोटरसाइकिल की चोरी कर हरियाणा एवं हरियाणा से मोटरसाइकिल चोरी कर जयपुर में बेचान करना बताया।

# गणगौर माता की शाही सवारी आज और कल

**जयपुर** (कासं)। सिटी पैलेस के जनानी ड्योढ़ी से गुरूवार शाम 6 बजे गणगौर माता की सवारी शाही लवाजमे के साथ 11-12 अप्रेल को निकाली जाएगी। पर्यटन विभाग ने इसकी पूरी तैयारियां कर ली गई है।

■ शाही लवाजमा और लोक कलाकारों की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रहेगी

गणगौर की सवारी को देखने के लिए हजारों की तादाद में देशी-विदेशी सैलानी त्रिपोलिया गेट से लेकर गणगौरी बाजार में उमडेंगे। विदेशी सैलानियों के लिए त्रिपोलिया गेट के सामने स्थित हिन्द होटल की टैरेस पर बैठने की व्यवस्था रहेगी। त्रिपोलिया गेट पर सवाईमान गार्ड बैंड की प्रस्तुति होगी। गणगौर सवारी के दौरान छोटी चौपड़ पर लगभग 40 महिला कलाकार घूमर नृत्य की प्रस्तुति देंगी। जयपुर व्यापार महासंघ के पदाधिकारी गणगौर माता की सवारी पर पुष्प वर्षा करेंगे। शोभायात्रा में लोक कलाकार कच्ची घोड़ी, अलगोजावादन, कालबेलिया नृत्य, बहरूपिया कला प्रदर्शन, बाड़मेर के कलाकारों द्वारा गैर- आंगी एवं सफेद गैर, किशनगढ़ के कलाकारों द्वारा घूमर, चरी नृत्य, शेखावाटी के लोक कलाकारों द्वारा चंग, ढप, बीकानेर के कलाकारों द्वारा पद दंगल, मश्कवादन आदि की प्रस्तुतियां दी जाएगी। जैसलमेर-बीकानेर के रौबीले जवान शोभायात्रा का आकर्षण रहेंगे।

# महंगी बाइक चुराने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर** । प्रताप नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महंगी साइकिल और गैस-सिलेंडर चोरी करने वाले गिरोह के शातिर बदमाश दिनेश सैनी और विष्णु शर्मा को गिरफ्तार कर उनके पास से 13 चोरी की महंगी साइकिल और एक गैस सिलेंडर जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महंगी साइकिल और गैस-सिलेंडर चोरी करने वाले दिनेश कुमार सैनी निवासी टोक हाल सांगानेर जयपुर और विष्णु शर्मा निवासी दौसा हाल सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है और उनके पास से तेरह चोरी की महंगी साइकिल और एक गैस सिलेंडर बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित आदतन अपराधी है और अपने परिवार वालों से अलग रहते है। जो रात्रि में फुटपाथ पर सोते है और दिन में रेकी कर साइकिल चोरी की वारदात करते है साथ ही उनसे मिले पैसों से शौक-मौज और पीने के के लिए खर्च कर देते है।

# नारायणा हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने ''एक्मो थैरेपी'' से दी महिला मरीज को नई जिंदगी

**जयपुर** (कासं)। नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के डॉक्टर्स ने श्वसन संबंधी समस्या से जूझ रही 47 वर्षीय महिला का एक्मो तकनीक से उपचार कर नई जिंदगी दी है। दरअसल यह महिला मरीज तेज बुखार, सांस की तकलीफ और ठंड लगने की समस्या के साथ हॉस्पिटल पहुंची थी, जहाँ जांच के बाद उसे टॉयफाइड पॉजिटिव पाया गया। मरीज काफी क्रिटिकल थी और उसके फेफड़ों को गंभीर रूप से 100 प्रतिशत ऑक्सीजन सपोर्ट की आवश्यकता थी। सांस लेने में सहायता के लिए वेंटिलेटर पर रखे जाने के बावजूद, उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी।

- **यह महिला मरीज तेज बुखार, सांस की तकलीफ और ठंड लगने की समस्या के साथ हॉस्पिटल पहुंची थी, जांच में उसे टॉयफाइड पॉजिटिव पाया गया।**
- **मरीज के फेफड़ों को गंभीर रूप से 100 प्रतिशत ऑक्सीजन सपोर्ट की आवश्यकता थी। सांस लेने में सहायता के लिए वेंटिलेटर पर रखे जाने के बावजूद, उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी।**
- **इस पर डॉक्टर्स ने तुरंत एक्मो थैरेपी शुरू कर मरीज को आर्टिफिशियल फेफड़ों के रूप में मदद दी, करीब 12 दिनों में उसके क्षतिग्रस्त फेफड़े भी ठीक हो गए**

इस चुनौतीपूर्ण चिकित्सा स्थिति में नारायणा हॉस्पिटल की क्रिटिकल केयर टीम ने उसके परिवार से परामर्श के बाद तुरंत ही एक्स्ट्राकोर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन थैरेपी से इलाज करने का निर्णय लिया। यह एक जीवन रक्षक तकनीक है, जो आर्टिफिशियल फेफड़ों के रूप में काम करती है, जिससे मरीज के क्षतिग्रस्त फेफड़ों को ठीक होने का समय मिल जाता है। एक्मो थैरेपी शुरू करने के बाद इसे 12 दिनों तक जारी रखा गया, जिससे मरीज के फेफड़ों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए पर्याप्त समय मिल पाया । अगर मरीज को यह थैरेपी नही दी जाती तो उसकी कभी भी मौत हो जाती। नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप कुमार गोयल ने मरीज की गंभीर स्थिति पर ध्यान देते हुए तुरंत ही निर्णय लिए। एनेस्थेटिस्ट, पल्मोनोलॉजिस्ट, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट और परफ्यूसनिस्ट की टीम ने मरीज की जरूरी देखभाल के लिए संपूर्ण सहयोग किया। इलाज के दौरान ट्रेकियोस्टोमी (श्वसन नली को खोलने की प्रक्रिया) भी की गई, जो इस परिस्थिति में एक नाजुक प्रक्रिया थी, क्योंकि एक्मो के दौरान किसी भी तरह की प्रक्रिया करने से संक्रमण और रक्तस्त्राव का खतरा रहता है। करीब 12 दिन तक चली थैरेपी अवधि के दौरान, नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के मेडिकल और नर्सिंग स्टाफ ने मरीज को 24 घंटे गहन देखभाल प्रदान की।

नारायणा हॉस्पिटल जयपुर में क्रिटिकल केयर के एचओडी डॉ. विवेक भार्गव ने कहा, महिला मरीज 100 प्रतिशत वेंटिलेटर सपोर्ट पर थी, जिसके बाद प्रोन पोजिसन में भी मरीज का ऑक्सीजन स्तर 85 प्रतिशत के आसपास ही था, इसलिए हमने एक्मो शुरू करने का फैसला लिया। वेंटिलेटर सपोर्ट शुरू करने के बाद हमने एक्मो 36 घंटों के बाद शुरू किया।

इसमें क्रिटिकल केयर टीम के डॉ. प्रभंजन और डॉ. उदित का काफी सहयोग रहा। डॉ. शिवानी स्वामी, सीनियर कंसल्टेंट (पल्मोनोलॉजी) ने कहा, मरीज का श्वसन तंत्र मरीज को सांस लेने में सहयोग नहीं कर रहा था। इतनी गंभीर हालत में हमें उसे तुरंत वेंटिलेटर पर शिफ्ट करना पड़ा। एक मरीज के लिए अंतिम उपाय है जब वेंटिलेटर सपोर्ट भी मरीज की सांस को बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं होता। शुरू करने के बाद भी ऐसे मरीजों की मृत्यु दर 80 प्रतिशत तक होती है, हालांकि यह फेफड़ों के रिवर्सल की संभावना और समय जैसे कई कारकों पर निर्भर करती है।

# दुकानों में घुसा अनियंत्रित ट्रेलर

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क की दुकानों में जा घुसा। ट्रेलर जयपुर से अजमेर की ओर जा रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर दुकानों में घुस गया। घटना कमला नेहरू नगर के पास मजार की है। हादसे में ट्रेलर का ड्राइवर केबिन में फंस गया।

स्थानीय लोगों ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद ड्राइवर को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना पर भांकरोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रेलर को मौके से हटाया। ट्रेलर की टक्कर से 2 दुकान क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे की सूचना पर पीसीआर और जाब्ता मौके पर भेजा गया। ट्रेलर जयपुर से अजमेर की ओर जा रहा था। कमला नेहरू पुलिया के पास मजार से आगे ड्राइवर ने ट्रेलर से कंट्रोल खो दिया और ट्रेलर दुकानों में जा घुसा।



## World Parkinson's Day

On the birthday of Dr. J. Parkinson, the first to describe and diagnose the disease, learn about Parkinson's, donate or volunteer, and raise awareness. The first *World Parkinson's Day* took place in 1997. It was started by a collaboration between the World Health Organization and the European Parkinson's Disease Association (EPDA), with the two groups having a focus on raising awareness and support for research and information surrounding prevention of and a cure for this medical condition. It is now an official WHO holiday, supported by the United Nations.

#MIND-BOGGLING

# World Record Temperature Jump in Antarctic

An unprecedented leap of 38.5 C, in the coldest place on Earth, is a harbinger of a disaster for humans and the local ecosystem.





On 18 March, 2022, scientists at the Concordia Research Station on the East Antarctic Plateau documented a remarkable event. They recorded the largest jump in temperature ever measured at a meteorological centre on Earth. According to their instruments, the region, that day, experienced a rise of 38.5 C above its seasonal average, a world record.

This startling leap, in the coldest place on the planet, left polar researchers struggling for words to describe it. "It is simply mind-boggling," said Prof Michael Meredith, science leader at the British Antarctic Survey. "In sub-zero temperatures, such a massive leap is tolerable but if we had a 40 C rise in the UK now, that would take temperatures for a spring day to over 50 C, and that would be deadly for the population."

This amazement was shared by glaciologist Prof Martin Siegert, of the University of Exeter. "No one in our community thought that anything like this could ever happen. It is extraordinary and a real concern," he said. "We are now having to wrestle with something that is completely unprecedented."

"Poleward winds, which previously made few inroads into the atmosphere above Antarctica, are now carrying more and more warm, moist air from lower latitudes, including Australia, deep into the continent," says scientists, and these have been blamed for the dramatic polar 'heat-wave' that hit Concordia. Exactly why these currents are now able to plunge so deep into the continent's air space is not yet clear, however.

Nor has this 'huge temperature hike' turned out to be an isolated event, scientists have discovered. For the past two years, they have been inundated with rising numbers of reports of disturbing 'meteorological anomalies' on the continent. Glaciers, bordering the west Antarctic ice-sheet, are losing mass to the ocean at an increasing rate, while levels of sea ice, which float on the oceans around the continent, have plunged dramatically, having remained stable for more than a century.

These events have raised fears that the Antarctic, once thought to be too cold to experience the early impacts of global warming, is now succumbing dramatically and rapidly to the swelling levels of greenhouse gases that humans continue to pump into the atmosphere.

The continent is now catching up with the Arctic, where the impacts of global warming have, until now, been the most 'intense experienced' across the planet. The Arctic is currently warming at four times the rate experienced by the rest of the planet. But the Antarctic has started to catch up, so that it is already warming twice as quickly as the planet overall.

A key reason for the Arctic and Antarctic to be taking disproportionate hits from global warming is because the Earth's oceans, warmed by fossil fuel burning, are losing their sea ice at their polar extremities. The dark waters, that used to lie below the ice, are being exposed and solar radiation is no longer reflected back into space. Instead, it is being absorbed by the sea, further heating the oceans there.


Essentially, it is a vicious circle of warming oceans and melting of sea ice, though, the root cause is humanity and its continuing burning of fossil fuels and its production of greenhouse gases. This whole business has to be laid at our door.



'*Ajeeb*!' I say to myself. Then, I check to see, if the people talking, were blind or blindfolded. But no, they weren't. Bright eyes and each had a camera and lens worth at least 3- 4 lakhs each. One, a *Nikon* and the other, a *Sony*. But we shall not hold that against them. What was more, this conversation or different versions of it, were happening all around me. So, it wasn't only this 'one woman' who saw nothing.


# "What did you see?"
















Mirza Yawar Baig

Kabini River Resort is on the bank of the Kabini Reservoir, bordering Nagarahole Tiger Reserve. I am in the *Gol Ghar* (which is actually rectangular) at tea and snack time, after the afternoon *safari*.

"What did you see?" asked an American, who had come to Kabini for the first time.

"Nothing. Totally dry. Five *safaris*, and we saw nothing," said an extremely bossy Indian woman, whose rude behavior was on display wherever she went, with the only saving grace that nobody was exempt from it. One must be grateful, when people with bad manners, display them equally for everyone.


'*Ajeeb*!' I say to myself. Then, I check to see, if the people talking, were blind or blindfolded. But no, they weren't. Bright eyes and each had a camera and lens worth at least 3- 4 lakhs each. One, a *Nikon* and the other, a *Sony*. But we shall not hold that against them. What was more, this conversation or different versions of it, were happening all around me. So, it wasn't only this 'one woman' who saw nothing.

How could this be? How can people go for a three-hour drive in one of the most beautiful forests in India and say that they saw nothing? Unless of course, one was to ask, "What does 'seeing' mean?"

Well, what did I see?

I saw a *silent life and death struggle* between a strangler fig and its saprophytic host, a nameless giant of the forest, whose fate was sealed when the first tender filament of the fig started its climb upwards towards the sun. After that, it would only be a matter of time, measured in decades, perhaps, but the ending, inevitable. The fig strangles the host. As I saw this struggle without motion, I thought how closely it resembles what is happening in our *national politics*. Politicians, of all hues, have taken hold of the nation like strangler figs and are busy throttling its life out. There is one exception to this, however, in our case. Unlike the forest giant, we, the people of India, are not helpless. *Unless we choose to be*. We are not helpless unless we choose to vote for the one who gives us Rs. 200 instead of voting for the one who is most likely to serve our best interests. '*Rs. 200*' doesn't even buy a chicken. Is this what we have priced our futures at and the futures of our generations, yet unborn, at 'less than the price of a *chicken*!'

I saw *Chital* (Axis deer) or Spotted deer in their hundreds. Chital is one of the most beautiful of the deer species. In Nagarahole, they abound. Grass and shrubs are aplenty. The terrain suits them very well. There are predators, wild dogs (*Dhole*), leopards (black and regular) and tigers but the Chital simply outbreed them all, so, they thrive. Predators also ensure that





# FOREST-VIEW





Tiger Kills Bison In Nagarahole reserve.

the entire weak die early and only the strong are left to breed, so, predation helps and promotes survival of prey species. I saw their fawns, ranging from some, which must have been literally days old to older ones. *Chital fawns* simply must be the most beautiful creatures on earth. All Chitals have *liquid black eyes,* with eyelashes that will give every Bollywood actress a complex. Their coats, golden brown with white spots showing shadowy in the morning mist, are a sight to behold.

Then, their behavior, the way

> Chital fawns must be the most beautiful creatures on earth. All Chitals have liquid black eyes, with eyelashes. Their coats, golden brown with white spots showing shadowy in the morning mist, are a sight to behold.

the dominant alpha males strut. The *stags*, with a full rack of horns, which they shed every year to grow a new pair, clothed first in skin called 'velvet,' which they then rub off on trees until it is at first hanging in rags and then is totally cast away to show the shiny bone beneath. It is *rutting season* and you can hear the territorial *braying call* of the alpha males, challenging all takers. The stags eat very little during this time, being focused almost entirely on protecting their harem of hinds from other roving males, ready to give battle at the slightest provocation. When there is none, they sometimes take out their testosterone on innocent bushes, bashing then to smithereens with their impressive horns.

But if you are a Chital, no matter how impressive, you are at the bottom of the food chain. Everyone eats you and you eat grass. So, if you want to survive and live to tell tales of your life to your grandchildren, you need to be 'extremely alert.' Chital learn this lesson early in life. Those that don't, never grow old. The result is that Chital will sound their typical alarm, that sounds like a very high-pitched bark, at practically every suspicious movement. I have seen Chital calling, when they see a Sloth bear, Dhole, Wild boar, eddies of wind rustling the bushes and simply because they imagined that they saw a tiger or leopard. But you can hardly blame them for this because they are no.1 on the menu of any predator on a *keto diet*. One of them calls while striking the earth with one forefoot with every call. The rest, run. Chital learn two *CTS* (Critical to Survival) lessons in life, which are good lessons for us to learn also!

**Lesson No. 1:** Complacency is death.

**Lesson No. 2:** It is better to run twice than to be caught once.

A much more reliable alarm giver is the *Grey Langur*. These have a symbiotic relationship with Chital. Langur feed in tree tops and drop more than they eat, of leaves and fruit, which the Chital eat off the ground. And all bands of Langur have a sentinel, who doesn't feed but sits on the highest branch of the tallest tree in the area and scans the forest for threats. When he sees anything suspicious, he calls the alarm and the Chital take off. Since this sentinel is watching from a vantage point, he is much more accurate in his risk assessment. When his shift is over, another of the tribe takes over and he goes to feed. It is amazing to see how this entire system works to the advantage of two different species *that are united in threat*. How much can we learn, I muse, about being 'united,' despite our differences because we face the same threats in our societies. Threats of moral degradation, drug abuse, unemployment, domestic violence, rape, murder, crime of different kinds, all of which don't differentiate between us because *criminality views all victims equally*. It makes the forest, with its lurking leopards and tigers, seem positively safe!



Langur are playful in the extreme. Most amusing are the young. They fight, chase each other, up and down trees, making some leaps which almost amount to flight. I saw one young chap, simply hanging from a vine and swinging back and forth. Just like a child on a swing! He was simply having fun. Another one climbed up behind his older sibling and used his tail for a swing. That didn't last too long because the owner of the tail had a different opinion about this 'kind of liberty.' Some older individuals simply sit on a branch with their hind legs stretched out before them. Occasionally, those lower in the pecking order, come up behind them and start grooming them. I saw one Langur, sitting on one branch and leaning out, holding another with his hands while resting his chin on his hands, fast asleep. His instinct ensures that he doesn't let go of the other branch even in his sleep. Our driver stopped the *jeep* under a tree, but noticed some Langur sitting directly above, and very wisely and hurriedly, moved us out from beneath them. I could almost hear one of them look down at us and say to the other, "Are you thinking what I am thinking?" I didn't fancy being the recipient of their donations.

**To be continued..**

*rajeshsharma1049@gmail.com*

##EVENT@JKK

# JKK: 31 YEARS OF NURTURING CULTURE

On the momentous occasion of its 31st Foundation Day, Jawahar Kala Kendra, the art and cultural hub of the Pink City, treated its patrons to a two-day extravaganza of art, dance and music.







Tusharika Singh
*Freelance writer and city blogger*

Amidst the growing need for nurturing of art and artists, the establishment of an international art and culture center, 'Jawahar Kala Kendra,' in Jaipur emerged as a pivotal response in 1993. Known affectionately as *JKK*, this institution has dedicated itself to the preservation and promotion of various genres of Indian art and culture, enriching the visual and cultural heritage of Jaipur. In recent years, JKK has risen to prominence as a popular cultural destination, serving as a beacon for emerging art and cultural centers.

Throughout the year, its premises buzz with a vibrant array of cultural activities, including seminars, workshops, dance and music recitals, theatre shows, and literary discussions. This dynamic organization not only embodies the essence of an international art and cultural center but also resonates deeply with the authentic performances of indigenous folk singers and dancers, showcasing genuine modes of expression. Moreover, it serves as a platform for interaction among art connoisseurs, scholars, artists, and artisans, fostering a rare sense of community and exchange, rarely found in commercial destinations. On 8 April, JKK celebrated its *31st Foundation Day,* with a two-day extravaganza of art, dance and music

## Musical Melodies



The inaugural day commenced with soul-stirring *Ghazal* performances at the Rangayan Auditorium. Classical vocalist, Navdeep Singh Jhala, accompanied by a talented ensemble, serenaded the audience with classics including Mehdi Hasan's '*Ranjish Hi Sahi*.' Following his mesmerizing performance, Sa Re Ga Ma Pa Mega Final winner, Mohammed Vakil, rendered his enchanting pieces, captivating everyone with timeless melodies such as '*Aaya Tere Dar Par Deewana*' and *Rajasthani Maand* '*Kesariya Balam*.'

The festivities continued on the second day with an enchanting folk cultural evening at the Rangayan Auditorium. Renowned folk singer, Seema Mishra, graced the stage, accompanied by Gazi Khan Barna, in a mesmerizing *jugalbandi*, that epitomized the *Manganiyar* style of singing. Their musical odyssey commenced with the rhythmic beats of *Ghoomar*, weaving melodies with timeless folk songs such as '*Alija Bega Aayi Jo*,' '*Main To Ramwa Ne Aayi Sa*,' and '*Toote Bajuband Ri Loom*.' The allure intensified as musical instruments wove their spell, with the *Khartal-Dholak and Morchang jugalbandi* eliciting awe from the audience. Sufi strains further captivated the crowd, leading to a spontaneous dancing to the beats of '*Damadam Mast Kalandar*' and '*Chhaap Tilak*.'

## Artistic Showcase




Two exhibitions also began on this occasion. The center's eclectic art collection is being displayed in the Sphatik gallery. Simultaneously, an overview of Jawahar Kala Kendra and its artistic journey is being showcased through photographs and prints at the Alankar Art Gallery. These exhibitions are on till 14 April at JKK.

## Folk Dance Extravaganza

The culminating event of the 10-day folk dance workshop, which had been ongoing at JKK, overseen by Dr. Roop Singh Shekhawat, took place at the Krishnayan Auditorium as a part of the Foundation Day celebrations. Over 25 participants, adorned in traditional attire, commenced the performance with a vibrant dance symbolizing the forthcoming *Gangaur* festival. Adorning the auditorium were statues of *Isar and Gangaur*, serving as a poignant backdrop as everyone swayed to the melodious tunes of '*Bhanwar Mahane Poojan Do Gangaur*' and '*Hatila Hat Chhodo*,' immersing themselves in the rich folk culture of the state. The presentation reached its crescendo with a captivating *Ghoomar* dance, leaving the audience enthralled by the spectacle.



## THE WALL





## BABY BLUES


By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# रावतखेड़ा पंचायत में हुए गबन की जांच की मांग

## युवक मोबाइल टॉवर पर चढ़ा, समझाइश कर नीचे उतारा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** काफी दिनों से रावतखेड़ा पंचायत में हो रहे गड़बड़ घोटालों को उजागर करने के लिए पंचायत क्षेत्र के एक युवक ने अपनी आवाज़ उठाई। स्थानीय अधिकारियों से लेकर जिला कलेक्टर तक को लिखित में शिकायतें दर्ज करवाई लेकिन प्रशासन की उदासीनता एवं अनदेखी से त्रस्त होकर युवक ने प्रशासन का ध्यान रावतखेड़ा पंचायत में हो रहे गड़बड़ घोटालों को उजागर करने के लिए मोबाइल टॉवर पर चढ़ने को मजबूर होना पड़ा। जहाजपुर थाना क्षेत्र के रावतखेड़ा ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार व गबन की जांच की मांग को लेकर युवक टावर पर चढ़ गया ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस व नायब तहसीलदार रामराज सुथार मौके पर पहुंचे और युवक से समझाइश कर टावर से नीचे उतरा।

टावर पर चढ़े युवक गोपाल पिता कानाराम मीणा से बताया ग्राम पंचायत मे भ्रष्टाचार व गबन के मामले को लेकर 26 फरवरी 2024 को जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया गया था लेकिन भ्रष्टाचार व गबन मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने पर आज मुझे मोबाइल टॉवर चढ़ने पर चढ़ कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना पड़ा। गौरतलब है कि जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत को 26 फरवरी को दिये गये ज्ञापन में रावतखेड़ा ग्राम पंचायत के लोगों ने सरपंच पुत्र एवं ग्राम विकास अधिकारी पर पंचायत के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा था।


पुलिस व नायब तहसीलदार रामराज सुथार मौके पर पहुंचे।

ज्ञापन में बताया गया था कि ग्राम पंचायत रावत खेड़ा के ग्राम विकास अधिकारी व सरपंच पुत्र मिलकर ग्राम पंचायत में अत्यधिक भ्रष्टाचार कर रहे हैं। ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 हेतु टेण्डर नहीं खोला गया। फिर भी सरपंच पुत्र व ग्राम विकास अधिकारी मिलकर मनचाही फर्म के बिल लगाकर राजकीय राशि का गबन कर रहे हैं। साथ ही किचड़ निस्तारण, ग्रेवल, मिठाई, टेन्ट आदि के नाम पर लाखों रुपयों का गबन किया गया है। जिसकी जांच कर सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

■ ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस व नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और समझाइश की

साथ ही ग्राम विकास अधिकारी बन्नालाल रेगर का 23 जनवरी को ही स्थानान्तरण होने के बाद भी लाखों रुपयों का फर्जी बिलों का भुगतान किया है और लोगों से रुपये लेकर पट्टे जारी किए जिन पर सरपंच की जगह सरपंच पुत्र के हस्ताक्षर किए गए हैं। पूर्व में भी सरपंच पुत्र द्वारा जल जीवन मिशन योजना में हर घर नल कनेक्शन के नाम पर रसीदें काटकर पंचायत खाते में जमा न करवाकर गबन किया। जिसकी पूर्व में जिला कलेक्टर को की गई शिकायत की जांच विकास अधिकारी द्वारा की गई। जांच में लगभग 698900 रु का गबन किया जाना सामने आया था फिर भी कार्यवाही नहीं की गई।

## पाचना डेम से छोड़ा जाएगा पानी

**करौली, (निसं)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष श्री महावीर जी के लगने वाले वार्षिक मेले के अवसर पर पांचना डैम से गंभीर नदी में पानी छोड़ा जाएगा। उप जिला कलेक्टर टोडाभीम ने पुलिस उपाधीक्षक टोडाभीम को इस दौरान पुलिस जाब्ता व्यवस्था लगाने के निर्देश दिए हैं। टोडाभीम उप जिला कलेक्टर ने निर्देश देते हुए बताया कि श्रीमहावीरजी का वार्षिक मेला के अवसर पर जल वितरण व्यवस्था के दौरान 14 से 24 अप्रैल की अवधि में पांचना डैम से गंभीर नदी में 300 एमसीएफटी पानी छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि के दौरान गंभीर नदी के तट पर बसे उपखंड क्षेत्र टोडाभीम के गांवों में विशेष सतर्कता बरती जानी हेतु आवश्यक पुलिस जाब्ता तैनात कर विषेष निगरानी बनाए रखना है।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल

**सुजानगढ़, (निसं)।** निकटवर्ती गांव सारोठिया के पास दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। जिन्हें गजेन्द्रसिंह, शिवराज सिंह ने राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल पहुंचाया। टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार व अन्य की सहायता से इमरजेंसी में भर्ती करवाया गया। जहां डॉ. सुनील मीणा, सुमित खीचड़ व सोमवीर ने घायलों का उपचार किया। हादसे में घायलों की पहचान एक मोटरसाइकिल पर सवार अनवर पुत्र फारूख निवासी जीली तथा दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार गिरधारीलाल पुत्र गोविन्द राम जाट तथा अमृतलाल पुत्र गोपालराम जाट निवासी सारोठिया के रूप में हुई। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में रैफर कर दिया गया।

# हिस्ट्रीशीटर ने कनपटी पर गोली मारकर सुसाइड किया

## सूचना मिलने पर डीएसपी और कोतवाली सीआई मौके पर पहुंचे, एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाये


चूरू में हिस्ट्रीशीटर संदीप कायदान के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

**चूरू, (कासं)।** शहर के नये बस स्टैंड के पास बुधवार दोपहर हिस्ट्रीशीटर ने अपनी कनपटी पर गोली मारकर सुसाइड कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर डीएसपी सुनील झाझड़िया और कोतवाली सीआई मुकुट बिहारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाये। घटना की सूचना के बाद घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को डीबी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां गुरूवार सुबह परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा।

डीएसपी सुनील झाझड़िया ने बताया कि खींवसिंह ने रिपोर्ट दी उसके बेटे जीतू उर्फ जितेन्द्र के साथ उसका दोस्त संदीप कायदान घर के उपर वाले कमरे में रहता था। संदीप करीब पांच छह साल से जीतू के साथ ही रहता था। जीतू कुछ दिनों से जयपुर गया हुआ था। रिपोर्ट में बताया कि कायदान उपर के कमरे में सो रहा था और मेरा कमरा घर के ग्राउंड फ्लोर पर था। गुरूवार शाम करीब सवा चार बजे संदीप को चाय देने उसके कमरे में गया तो वहां देखा तो संदीप ने पिस्तोल से खुद को गोली मारकर सुसाइड कर ली। डीएसपी सुनील झाझड़िया ने बताया कि पुलिस मामले में हर एंगल से जांच कर रही है। एफएसएल टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाये हैं।

लोगों ने बताया कि संदीप कायदान दागडोली चरखी दादरी हरियाणा का रहने वाला था। उसके पिता सुंदरसिंह चूरू रोडवेज में ड्राइवर थे जो रिटायर्ड हो चुके थे। तीन भाई बहिनों में संदीप दो नंबर पर था। इसकी बड़ी बहन आरजेएस हैं। वहीं छोटा भाई विदेश में रहता था। करीब छह सात साल से वह चूरू ही रहता था। बीए तक पढ़ा संदीप पढ़ाई में होशियार था। मगर दोस्ती के चक्कर में वह अपराध की दुनिया में आ गया।

## मधुमक्खियों के हमले से दो दर्जन लोग घायल

**खिरोड़, (निसं)।** मोहनवाड़ी गांव में एक महिला का दाह संस्कार करने के लिए मुक्ति धाम में गए लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसमें करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। गांव में अनूप कंवर नाम की महिला का निधन हो गया था। दाह संस्कार करने के लिए महिला का शव श्मशान में लेकर पहुंचे थे। ग्रामीण चिता को सजा रहे थे। उसी दौरान वहां पीपल के पेड़ पर बैठी मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान करीब दो दर्जन लोगों को मधुमक्खियां ने काट लिया। जिससे लोग घायल हो गए। लोगों में अफरा तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। गांव के लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर घायल हुए लोगों को नवलगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# एस.एस.टी. टीम ने पांच लाख रूपए जब्त किए

**शाहपुरा, (निसं)।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम), निरमा बिश्नोई ने बताया 10 अप्रेल को लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र की एसएसटी टीम द्वारा पांच लाख की नगदी जब्त की गई।

शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस थाना शाहपुरा के बाहर स्थित एसएसटी चैक पोस्ट पर एसएसटी प्रभारी द्वारका प्रसाद जोशी एवं उनकी टीम द्वारा वाहनों की तलाशी ली जा रही थी, इस दौरान शाहपुरा से भीलवाड़ा की ओर जा रहे वाहन की तलाशी ली गई। वाहन मालिक शिवराज सुथार निवासी कादीसहना, शाहपुरा के पास पांच लाख की राशि पाई गई। संतोषप्रद जवाब न देने के कारण निर्वाचन विभाग से सुनील सुखवाल व संजय कुमार मीणा मौके पर पहुंचे एवं जब्ती की कार्रवाई पूर्ण करवाई।

■ वाहन मालिक द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने के कारण जब्ती की कार्रवाई की गई

सहायक रिटर्निंग अधिकारी निरमा बिश्नाई ने बताया कि जब्त की गई राशि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार कोष कार्यालय शाहपुरा में जमा करा दी गई है। संबंधित व्यक्ति को यह भी जानकारी दी गई कि भीलवाड़ा स्थित जिला शिकायत समिति के समक्ष उचित साक्ष्य प्रस्तुत कर सात दिवस के भीतर राशि प्राप्त कर सकता है।

## मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार


**अजमेर, (कासं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने मारपीट और छेड़छाड़ के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश पुलिस रिमांड मांगी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाने में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी गली नंबर 3 शिवाजी नगर फॉयसागर रोड पुलिस थाना गंज निवासी अभिनंदन सिंह उर्फ राजवीर सिंह पुत्र सत्यनारायण तथा छोटी नागफनी लक्ष्मी मोहल्ला पानी की टंकी के नीचे पुलिस थाना गंज निवासी रोहित जायसवाल पुत्र सुरेश जयसवाल को बस स्टैंड के सामने से गिरफ्तार किया, जब दोनों आरोपी बस में सवार होकर भागने की फिराक में थे। दोनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश करके पुलिस अभिरक्षा में सौंपने की मांग की है।

# पी.एम. की आज करौली में जनसभा

## पीएम मोदी के साथ सीएम भजनलाल सहित अन्य नेता भी मौजूद रहेंगे

**करौली, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरूवार को करौली कैलादेवी मार्ग स्थित सिद्धार्थ सिटी में करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव के समर्थन में विजय शंखनाद रैली को संबोधित करेंगे। रैली में पीएम के साथ सीएम भजनलाल शर्मा सहित अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहेंगे।

रैली की तैयारी को लेकर कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, एसपीजी के अधिकारी और भाजपा नेताओं खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल, प्रदेश प्रवक्ता शैलेन्द्र सिंह गुर्जर, जितेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया आदि ने सभास्थल तथा हेलीपैड का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने, सभा में पहुंचने वाले लोगों के लिए बैठने, पानी, हवा सहित अन्य व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। सिद्धार्थ सिटी में पीएम की सभा के लिए तीन हेलीपैड बनकर तैयार हैं। साथ ही जनसभा के लिए तीन डोम बनाए गए हैं। डोम में हजारों लोगों की बैठने की व्यवस्था की गई है।


पीएम की जनसभा के लिए तीन डोम बनाए गए हैं।

पीएम की सभा में पहुंचने वाले लोगों के लिए गंगापुर रोड से आने वालों के लिए रीको तथा हिंडौन की ओर से आने वाले लोगों के लिए कृषि उपज मंडी में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पीएम की सभा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सभा और हेलीपैड स्थल के 3 किलोमीटर में नो फ्लाइंग जोन निर्धारित किया है। इस दौरान रिमोट कंट्रोल डिवाइस, ड्रोन और फ्लाइंग ऑब्जेक्ट पर पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों की पूरी निगरानी रहेगी। आदेश की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। हेलीपैड और सभा स्थल की जांच करने स्नैफर डॉग और विशेष सुरक्षा दस्ता करौली पहुंचा। विशेष सुरक्षा दस्ता ने सभा स्थल व हेलीपैड की जांच पड़ताल की।

# हत्या के मामले में महिला सहित तीन गिरफ्तार

## नसीराबाद के राजगढ़ गांव में युवक की हत्या आपसी रंजिश में की गई थी

**अजमेर, (कासं)।** नसीराबाद के राजगढ़ गांव में एक युवक की हत्या के मामले में एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हत्या आपसी रंजिश में की गई थी। कुल्हाड़ी से वार कर उसे जान से मारा गया था। पुलिस ने चौबीस घंटे में मामले का खुलासा कर दिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, पुलिस उपअधीक्षक विजय ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक युवक के भाई शंकर लाल माली ने थाने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया कि मेरा बड़ा भाई भैरु लाल जो अविवाहित था। वह पुराने मकान माली मोहल्ला राजगढ़ में अकेला रहता था भाई भैरूलाल के खिलाफ भतीजे की बहू सीमा पत्नी दिनेश माली निवासी माली मोहल्ला राजगढ़ ने छेड़छाड़ व रेप का प्रयास का मुकदमा दर्ज करवाया था मेरे बड़े भाई की कुल्हाड़ी से सिर में मार कर हत्या कर दी है। पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों गुलाब पुत्र मोहनलाल माली, जतन पुत्र गुलाब माली, दिनेश पुत्र गुलाब माली, सांवरलाल पुत्र गुलाब माली व सीमा पत्नी दिनेश माली निवासीयान माली मोहल्ला राजगढ़ करे गिरफ्तार कर लिया।


युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया।

घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी देवेंद्र कमार विश्नोई ने एएसपी ग्रामीण दीपक कुमार व वृताधिकारी विजय कुमार सांखला के सूपरविजन में थाना अधिकारी प्रहलाद सहाय के नेतृत्व में टीम गठित की। अलग-अलग टीमों ने पूर्ण लगन व मेहनत से अथक प्रयास कर तकनीकी सहायता एवं आसूचना संकलित कर आरोपियों के संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी जाकर मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए प्रकरण में नामजद 3 आरोपियों को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# चोरी की वारदात का खुलासा, 25 लाख का माल बरामद

## तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ के वार्ड चार में रात्रि के समय घर में घुसकर भारी मात्रा में सोने, चांदी के जेवर व नगदी चोरी के मामले में राजगढ़ थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा कर करीबन 25 लाख रूपये के सोने-चांदी के चोरी किये गये सम्पूर्ण जेवरात बरामद करने की कार्यवाही कर गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव आई.पी.एस ने बताया कि 25 मार्च को मांगीलाल पुत्र ओमप्रकाश मीणा निवासी वार्ड संख्या 4 राजगढ़ जिला चूरू ने राजगढ़ थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी थी कि 25 मार्च की रात्रि को अज्ञात चोर घर में घुसकर ताले तोड़कर उनकी पत्नी, दो छोटे भाईयों की पत्नी व माँ के सोने चान्दी के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गये। जिसको लेकर राजगढ़ थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रदीप कुमार स.उ.नि. के द्वारा प्रारम्भ किया गया। जिसमें जिले में हो रही चोरी व नकबजनी के मामले को गम्भीरता से लेते हुये अज्ञात आरोपियों को ट्रेस आउट कर गिरफ्तारी एवं बरामदगी के निर्देश दिये गये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ किशोरी लाल, प्रशान्त किरण (आईपीएस) सहायक पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी राजगढ़ पुष्पेन्द्र झाझडिया पु.नि. के द्वारा नकबजनी के अज्ञात आरोपियों को ट्रेस आउट करने हेतू प्रदीप कुमार स.उ.नि. के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिस पर प्रदीप कुमार स.उ.नि. ने मय टीम के अथक प्रयास से अज्ञात आरोपियों को नामजद कर आरोपी अल्ताफ मोहम्मद उर्फ आरिफ पुत्र उम्मेद काजी, अजरुद्दीन उर्फ सोनू पुत्र अकरम खान कायमखानी निवासी वार्ड 12 सादुलपुर व सोनू कुमार उर्फ सोनू पहाडी पुत्र समशेर सिंह जाटनिवासी पहाडी पुलिस थाना लुहारू जिला भिवानी हरियाणा हाल वार्ड संख्या 1 अम्बेडकर सर्किल के पास राजगढ़ को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया करीब 25 लाख रूपये का सोने चान्दी का सम्पूर्ण जेवरात की बरामदगी की और आरोपियों को बाद अनुसंधान न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है।

# घर से नाबालिग बालिका लापता हुई

## पीड़ित पिता ने कराया मामला दर्ज

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले के जवाजा थाना क्षेत्र में बिना बताए घर से नाबालिग के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने एक युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पिता ने कहा कि उनके पास एक वकील का फोन आया कि नाबालिग बेटी ने शादी कर ली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जवाजा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने थाने में लिखित रिपोर्ट देते हुए बताया कि 16 साल नाबालिग बेटी घर से बिना बताए निकल गई और वापस घर नहीं लौटी। उन्होंने बताया कि परिवार के लोगों ने घर, गांव, आस-पास रिश्तेदारों के यहां सभी जगह तलाश किया, लेकिन उसका कहीं पर कोई पता नहीं चल सका। उन्होंने बताया कि विगत दिनों उनके मोबाइल पर अन्य नम्बर से फोन आया और कहा कि रणजीत सिंह वकील बोल रहा हूं और आपकी बेटी की शादी करवा दी है। पिता ने बताया कि बेटी घर से जाते समय अपने सारे कागजात भी लेकर गई। उन्होंने युवक जसवंत सिंह पर अपने साथ जबरन बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई रामलाल को सौंपी है। पुलिस नाबालिग व युवक की तलाश में जुटी है।

■ पुलिस दोनों की तलाश में जुटी

# नीमकाथाना को यमुना का पानी मिलेगा : सुमेधानंद सरस्वती

**सीकर, (निसं)।** भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती बुधवार को नीमकाथाना विधानसभा के गांवों में जनसंपर्क के दौरे पर रहे। उन्होंने गोडावास, नयाबास, कोटड़ा, पुराना बास, नापावाली, माउंडा खुर्द, नाथा की नांगल, दयाल की नांगल, बिहारीपुर, डाबला, बिहार स्टेशन, स्यालोदड़ा, डुंगा की नांगल, श्यामपुरा, जिलाए माउंडा कला, माकड़ी, मंडोली, कुरबड़ा, आगवाड़ी, सिरोही, भगेगा सहित कई गांवों में जनसभाएं की। जनसंपर्क के दौरान सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर ने भी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से भाजपा के लिए समर्थन मांगा।

भाजपा प्रत्याशी सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि आने वाले समय में नीमकाथाना को शुद्ध पेजयल व सिंचाई के लिए पानी मिलने लगेगा। हरियाणा सरकार व राजस्थान सरकार ने यमुना जल समझौता कर लिया है, इस समझौते में नीमकाथाना सहित जिले को पानी मिलेगा। यह मांग वर्षों पुरानी है जिसे भाजपा की केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने पूरा किया है। कांग्रेस ने केवल इस पर राजनीति की और वोट लिये। इनका काम विकास के काम में रोड़ा अटकाना व लोगों को भ्रमित करने का रहा है। कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति करती रही। तभी कांग्रेस का यह हाल है कि देश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है।



स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने नीमकाथाना के गांवों में जनसंपर्क कर सभाओं को संबोधित किया।

■ भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने गांवों का दौरा कर जनसभायें की

सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने कहा कि आने वाले लोकसभा में भाजपा के पक्ष में मतदान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती प्रदान करनी है। प्रधानमंत्री का सपना है कि 2047 तक देश को देश को विश्व का संपूर्ण विकसित राष्ट्र का दर्जा मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों के शासन में देश की दशा व दिशा बदलकर रख दी है। इन 10 वर्षों में इतने विकास के काम हुये हैं कि कांग्रेस के वर्षों के शासन में नहीं हुए। उन्होंने कहा कि कामरेड की पार्टी ने बंगाल में शासन के दौरान वहां क्या हाल किये किसी से छिपा नहीं है।

जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान पूर्व विधायक फूलचंद गुर्जर, पाटन प्रधान सुवालाल सैनी, सरपंच कृष्ण गुर्जर, काशीराम, विनोद जाखड़, मनीराम, रामोतार बड़सरा, बाबूलाल गुर्जर, राजकुमार जोशी, गोविंद सैनी, भंवरलाल जांगिड़, उप प्रधान सुरेंद्र, भगवान लाठर आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा 400 पार का लक्ष्य हासिल करेगी : पूनियां

## डॉ. सतीश पूनियां ने श्रीगंगानगर प्रत्याशी प्रियंका बैलान मेघवाल के पक्ष में जनसंपर्क किया

**जयपुर/श्रीगंगानगर।** हरियाणा भाजपा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं राजस्थान भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने अपने एक दिवसीय श्रीगंगानगर प्रवास के दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रियंका बैलान मेघवाल के समर्थन में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

सतीश पूनियां ने श्रीगंगानगर प्रवास पर युवा सम्मेलन और किसान चौपाल को संबोधित किया। इस अवसर पर युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सभी वर्गों को आगे बढ़ाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अबकी बार 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा-एनडीए 140 करोड़ देशवासियों के सहयोग और समर्थन से तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी को बैठाएगी इसमें कोई संशय नहीं है।

किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सतपाल कासनियां के नेतृत्व में महियांवाली में आयोजित किसान चौपाल को संबोधित करते हुए डॉ.



राजस्थान भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां का माला पहनाकर स्वागत किया गया।।

सतीश पूनियां ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने किसान वर्ग के लिए सबसे अधिक काम किया है। किसान की आय को दोगुना करने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। महिलाओं को सबसे अधिक फायदा पहुंचाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। भाजपा में परिश्रम संकल्प और निष्ठा का अपना एक अलग महत्व है। उन्होंने कहा कि 19 अप्रेल को सब काम छोड़कर राष्ट्रिहत के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। ईमानदारी से कोई विश्लेषण करेगा तो भाजपा सरकारों के मुकाबले कांग्रेस का काम शून्य ही नजर आयेगा। कार्यक्रम के बाद डॉ सतीश पूनियां ने रवी चौक पर एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्रीगंगानगर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका बैलान मेघवाल को अधिक से अधिक वोटों से विजयी बनाने की अपील की।

सतीश पूनियां ने कहा कि भाजपा राजस्थान की सभी 25 सीटें बड़े अंतर से जीतेगी। इस अवसर पर इन कार्यक्रमों में डॉ. सतीश पूनियां के साथ भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची, भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह, सांसद निहालचंद, श्री यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, विधायक जयदीप बिहानी, पूर्व मंत्री रामप्रताप कासनियां, लोकसभा चुनाव सह संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम तरड़, सूरतगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा

- **सतीश पूनियां ने श्रीगंगानगर प्रवास पर युवा सम्मेलन और किसान चौपाल को संबोधित किया**

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महेंद्र सिंह सोढ़ी व जुगल डूमरा जिला महामंत्री नरेंद्र सहू, अविनाश डाबी, प्रदीप धेरड़ एडवोकेट महेश पेड़ीवाल चेष्टा सरदाना, डॉ बृजमोहन सहारण, सरदूल सिंह कंग, भाजयुमो जिलाध्यक्ष ईश्वजीत सिंह दाने वालिया जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सतपाल कासनियां सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रमों में पहुंचने पर डॉ सतीश पूनियां सहित सभी भाजपा नेताओं का माला, साफा व भाजपा के पटके पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रमों में सभी भाजपा पदाधिकारियों ने श्रीगंगानगर संसदीय क्षेत्र से प्रियंका बैलान मेघवाल की बड़े अंतर से जीत की अपील की।

# हिंडौन में आंधी-तूफान और बारिश से बदला मौसम

## आंधी व बारिश का मौसम देख किसान वर्ग चिंतित

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** बुधवार शाम को अंधड़ के साथ मौसम बदल गया। इस दौरान लोगों को गर्मी से राहत मिली। शहर में दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री रहा। दोपहर में सूरज की किरणें असहनीय रही। वहीं शाम 4 बजे बाद मौसम में बदलाव रहा। आंधी के बाद आसमान पर काले बादल छा गए। जिसके कारण धूप से निजात मिली।

मौसम वैज्ञानिक केंद्र के अनुसार आंधी के साथ बारिश की भी चेतावनी दी गई है। गर्मी के साथ आंधी व बारिश का मौसम देख किसान वर्ग चिंतित रहा। इन दिनों खेतीबाड़ी से जुड़े लोग गेंहू फसल की कटाई के साथ फसल को समेटने में लगे हुए। खेतों में फसलों के ढेर व कटी हुई गेंहू की फसल पड़ी हुई है। बारिश के कारण कई हिस्सों में गेंहू की कटी हुई फसल भीग गई। जिससे दाने में खराबी की आशंका बनी हुई है। हालांकि बड़े भागों में गेंहू की फसल कट चुकी है और किसानों के घरों तक पहुंच चुकी है। इसी के साथ आसमां से बादलों की गर्जना होती रही। वहीं बारिश होने के बाद लोगों ने गर्मी से राहत ली। बारिश से तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट भी रही। इधर मंडी में बिक्री के लिए आई हुई गेंहू व सरसों की फसल भीग गई।

**चूरू में धूलभरी आंधी चली :-** चूरू में दिनभर आसमान में हल्के बादलों की आवाजाही के बाद बुधवार शाम को हल्की धूलभरी आंधी चली। पिछले कुछ दिनों से दोपहर को छोड़कर सुबह शाम गर्मी का असर अधिक नहीं दिखाई दे रहा है। रात को दस बजे से सुबह आठ बजे तक मौसम में हल्की ठंडक का असर रहने से मौसम सुहावना रहता है लेकिन सुबह दस से लेकर शाम को चार बजे तक गर्मी का प्रकोप बना रहता है। शाम को करीब छह बजे बाद आसमान में बादलों की आवाजाही के साथ ही कुछ देर तक धूलभरी आंधी चली।

# युवक और युवती के शव कुएं में मिले

**डूंगरपुर, (निसं)।** कुएं में युवक और युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक गांव का ही रहने वाला है और युवती की पहचान नहीं हो पाई है। प्रथमदृष्टया पुलिस इसे प्रेस प्रसंग का मामला मान रही है। मामला डूंगरपुर के सदर थाना इलाके का है। सदर थानाधिकारी गिरधारीलाल ने बताया कि पाल देवल सतियाला फला गांव में एक कुएं में युवक और युवती का शव मिला है। बुधवार सुबह कुछ लोगों ने कुएं के बाहर मोबाइल और चप्पलें पड़ी हुई देखी। पुलिस ने गांव के लोगों के साथ मिलकर कुएं की तलाशी ली। कुएं में एक लडकी का शव मिला। कुछ ही देर में एक लडके का भी शव मिला।

सदर थानाधिकारी गिरधारीलाल ने बताया ईश्वर बोहा मीणा ने युवक के शव की पहचान रोहित बोहा मीणा के रूप में की। लड़की कौन है उसकी पहचान नहीं हो सकी है। लड़की के एक हाथ पर अंग्रेजी में आरकेडी और दूसरे हाथ पर एस लिखा हुआ है। पुलिस ने दोनों के शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। युवक के बड़े भाई ईश्वरलाल बोहा ने बताया उसका छोटा भाई रोहित अहमदाबाद में होटल पर उसके साथ ही काम करता था। मंगलवार को वह अहमदाबाद से अपने घर सतियाला फला आया था। उस समय रोहित उसे अहमदाबाद बस स्टैंड तक छोड़ने आया था। इसके बाद वह वापस होटल जाने के लिए निकल गया। रोहित बिना बताए ही गांव आ गया। जिसका परिवार के लोगों को भी कोई पता नहीं है। ईश्वरलाल ने बताया कि उसने कभी इस युवती को नहीं देखा है। रोहित ने भी कभी उसके बारे में उसे नहीं बताया। ऐसे में युवती के बारे में पता लगने के बाद ही पता लग सकेगा। सदर थानाधिकारी गिरधारीलाल ने बताया कि पुलिस लड़की के परिजनों का पता लगाने में जुट गई है।

# कनोई ग्राम सेवा सहकारी समिति में 70 लाख के गबन का मामला उजागर

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर जिले कनोई ग्राम सेवा समिति में 70 लाख रुपए का गबन का मामला सामने आया है। इसमें केंद्रीय सहकारी बैंक जैसलमेर के तत्कालीन महाप्रबंधक सहित सात जनों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनको सुनवाई के लिए 15 अप्रैल को जोधपुर सहकारी समिति के ऑफिस बुलाया गया है।

गौरतलब है कि सितम्बर 2020 में कनोई ग्राम सेवा समिति के मैनेजर नरेश प्रजापत ने सीसीबी की नॉन होम ब्रांच चांधन शाखा से चेक द्वारा 70 लाख रुपए नकद उठाए, लेकिन अपनी ग्राम सेवा समिति में जमा नहीं कराए। चांधन शाखा के तत्कालीन मैनेजर और कैशियर ने रिटायर कर्मचारी की आईडी का उपयोग करते हुए रुपए निकालकर दे दिए। जांच रिपोर्ट में सीसीबी जैसलमेर के तत्कालीन एमडी जगदीश सुथार की मिलीभगत बताई गई है। इस दौरान नरेश डेढ़ा ठाम सेवा समिति का मैनेजर भी था। उसने मामला खुलने पर 70 लाख रुपए डेढ़ा ग्राम सेवा समिति से निकालकर कनोई में जमा करा दिए, लेकिन फिर भी पकड़ा गया। इसके साथ ही फरवरी 2024 में कनोई और डेढ़ा जीएसएस ने समिति के बैंक खातों में 8.05 करोड़ रुपए की ऋण माफी की संदिग्ध एंट्री कर दी थी। मामले का खुलासा होने पर सीसीबी जैसलमेर ने दोनों जीएसए के बैंक खाते सीज कर दिए थे। इसके बाद फरवरी 2024 में तत्कालीन एमडी जगदीश सुथार को सरकार ने निलंबित कर दिया था।

सीसीबी बैंक के तत्कालीन एमडी जगदीश सुथार, बैंक की चांधन शाखा के मैनेजर अश्विन केवलिया, कैशियर विवेक सेन, कनोई जीएसएस के तत्कालीन मैनेजर नरेश प्रजापत, वर्तमान मैनेजर लालाराम, सीसीबी जैसलमेर के कार्मिक दिनेश रंगा, बैंक के रिटायर्ड ऋण पर्यवेक्षक बलवंतराम को एडिशनल रजिस्ट्रार सहकारीता विभाग जोधपुर सुद्दोधन उज्जवल ने नोटिस जारी किए है। और 15 अप्रैल को जोधपुर सहकारी समिति के कार्यालय बुलाया है।

- **केंद्रीय सहकारी बैंक जैसलमेर के तत्कालीन महाप्रबंधक सहित सात जनों को नोटिस जारी**
- **जांच रिपोर्ट में सीसीबी जैसलमेर के तत्कालीन एमडी जगदीश सुथार की मिलीभगत बताई गई है**

जांच कमेटी के सामने तत्कालीन मैनेजर नरेश कुमार ने बताया कि उससे 70 लाख रुपए के एक चेक के आगे-पीछे हस्ताक्षर करवाकर बैंक के एमडी जगदीश सुथार ने लिए थे। जांच रिपोर्ट में सभी कर्मचारियों के षड्यंत्र पूर्वक शामिल होने की बात कही गई है।

जैसलमेर सेंट्रल को-ऑपरेटिंग बैंक के अंतर्गत आने वाली कनोई ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रोज़े खान ने साल 2020 में आरोप लगाए थे कि कनोई ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक नरेशकुमार व जैसलमेर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के तत्कालीन एमडी जगदीश सुथार ने उनके फर्जी हस्ताक्षर करके 70 किसानों के कृषि क्लेम के 70 लाख रुपए हड़प लिए। दोनों ने मिलीभगत कर समिति के खाते के चेक पर अध्यक्ष रोजे खान के फर्जी हस्ताक्षर करके करीब 70 लाख रुपए का भुगतान व्यवस्थापक नरेश कुमार ने नियमों के विरुद्ध से उठा लिया। कनोई सहकारी सोसायटी के कार्य व व्यवस्थापक नरेश कुमार को सोसाइटी व्यवस्थापक पर गंभीर दुराचार का दोषी मानते हुए प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा दिनांक 30-8-2020 को सेवा से समाप्त करने का प्रस्ताव पारित कर दिया था। इसके बावजूद भी इतनी बड़ी रकम व्यवस्थापक द्वारा कैश भुगतान बैंक से उठा लेने पर गंभीर अनियमितता व गड़बड़झाला किया गया। उनकी शिकायत के आधार पर अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जोधपुर खंड जोधपुर ने इसकी जांच के लिए विशेष लेखा परीक्षक अरुण बारहठ को इस मामले की जांच सौंपी थी। जांच में भी इनको दोषी पाया गया तथा विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा गया था। एडिशनल रजिस्ट्रार सहकारीता विभाग जोधपुर सुद्दोधन उज्जवल ने बताया कि 15 अप्रेल को मेरिट के हिसाब से अर्द्ध न्यायिक निर्णय लिया जायेगा।

# पेट्रोल पंप के सेल्समैनों पर फायरिंग

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बजीरपुर कस्बे में मंगलवार को बाइक सवार तीन बदमाशों ने 500 रुपए का पेट्रोल भरवाने के बाद पंप के सेल्समैनों पर फायरिंग कर दी। जिसमें एक सेल्समैन के पेट में गोली लग गई। जिसे इलाज के लिए जयपुर रैफर किया गया है। वहीं, दूसरे सेल्समैन पर बंदूक के बट से हमला करने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर वजीरपुर थाना अधिकारी और एसपी ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। घटना गंगापुर सिटी के उपखंड वजीरपुर के एक पेट्रोल पंप पर हुई। एक बाइक पर सवार 3 लोगों ने पहले 500 रुपए का पेट्रोल भरवाया और मौका मिलते ही लूट की नियत से गाड़ी से उतरकर सेल्समैनों पर हमला कर दिया। जिसमें एक पेट्रोल पंप कर्मी श्रवण पुत्र अशोक निवासी हाथीपुरा को पेट में गोली लगी, वहीं दूसरे सेल्समैन कालेखान ने बचाव का प्रयास किया तो उसके सिर पर बंदूक के बट से हमला कर बदमाश मौके से फरार हो गए।

# हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में भीषण आग लगी

## डेढ़ दर्जन दमकलों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकटतर्वी बासनी औद्योगिक क्षेत्र तनावड़ा में आई एक हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में सुबह भीषण आग लग गई। आग से निकल धुआं काफी दूर तक दिखाई दिया। बासनी, नागौरी गेट, शास्त्रीनगर एवं बोरानाडा से पहुंची डेढ़ दर्जन दमकलों आग को काबू पाने का प्रयास किया। आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है। आग से कितना नुकसान हुआ इस बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

शास्त्रीनगर फायर स्टेशन के एएफओ प्रशांत सिंह ने बताया कि सुबह तनावड़ा क्षेत्र में आई एक हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग की सूचना मिली। इस पर मौके पर गाड़ियों को रवाना किया गया। आग की भीषणता ज्यादा होने पर बासनी, नागौरी गेट से भी दमकलों को बुलाया गया। दोपहर में बोरानाडा दमकल स्टेशन से प्रभारी हेतराम भी दो गाड़ियां लेकर वहां पहुंचे। आग लगने से काफी धुआं निकला और वह काफी दूर दूर तक नजर आया। आग लगने से कोई हताहत नहीं हुआ है। फैक्ट्री लेबर सुरक्षित है। आग लगने का प्रथम दृष्टया कारण कोई चिंगारी हो सकती है। आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है।

- **आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ है, कारणों का पता नही चला**

# रेलिंग टूटने से छह श्रद्धालु घायल

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के देवाली में पहाड़ी पर स्थित नीमच माता मंदिर तक जाने वाले रास्ते में लगी सीमेंट की रेलिंग बुधवार सुबह अचानक टूट गई। हादसे में रेलिंग का सहारा लेकर खड़े 6 श्रद्धालु रेलिंग का साथ गिर गए, जिससे उनको चोटें आयी हैं। ये सभी मंदिर जा रहे थे और रास्ते में रेलिंग का सहारा लेकर खड़े होकर खूबसूरत नजारों को अपने कैमरे में कैद कर रहे थे।

नीमचमाता मंदिर देवस्थान विभाग के अधीन है। राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार के इस मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों का आना-जाना रहता है। यहां सुबह के समय सबसे ज्यादा भीड़ होती है। वॉक के लिए भी यहां शहरवासी आते हैं और दर्शन भी कर लेते हैं। शहर की फतहसागर झील के देवाली छोर से करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूरी पर पहाड़ी के ऊपर यह मंदिर है। इस मंदिर में जाने के लिए देवाली छोर के आगे नीचे पैदल चढ़ाई होती है। बुधवार सुबह करीब साढे सात बजे सीढ़ियों के सहारे उदयपुर शहर के युवाओं का एक ग्रुप खड़ा था और सभी रेलिंग के फ्रंट में खड़े रहकर मोबाइल में फोटो खिंचवा रहे थे तब एकाएक गिरी रेलिंग के साथ वे गिर गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उस रेलिंग के पास खड़े लोगों ने पूरा जोर रेलिंग पर नहीं दिया था लेकिन रेलिंग जर्जर होने से गिर गई। सभी चोटिल युवक स्थानीय थे उनके हाथ और पैर में चोट आई।

प्रत्यक्षदर्शी संपत बोहरा ने बताया कि वे यहां आते ही रहते हैं और रेलिंग इतनी जर्जर है कि सीमेंट के मुटाम गिरते ही रहते हैं। बोहरा ने बताया कि जर्जर रेलिंग को ठीक कराना चाहिए। इस घटना के बाद बोहरा स्वयं मंदिर में जाकर पुजारी और अन्य को बोलकर आए कि लोग गिर रहे हैं इसे ठीक कराया जाए।

नीमचमाता दर्शन के लिए देवाली से चढ़ाई शुरू होती है। करीब 800 मीटर के आसपास जो चढ़ाई है उसको सीढियों के जरिये पार करना होता है। सीढियों के दोनों तरफ रेलिंग है और उसके पीछे नीमचमाता का जंगल है। नीमच माता से फतहसागर झील, आसपास की वादियों से लेकर शहर का मनोरमनजारा दिखता है।

# अमित शाह 14 को बीकानेर में

**बीकानेर, (निसं)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीकानेर आने का कार्यक्रम सामने आया है। लोकसभा मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया कि शाह 14 अप्रेल को भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में जनसभा करेंगे। शाह के दौरे को देखते हुए तैयारियां की जा रही है। इससे पहले नौ अप्रेल को अमित शाह के बीकानेर आने का कार्यक्रम का प्रस्तावित था, लेकिन अपिहरार्य कारणों से दौरा स्थगित हो गया था।

# बोलेरो सवार युवकों ने दुकान पर बैठे युवक पर हमला किया

## घायल युवक के दोनों पांव में कई फ्रैक्चर आये



हमले की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया।

**मालपुरा, (निसं)।** विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल धर्म नगरी डिग्गी में कुरथल रोड पर मंगलवार की देर शाम बोलेरो में आये नकाबपोश युवकों ने दुकान पर बैठे युवक शंकरलाल साहू को बीच सड़क पर पटक लाठी व डंडों से ताबड़तोड़ वार करते हुये जानलेवा हमला कर दिया। जिसमे युवक के दोनों पांव कई जगह से फ्रैक्चर हो गये।

पीड़ित दुकानदार की और से डिग्गी थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि वो अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान एक बोलेरो गाड़ी में आये तकरीबन आधा दर्जन नकाबपोश युवकों ने फिल्मी स्टाईल में दुकान के बाहर गाडी रोक लाठी व डंडों से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। युवक की चिल्लाने की आवाज सुन उसकी पत्नी व बेटी मकान से बाहर आई तो युवक पर ताबड़तोड़ वार होते देख दोनों मां-बेटी भी हमलावरों पर कूद पड़ी। महिला की हिम्मत देख हमलावर मौके से बोलेरो में बैठ भाग छूटे। दिनदहाड़े बीच सड़क पर जानलेवा हमले की मिली सूचना पर पहुंची डिग्गी थाना पुलिस ने घायल शंकर साहु व हमलावरों की मारपीट से चोटिल हुई उसकी पत्नी को डिग्गी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मालपुरा के लिये रैफर किया।

पीड़ित युवक ने बताया कि इससे पूर्व भी इसी प्रकार उस पर कार सवार बदमाशों ने हमला कर मारपीट की थी जिसके बाद परिवार दहशत में आ गया तथा दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाये। मंगलवार की शाम हुये हमला का सारा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया। जिसके फुटेज डिग्गी थाना पुलिस को दिये गये। लगभग एक वर्ष के अंतराल में युवक पर दूसरी बार जानलेवा हमला होने के बावजूद थाना पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने से पीड़ित परिवारजनों व आसपास के रहने वाले लोगों में थाना पुलिस के प्रति गहरा आक्रोश व सुरक्षा को लेकर दहशत व्याप्त है।

थानाधिकारी कप्तान सिंह ने पीड़ित परिवारजनों को बताया कि अपराधियों की गिरफतारी के लिये टीम गठित कर जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। डिग्गी कस्बे में इस प्रकार दिनदहाड़े बीच सड़क पर व्यापारी के साथ मारपीट करने की घटना से व्यापारी भी दहशत में आ गये। चौबीस घंटे बीत जाने व हमलावरों के फुटेज सामने आने के बावजूद भी डिग्गी पुलिस ने कोई ठोस कार्यवाही व गिरफ्तारी में सफलता नहीं मिली।

- **पुलिस ने घायल व हमलावरों की मारपीट से चोटिल हुई उसकी पत्नी को अस्पताल पहुंचाया**

**Jalore Nagrik Sahakari Bank Ltd. Jalore**
Head Office: Near Haridev Joshi Circle, Jalore 343001 (Rajasthan)
Email: headoffice@jalorebank.com/ Jnsb.acc@Jalorebank.com
Contact No. 9079806434

No. JNSB/1307 Date: April 10, 2024

**विज्ञप्ति**

श्रीमान पंजीयक, सहकारिता, सहकारी विभाग राजस्थान द्वारा वैधानिक अंकेक्षको के नये पेनल का निर्धारण किया जाने के मध्यनजर पूर्व में दिनांक 22 मार्च 2024 को बैंक द्वारा जारी विज्ञप्ति को निरस्त कर वैधानिक अंकेक्षक नियुक्ति हेतु नवीन विज्ञप्ति जारी की गयी है। जिसका सम्पूर्ण विवरण बैंक की वेबसाईट www.jalorebank.com पर उपलब्ध है।

--sd--
(परमानन्द भट्ट)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# रामदेवरा जा रहे श्रद्धालुओं की कार आगे चल रहे ट्रेलर में घुसी, दो की मौत

## हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रेफर किया

**बीकानेर, (निसं)।** जिले में बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में रामदेवरा जा रहे दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें बीकानेर रेफर किया गया है। हादसा नौरंगदेसर में भारतमाला एक्सप्रेस वे पर हुआ। सूचना मिलते ही नापासर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। नापासर एसएचओ जसवीर सिंह ने बताया कि भारतमाला एक्सप्रेस वे पर सुबह एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रेलर में पीछे से जा घुसी। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें नौरंगदेसर के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रेफर कर दिया। हादसे में मारे गए दोनों युवक मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी थे।

जानकारी के मुताबिक कार सवार लोग जैसलमेर जिले में स्थित लोक देवता बाबा रामदेव की धार्मिक स्थली रामदेवरा जा रहे थे। हादसे के वक्त कार में 5 लोग सवार थे जो मध्यप्रदेश के इंदौर से आए थे। लेकिन, बाबा रामदेवरा



भीषण सड़क हादसे में कार चकनाचूर हो गई।


के दर्शन से पहले ही बीकानेर में हादसा हो गया और दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, घायल लोगों का बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में उपचार जारी है। हादसा इतना जबर्दस्त था कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। तेज धमाके की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद घायल लोगों को कार से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे शवों को बाहर निकाला और बीकानेर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर, भीषण हादसे के बाद भारतमाला एक्सप्रेस वे पर जाम लग गया। कई किमी लंबा जाम लग जाने के कारण यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हादसे के करीब दो घंटे बाद पुलिस ने जेसीबी की मदद से कार और ट्रेलर को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया।

- **हादसे में मरने वाले दोनों युवक मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी थे**
- **हादसा इतना जबर्दस्त था कि कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया**

## संक्षिप्त

### वनस्थली सरपंच लक्ष्मण सिंह का निधन

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत वनस्थली के सरपंच लक्ष्मण सिंह का बुधवार की सुबह करीब 8:30 हृदयगति रूक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड गई। उल्लेखनीय है कि 70 वर्षिय वनस्थली सरपंच


लक्ष्मण सिंह

स्व.लक्ष्मणसिह एक मिलनसार, समाजसेवी, व्यवहार कुशल, प्रतिष्ठावान व प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी थे। वह सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। वह समाज सेवा के साथ-साथ ईश्वर में भी सच्ची आस्था रखते थे। उनका अधिकतर समय भगवान की पूजा-पाठ व समाजसेवा में व्यतीत रहा। उन्होंने वनस्थली क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, सडक, बिजली व पेयजल सहित कई विकास के कार्यो में नए आयाम स्थापित किए है।

### पंछी बचाओ परिंडे अभियान

**दूदू, (निसं)।** अंजलि महिला एवं बाल उत्थान संगठन के द्वारा चलाए जा रहे पंछी बचाओ परिंडे अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रजनी कुमावत संस्थापक रामजीलाल शर्मा ने मौजूद सभी कार्यकर्ताओं एवं आमजन से कहा कि परिंडे लगाने के साथ ही उनमें नियमित रूप से पानी डालने की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। अभियान को प्रत्येक गांव स्तर एवं ढाणी तक चलाया जाएगा। इस दौरान प्रभारी प्रीति शर्मा अनीता यादव प्रेम देवी सरस्वती रेगर संतोष देवी सहित अन्य ग्रामीण युवा महिलाएं मौजूद रही।

### मतदान के प्रति किया जा रहा जागरूक

**कोटपूतली, (निसं)।** स्वीप कार्यक्रम गतिविधियों के अंतर्गत सतरंगी सप्ताह के तहत ब्लू कलर थीम की रंगोली बनाई गई। वोटर को मतदाता पर्ची, सी विजील एप, सक्षम एप, वॉटर हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। नारा लेखन व मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीण लोगों को डोर टू डोर जाकर व चौपाल पर जाकर समझाया गया। शत् प्रतिशत मतदान करने पर जोर दिया गया एवं वोट के महत्व को समझाया गया। इस मौके पर स्वीप प्रभारी शेरसिंह कटारिया, दीनाराम गुर्जर, सुभाष रावत, सुभाष पारीक, जयसिंह यादव, जीतू आर्य, दौलत सिंह, प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार शर्मा, उमेश बंसल, विजय गेट, चंद्रशेखर, कानाराम योगी, मुकेश सैनी, सुनील कुमार, बबिता, पूजा बंसल, स्वीटी शर्मा, बबिता मितल, हीना कंवर व गजेंद्र गोठवाल सहित स्टॉफ मौजूद रहा।

### गणगौर सिंजारा प्रतियोगिता

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में बुधवार को जगह जगह पर मातृशक्ति के द्वारा सिंजारा मनाया गया। इस दौरान महिलाओं एवं कन्याओं ने गणगौर

# हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने भूपेंद्र यादव के पक्ष में जनसभा कर मांगे वोट

- मोदी को तीसरी बार पी.एम. और अलवर से भूपेंद्र यादव को सांसद बनाने की अपील

**किशनगढ़बास/राजगढ़/अलवर, (निसं)।** अलवर लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पक्ष में पड़ोसी राज्य हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने तिजारा, अलवर, राजगढ़ में सभा को संबोधित कर मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री और अलवर से भूपेंद्र यादव को सांसद बनाने के लिए वोट मांगे। राजगढ़ में सभा के दौरान बारिश आने के कारण सीएम केवल 10 मिनट ही बोल सके। लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क दौरे पर रहे। हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी बुधवार को सबसे पहले तिजारा पहुंचे जहां उन्होंने सीएल मेमोरियल स्कूल में सभा को संबोधित किया।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में देश के मस्तक को ऊंचा करने और समस्याओं का समाधान करने का काम किया है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो और न्याय यात्रा पर भी हमला बोला और कहा यात्रा निकालने से पहले अपने पुरखों के कार्यों व कार्यकलापों को देख लेते तो शोभा देता। उन्होने कहा कि भूपेंद्र यादव के साथ पार्टी के लिए


तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया।

काम किया है। मैं उन्हें नजदीक से जानता हूं एक मजबूत व्यक्तित्व के साथ विकास की सोच को आगे रख कर चलने वाले हैं। सीएम सैनी ने तिजारा से महंत योगी बालक नाथ को विजय बनाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तिजारा वोट मांगने आया तो उस समय महंत बालक नाथ योगी अपने क्षेत्र में प्रचार कर रहे थे और आज आया हूं तो भूपेंद्र यादव क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं। वैसे तिजारा की धरती मेरे लिए शुभ है, पहले जब आया तो प्रदेश अध्यक्ष बना अब आया हूं तो पार्टी ने हरियाणा का मुखिया बनाकर भेजा है। उन्होंने कहा देश में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो बूथ पर काम करने वाले कार्यकर्ता को देश का मुखिया बनाती है।

इस दौरान तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी ने सीएम नायब सिंह सैनी का स्वागत किया। इस दौरान सभा में मोदी और अलवर में भूपेंद्र यादव के नारे लगाए। सीएम की सभा में राजस्थान सरकार में मंत्री संजय शर्मा मंत्री सुरेश रावत तिजारा विधायक महंत योगी बालक नाथ पूर्व विधायक मां मानसिंह यादव पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा अलका गुर्जर पूर्व सांसद डॉक्टर करण सिंह यादव हरियाणा सरकार में पूर्व मंत्री राम नरवीर सिंह अलवर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता जिला संयोजक संजय नरूका पंडित धर्मवीर शर्मा सहित नेताओं ने लोगों को संबोधित किया और भाजपा के पक्ष में वोट मांगे। दूसरी तरफ किशनगढ़बास के करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों में राजस्थान सरकार में गृहमंत्री जवाहर सिंह बैडम ने बुधवार को सभा कर भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के लिए वोट मांगे हैं। इस दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित भाजपा नेता साथ रहे।

### कवि सम्मेलन में मतदाता सम्मानित

**लालसोट, (निसं)।** विधानसभा में सतरंगी सप्ताह के प्रथम दिवस को सांयकालीन सत्र में हम भी नाचेंगे गाएंगे वोट डालकर आएंगे की बैंगनी रंग की थीम के अंतर्गत मतदान जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकास अधिकारी अभिषेक मीणा पंचायत समिति रामगढ पचवारा ने सभी मतदाताओं से 19 अप्रैल को अधिकाधिक वोटिंग करने की अपील की। रामगढ पचवारा ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल जांगिड ने वोटिंग के लिए आवश्यक सभी 12 वैकल्पिक दस्तावेजों के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार साहू व्याख्याता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोब ने किया। स्वीप समन्वयक विकास गौतम ने बताया कि हम सभी को 19 अप्रैल को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक बीच में वोटिंग करने के लिए तैयार रहना है अपने पडोसियों को अपने परिवार के सभी सदस्यों को वोटिंग करने के लिए कहना है। इस दौरान स्वीप टीम से नाथू लाल मीणा हरि नारायण मीणा कमलेश बैरवा गिर्राज गोपाल शर्मा संजय कुमार जयप्रकाश सैनी ने सभी मतदाताओ का माला पहनाकर स्वागत किया।

# आयो लाल झूलेलाल के जयकारों के साथ मनाया चेटीचंड का पर्व

- चेटीचंड महोत्सव पर हुए सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम

**देवली, (निसं)।** शहर में भगवान झूलेलाल जयंती के महोत्सव पर पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सिंधी पंचायत के अध्यक्ष विनोद धर्मानी ने बताया कि झूलेलाल जयंती महोत्सव को लेकर शहर में प्रतिदिन सुबह नगर कीर्तन निकाला गया।

इस दौरान आराध्य भगवान झूलेलाल के भजन कीर्तन हुए। बुधवार को जयंती के उपलक्ष पर प्रात: नगर कीर्तन निकाला गया एवं वाहन रैली में समाज के लोगों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। बुधवार दोपहर को भगवान का अटूट लंगर भक्तों के बीच वितरण किया गया एवं सायं 4 बजे शहर भर में झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली गई। भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में पुरुष व महिलाओं ने जमकर नृत्य करते हुए कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस अवसर पर सिंधी पंचायत के नरेंद्र सुखवानी विनोद धर्मानी हरीश माधवानी सुनील माधवानी नानकराम


भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में पुरुष व महिलाओं ने जमकर नृत्य करते हुए कार्यक्रम का आनंद उठाया।

रुपेता दौलत खत्री पीयूष खत्री भेरू मल खत्री पवन बख्शीश बिस्नानी अनिल माधवानी विजय लालवानी रूपेश रूपेता तुलसी खत्री सहित कई सेवादारों ने कार्यक्रम में बढ-चढकर सेवाएं दी। **मालपुरा।** भगवान झूलेलाल की जयंती बुधवार को सिंधी समाज द्वारा चेटिचण्ड पर्व के रूप में मनाया गया। पूज्य सिंधी पंचायत मालपुरा द्वारा समाज अध्यक्ष डॉ. अजुन दास धनजाणी की अगुवाही में चेटिचण्ड का पर्व उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चेटिचण्ड पर्व पर व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रख आयो लाल झुलेलाल सबईचो बेडापार के जयकारे लगाते हुये चेटिचण्ड मनाया। शोभायात्रा मे सजी नाना प्रकार की झांकियां तथा एक ही रंग के परिधान में सजी महिलाऐं व पुरूषों के सिर पर लगी झुलेलाल की टोपी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही।

**किशनगढबास।** सिंधी समाज द्वारा चेटीचंड महोत्सव पूरे जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। प्रभात फेरी, शोभायात्रा, भंडारा का आयोजन हुआ। **निवाई।** पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में बुधवार को झूलेलाल जंयती पर चेटीचंड मेले का आयोजन किया गया। महेंद्र मेठवानी व सुरेश डासवाणी ने बताया कि बुधवार की सुबह आठ बजे सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में समाज के लोग वैदिक आचार्यो के सानिध्य में शिव पंचायत, भगवान झूलेलाल व बालाजी सहित विभिन्न देवी देवताओं का जल और पंचामृत से अभिषेक किया। उसके बाद 11 बजे सिंधी समाज के लोगों ने छोटे बच्चों का सामूहिक मुंडन करवाया। दोपहर साढे 12 बजे पूज्य बेहराणो अखा साहब आरती का आयोजन किया गया। चेटीचंड पर्व के चलते सिंधी समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रहे।

# महिला वर्ग में जे.डी हॉस्पिटल रींगस 2-1 से विजेता

- पुरूष वर्ग में राजस्थान टाईल्स रही विजेता
- दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** गांव लाखनी के माणा बाबा धाम पर दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। श्री माणा बाबा सेवा समिति अध्यक्ष बलदेव बाजिया व सचिव सरदार मल ने बताया कि समारोह के अतिथि जे.डी हॉस्पिटल रींगस के निदेशक डॉ.आर.एस जाखड, गुरु कृपा स्कूल बावडी प्रिंसिपल शशि ढाका, राजेन्द्र गठाला, धायल अस्पताल के निदेशक डॉ. एचएस धायल, राधा कृष्ण रणवा, महेश जाखड, बलराम जाखड सहित अन्य थे।

श्री माणा बाबा सेवा समिति ने बताया कि महिला वर्ग में वॉलीबॉल का फाइनल मैच जे.डी हॉस्पिटल रींगस व राजस्थान पुलिस जयपुर के मध्य हुआ जिसमें जेडी हॉस्पिटल 2-1 से विजेता रही। उप विजेता राजस्थान पुलिस, तृतीय स्थान में करनाल रही। महिला विजेता टीम को 31 हजार, उपविजेता को 11 हजार, तृतीय स्थान को ईक्यावन सौ रूपये व ट्राफियां देकर सम्मानित किया गया। महिला वर्ग की बेस्ट प्लेयर कविता सुथार को दर्शकनों ने 11 हजार रूपये व श्री माणा बाबा सेवा समिति द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। पुरूष वर्ग में राजस्थान टाईल्स विजेता, उप विजेता जाट रेजिमेन्ट, तृतीय स्थान जे.डी हॉस्पिटल रींगस रही। पुरूष वर्ग में बेस्ट प्लेयर विक्की जोन को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरूष विजेता टीम को 51 हजार, उप विजेता को 21 हजार, तृतीय स्थान टीम को 11 हजार व ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया।

इंटरनेशल व नेशनल खिलडियों ने प्रतियोगिता में चार चांद लगाकर दर्शकों को रूझाया। ऐसी प्रतियोगिता से गांव व आसपास के क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन व खेल के प्रति रूचि पैदा होगी। इस अवसर पर झाबर सिंह बाजिया, जगदीश प्रसाद बाजिया, दशरथ सिंह, शीशराम, बलवीर बिजारणियां, जगनसिंह, छीगन सिंह, सूरजमल, बलवीर सिंह राबिया, सतीश सिंह, रिछपाल ठेकेदार, संदीप शर्मा, गीगाराम, बंशीधर, भागीरथ गढवाल , हरफूल बाजिया व भामाशाह, सेवा समिति के अन्य सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

# गणगौर महोत्सव आज

**जयपुर, (निसं)।** गणगौर राजस्थान के सबसे रंगीन और शुभ त्योहारों में से एक है-वसंत, फसल और वैवाहिक निष्ठा का उत्सव। जबकि 'गण' भगवान शिव का दूसरा नाम है, 'गौर' गौरी उर्फ पार्वती, उनकी पत्नी का प्रतीक है, जो वैवाहिक आनंद का प्रतीक भी है। 18 दिवसीय उत्सव विवाहित और अविवाहित दोनों महिलाओं द्वारा मनाया जाता है जहाँ वे उपवास करती हैं, महिलाएं लाल बंधनी साडी पहनती हैं और पगडी पहने पुरुष ईसर और पार्वती की मिट्टी की मूर्तियों की पूजा करते हैं। इसी के तर्ज पर एक बार फिर 11 मार्च को सुबह 11 बजे से शाहपुरा गणगौर महोत्सव , रावला मोती महल में आयोजित किया जा रहा हैं। आयोजन रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन द्वारा एवं फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी टूरिज़्म राजस्थान व होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान और पर्यटन विभाग के सहयोग से किया जाएगा। रावला मोती महल से शाम 5 बजे ईसर महाराज और गणगौर माता की भव्य शोभायात्रा पूरे शाही धूमधाम के साथ शुरू होगी। इस दौरान कस्बे में देशी-विदेशी सैलानियों ने उत्सव का आनंद लेगे। रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट के अधिराज सिंह ने बताया कि शाहपुरा गणगौर महोत्सव के प्रमुख आकर्षण राजस्थान के स्थानीय कलाकारों और लोक संगीतकारों के सांस्कृतिक प्रदर्शन, कई प्रकार के क्षेत्रीय कालबेलिया, चरी नृत्य (नृत्य) जैसे मयूर, नृत्य, हॉर्स शो और अन्य पारंपरिक खेल रहेंगे। इसके अलावा देश के विभिन्न हिस्सों के कलाकार अर्थात् अपनी सुरीली धुनों और ट्विंकल टोज से शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। शाहपुरा के इस गाँव के दलित वर्गों के उत्थान के लिए काम करने वाली रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट ने भी एक समारोह में स्थानीय कारीगरों, शहीद, आईएएस/आईपीएस, खिलाडी स्टेट/इंडिया, लोकल पुलिस, नगर पालिका टॉपर स्टूडेंट शाहपुरा/विराटनगर पुरुष/महिला, महिला सोशल वर्कर आदि को सम्मानित किया।

## सार-समाचार

### आरोपियों को गिरफ्तार किया

**उनियारा/चौरु, (निसं)।** उनियारा उपखंड क्षेत्र के अलीगढ़ थाना पुलिस की खाकी फिर से चमकी और इसकी चर्चा पश्चिमी बंगाल तक हो उठी। थानाधिकारी सुरेश चौधरी मय टीम थाना क्षेत्र की खेडली कंजर बस्ती में मुखबीर की सूचना पर दबिश देने पहुंचे थे। जहाँ पर 29 मार्च को कंजर बस्ती में नाबालिग संदिग्ध अवस्था में मिली। जिसको लेकर पुलिस थाना अलीगढ पहुंची। मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। वही बच्ची के बयान के आधार पर पश्चिमी बंगाल पुलिस से सम्पर्क किया गया। वहाँ पर मामला दर्ज होने के कारण पश्चिमी बंगाल सब इंस्पेक्टर विजय कुमार यादव मय टीम अलीगढ़ थाना पहुंचे। बच्ची ने थानाधिकारी सुरेश चौधरी की खाकी पर विश्वास जताते हुए आरोपियों की जानकारी सहित अन्य जानकारी दी। जिस पर अलीगढ थानाधिकारी-चौथ का बरवाडा थानाधिकारी हरिमन मीणा तथा पश्चिमी बंगाल मय टीम ने लगातार पांच दिन की मेहनत कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

### वाहनों की भिड़ंत में दो महिला घायल

**टोंक, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के सामने 52 पर सुबह लगभग 9 से 10 बजे के बीच तेज गति से आ रही फॉर्च्यूनर कार की बोलेरो कार से भिड़ंत हो गई। सदर थाने के एएसआई बाबूलाल खटाना ने बताया कि जयपुर से कोटा की तरफ तेज गति से जा रही फॉर्च्यूनर कार ने बोलेरो कार को पीछे से टक्कर मार दी। बोलेरो कार के ड्राइवर की सूझबूझ से बडा हादसा होते होते टल गया। भिडंत इतनी तेज थी की आसपास के लोग घटना स्थल की ओर तेजी से दौडे और कार सवारों को बाहर निकाला जबकि बोलेरो कार एक साइड से दूसरी साइड की तरफ जा गिरी जिसमे लगभग 8 से 10 सवारियां सवार थी। जिसमे 2 महिलाओं को मामूली चोट आने से चिकित्सालय भेजा जहा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। पुलिस द्वारा बताया गया की दोनों तरफ से अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं करवाया गया है और दोनों गाडियों को पुलिस ने जप्त कर थाने ले आई व अनुंधान जारी है।

### फुले जयंती पर होगा रक्तदान शिविर

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय आदर्श सैनी समाज द्वारा सैनी विकास संगठन के तत्वाधान में गुरूवार 11 अप्रैल को डाबला रोड स्थित श्री नारायणा गार्डन में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 197 वीं जयंती मनाई जायेगी व विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य चौराहा स्थित महात्मा ज्योतिबा राव फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। वहीं सैनी महासभा का आयोजन कर जिला कोटपूतली-बहरोड़ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया जायेगा। आगामी 10 मई को त्रिवेणी धाम में प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। बुधवार को सैनी समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बबलू बबेरवाल, मंगलचंद सैनी, श्यामसुंदर सैनी, प्रकाश सैनी, मालीराम सैनी, कैलाश, राधेश्याम सैनी, श्रीराम सैनी, गंगाराम सैनी, रामजीलाल सैनी, रामस्वरूप रोलावन, लीलाराम सैनी, मोनू सैनी, उदय तौंदवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

### बीसीएमओ ने लिया चिकित्सा सुविधाओं का जायजा

**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम सरूण्ड स्थित सरूण्ड माता मंदिर में नवरात्र के अवसर पर 9 दिनों तक मय एम्बुलेंस एवं स्टॉफ के चिकित्सा सेवायें उपलब्ध करवाई जा जा रही है। इसको लेकर एसडीएम के निर्देश पर बीसीएमओ डॉ. पूरणचंद गुर्जर द्वारा मंगलवार से 104 एम्बुलेंस, मोबा ल मेडीकल यूनिट (एमएमवी) को मय चिकित्सा स्टॉफ के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवायें उपलब्ध करवाने के लिये आदेशित किया जा चुका है। बुधवार को मेले में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में माता के मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालूओं को चिकित्सा सेवायें उपलब्ध करवाई गई। बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने शिविर में पहुंचकर चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पाई गई कमियों को तुरन्त प्रभाव से दुरूस्त करवाकर श्रद्धालूओं को बेहतर चिकित्सा सुविधायें देने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वयं श्रद्धालूओं की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाई।

### पशुपालकों को मतदान की अपील

**टोंक, (निसं)।** भारत निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा के निर्देश पर जिले के समस्त पशु चिकित्सालय प्रभारियों द्वारा मतदाता जागरूकता गतिविधियां (स्वीप) निरंतर आयोजित की जा रही है। स्वीप गतिविधियों के तहत ब्लॉक देवली में स्थित पशु चिकित्सालय राजमहल में पशु चिकित्सालय की प्रभारी अधिकारी डॉ. दीप्ति मीणा के नेतृत्व में चिकित्सालय परिसर में मतदाता जागरूकता शपथ पत्र जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। पशुचिकित्सालय प्रभारी डॉ. मीणा ने बताया कि ग्राम का कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे इस उद्देश्य को लेकर चिकित्सालय में कार्यरत समस्त कार्मिकों को मतदान दिवस तक स्वीप गतिविधियां लगातार जारी रखने के निर्देश दिए गये है। उन्होंने समस्त कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वीप गतिविधियों में किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारियों को प्रतिष्ठान के बाहर कचरा पात्र रखने के निर्देश

### बैठक में समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श किया

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने नगर व्यापार महासंघ के सभी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शहर की सभी प्रमुख समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया। वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष होशियार सिंह कसाना ने शहर में डिवा डरों को छोटा करने, शहर में पार्किंग व्यवस्था किये जाने, बाजारों में महिला व पुरूष शौचालय बनवाने समेत नगर परिषद द्वारा बाजारों में लगाई गई लाईटों से जुड़ी समस्याओं से अवगत करवाया। इस पर आयुक्त जाट ने अतिशीघ्र समस्याओं के निवारण किये जाने की बात कही। आयुक्त ने कहा कि शहर में सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर कचरा पात्र रखें। नगर परिषद द्वारा शाम के समय कचरा एकत्रित करने हेतु गाडियां भेजी जायेगी जिनमें अपने प्रतिष्ठानों का कचरा डालें एवं रोड़ पर कचरा नहीं डाले। इस दौरान वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष होशियार सिंह कसाना, महामंत्री ख्यालीराम सैनी, कोषाध्यक्ष व सुभाष चंद अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# देश में व्याप्त अंधकार को दूर करने में पतंजलि का बड़ा योगदान : स्वामी गोविन्द गिरि

## 350 वर्ष पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा जो पुरुषार्थ किया गया, वैसा ही पुरुषार्थ 100 करोड़ सनातनधर्मियों को करना है : स्वामी रामदेव

**हरिद्वार, (निसं)।** परम पूज्य स्वामी गोविन्ददेव गिरि महाराज के श्रीमुख से ''छत्रपति शिवाजी महाराज कथा'' के दूसरे दिन का शुभारम्भ पतंजलि विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ। पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज ने व्यासपीठ को प्रणाम करते हुए पूज्य गोविन्ददेव गिरि महाराज से कथा प्रारंभ करने का अनुरोध किया।

कथा में स्वामी गोविन्द देव गिरि महाराज ने कथा में बताया कि जो कार्य भगवान श्रीराम, भगवान श्री कृष्ण ने किया, यदि वैसा ही कार्य शिवाजी महाराज न करते तो न पतंजलि योगपीठ बनता और न हम योग का नाम ले सकते, कुछ और ही कर रहे होते। उन्होंने कहा कि मेरे अंदर सभी महापुरुषों को लेकर बडा आदर है लेकिन महर्षि दयानंद सरस्वती के लिए विशेष आदर है


परम पूज्य स्वामी गोविन्ददेव गिरि महाराज के श्रीमुख से 'छत्रपति शिवाजी महाराज कथा' के दूसरे दिन का शुभारम्भ पतंजलि विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ।

क्योंकि उन्होंने अंठोजी का एक भी अक्षर पढे बिना राष्ट्रीयता का उत्थान किया। विशुद्ध वैदिक, विशुद्ध भारतीय प्रेरणा स्वामी दयानंद सरस्वती की ही देन है। देश बडा है, अंधकार घना है, अज्ञान पीढियों से जमा है, उनको दूर करने के लिए प्रयासों की भी आवश्यकता है। और इन प्रयासों में पतंजलि योगपीठ का बहुत बडा योगदान है। देश जगना चाहिए, अभी पूरा जगा नहीं है। मानसिक गुलामी अभी भी है। इस अवसर पर स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि आज छत्रपति शिवाजी महाराज ने देश को मात्र राजनैतिक नेतृत्व ही नहीं दिया अपितु सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व वैचारिक दृष्टि से यह राष्ट्र कैसे गौरवशाली बने, परम वैभवशाली बने और युग-युगान्तरों तक इसकी कीर्ति रहे, इसके लिए बडा आन्दोलन खडा किया। 350 वर्ष पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा जो पुरुषार्थ किया गया, वैसा ही पुरुषार्थ 100 करोड सनातनधर्मियों को करना है, उसके लिए पूज्य स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज छत्रपति शिवाजी का चरित्र श्रवण करा रहे हैं। आज से 35 वर्ष पूर्व योग, आयुर्वेद व स्वदेशी की यह यात्रा शून्य से प्रारंभ हुई और आज इसने विराट् स्वरूप ले लिया। छत्रपति शिवाजी महाराज इस बात के प्रतीक हैं कि जो शत्रु पक्ष है, उसका बोध भी हो। यह शत्रु किसी एक पक्ष में नहीं होते अपितु विधायिका में, कार्यपालिका में, न्यायपालिका में, मीडिया में, शिक्षा में, चिकित्सा में पग-पग पर आपको शत्रुओं का समाना करना पडेगा और उन शत्रुओं के साथ संघर्ष करते हुए एक यौद्धा के रूप में विजयी होकर हम निकलें यह पूज्य महाराजश्री ने हमको प्रेरणा दी। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ से सम्बद्ध समस्त इकाइयों के इकाई प्रमुख, अधिकारीगण, विभागाध्यक्ष, पतंजलि विश्वविद्यालय, आचार्यकुलम्, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय, पतंजलि गुरुकुलम्, पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन, पतंजलि कन्या गुरुकुलम्, वैदिक गुरुकुलम् इत्यादि सभी शिक्षण संस्थान के शिक्षकगण, विद्यार्थीगण, पतंजलि संन्यासाश्रम के समस्त संन्यासी भाई व साध्वी बहनें, पतंजलि योगपीठ फेस-1 व फेस-2 के थैरेपिस्ट, चिकित्सक सभी कर्मयोगी भाई-बहन आदि उपस्थित रहे।

# टीम स्वच्छता सेवा दल ने दीपक जला हिंदू नववर्ष मनाया

- दुर्गा माता मंदिर में 1151 दीपकों से भारत का नक्शा बनाया

**कोटपूतली, (निसं)।** टीम स्वच्छता सेवा दल द्वारा चैत्र नवरात्रा स्थापना एवं हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 के उपलक्ष्य में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संयोजक प्रवीण बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र नवरात्रि स्थापना एवं हिंदू नववर्ष के अवसर पर दुर्गा माता मंदिर में संध्या बेला के समय 1151 दीपकों से भारत के नक्शे पर जय माता दी लिखकर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने हिंदू नववर्ष पर मंदिर में पूजा पाठ एवं दीपोत्सव का आयोजन कर धूमधाम से नववर्ष मनाया। संरक्षक महेश मीणा ने बताया कि क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख शांति की कामना करते हुए दुर्गा माता मंदिर में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर मंहत पं. योगेश शर्मा एवं भाजपा नेता मुकेश गोयल ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शर्मा ने टीम के कार्यकर्ताओं एवं मंदिर में आये सभी श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर प्रसाद वितरण किया एवं चैत्र नवरात्रा स्थापना एवं हिंदू नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया। हिंदू नववर्ष दीपोत्सव कार्यक्रम में सैकडो की संख्या में श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं ने दीपक जलाकर हिंदू नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें दी।

इस मौके पर डॉ. अश्वनी गोयल, मंजू मीणा, विमल गोयल, शिवकुमार गुप्ता, पार्षद प्रमोद सैनी, हेमंत मोरीजावाला, मुदित शर्मा, आशीष शर्मा, रवि बालास्या, बबलू मीणा, पराग गुप्ता, अमन शर्मा, रितेश शर्मा, अशोक शर्मा, आशीष मित्तल, अपूर्व गोयल, सौरव अरोड़ा, दीपक गोयल, अमित सैनी, राहुल बंसल, सुमित बिदाणी, मनीष, मनोज अग्रवाल व राहुल मोरीजावाला सहित बडी संख्या में श्रद्वालु मौजूद थे।



विराट कोहली के फिटनेस का कायल हर कोई है, फिर चाहे वो पूर्व क्रिकेटर हों या फैंस। उन्होंने अपने करियर के 15 वर्षों में एक बेंचमार्क सेट किया।
-अजीत अगरकर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, विराट कोहली के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



### रोहित शर्मा

**मुंबई इंडियंस** के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने आईपीएल में  के साथ 13 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर एमआई फ्रेंचाइजी ने पर पोस्ट शेयर किया है। बता दें कि रोहित शर्मा ने साल 2011 में मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल में अपना डेब्यू किया था। रोहित तब से अबतक  का अभिन्न अंग बन चुके हैं। मुंबई के साथ रोहित शर्मा साल 2011 में जुड़े थे। तब से वह फ्रेंचाइजी के लिए लगातार खेलते हुए आए हैं। मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा ने 200 से ज्यादा आईपीएल मैचों में 5 हजार रन बनाए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** 8 दिसंबर 1981 को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच निर्धारित मैच विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के कारण रद्द कर दिया गया था।

## आखिरी बॉल पर चौका लगाकर राशिद खान ने गुजरात को विजयी बनाया

### तेवतिया-राशिद ने आखिरी 2 ओवर में 35 रन बनाए, राजस्थान का विजयी रथ रोका




जयपुर, 10 अप्रेल। गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 24वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 3 विकेट से हराया। गुजरात ने दो मुकाबले हारने के बाद जीत हासिल की है।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बुधवार को गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाए। 197 रन का टारगेट गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया।

राहुल तेवतिया और राशिद खान की जोड़ी ने आखिरी दो ओवर में 35 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 44 बॉल पर 72 रन बनाए। जबकि साई सुदर्शन ने 29 बॉल पर 35 रन का योगदान दिया। कुलदीप सेन ने 3 विकेट झटके, जबकि युजवेंद्र चहल को दो सफलतां मिलीं।

से रियान पराग ने 48 बॉल पर 76 रन बनाए, जबकि कप्तान संजू सैमसन 38 बॉल पर 68 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 78 बॉल पर 130 रन की शतकीय साझेदारी की। यशस्वी जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए। उमेश यादव, राशिद खान और मोहित शर्मा को एक-एक विकेट मिला।

## हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

पर्थ, 10 अप्रेल। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ हॉकी स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 2-1 से हराया। भारत के लिए जुगराज सिंह ने 41वें मिनट में एकमात्र गोल किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवार्ड ने 44वें और 49वें मिनट में दो गोल दागे। खेल के शुरुआती 15 मिनट में ऑस्ट्रेलियाई टीम का दबदबा रहा। ऑस्ट्रेलिया ने खेल के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश के शानदार बचाव किया। पहले क्वार्टर के आखिर में ऑस्ट्रेलिया ने एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन वेंह भारतीय रक्षापंक्ति उसे भी नाकाम कर दिया।

## गणानाशेखरन और मनिका मिश्रित युगल में करेंगे स्पर्धा

हाविरोव, 10 अप्रेल। भारत के साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा 11 और 12 अप्रैल को वर्ल्ड मिश्रित युगल टेबल टेनिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में पेरिस 2024 कोटा हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। चेक गणराज्य के हाविरोव में होने वाले मुकाबले में 26 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। वर्तमान में आईटीटीएफ मिश्रित युगल विश्व टेबल टेनिस रैंकिंग में जी साथियान और मनिका बत्रा 18वें स्थान पर हैं। आपको बता दें कि पेरिस ओलंपिक में मिश्रित युगल वर्ग में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। क्वालीफायर मुकाबले दो चरणों में आयोजित किये जायेंगे।

## धोनी की जगह कोई नहीं ले सकता : अगरकर



नई दिल्ली, 10 अप्रेल। महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी कप्तानी में भारत को दो-दो वर्ल्ड कप जिताए हैं। एक बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब भी दिलाया है। टेस्ट रैंकिंग में भी टीम इंडिया को नंबर-1 बनाया है और चेन्नई सुपर किंग्स भी उनकी अगुवाई में 5 बार खिताब जीत चुकी है। यही कारण है कि धोनी को बेहतरीन कप्तानों में से एक माना जाता है। वहीं चीफ सेलेक्टर और पूर्व भारतीय खिलाड़ी अजीत अगरकर ने धोनी की तारीफ की है। साथ ही कहा कि सॉफ्टवेयर और डेटा के युग में भी धोनी की निर्णय क्षमता गजब की है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी चीजें कितनी भी आगे बढ़ जाएं धोनी का मुकाबला नहीं कर सकती। दरअसल, अजीत अगरकर ने कहा कि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कभी भी धोनी जैसे किसी व्यक्ति की जगह नहीं ले सकती। धोनी की कप्तानी की समझ सबसे अलग है और उनके निर्णय बहुत सटीक रहते हैं।

## एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में 30 युवा भारतीय पहलवान करेंगे स्पर्धा

बिश्केक, 10 अप्रेल। किर्गिस्तान में गुरुवार से शुरु हो रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 10 महिला, 10 पुरुष फ्रीस्टाइल और 10 ग्रीको-रोमन समेत कुल 30 युवा भारतीय पहलवान प्रतिस्पर्धा करेंगे। 11 से 16 अप्रैल तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सरिता मोर, पिछले साल अम्मान में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले अंतिम कुंडू और अंडर 23 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यू, बिश्केक में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में भारतीय कुश्ती टीम की अगुवाई करेंगे।

19 अप्रैल से होने वाले एशियाई ओलंपिक कुश्ती  क्वालीफायर के कारण अधिकांश शीर्ष भारतीय पहलवान इस साल की एशियाई कुश्ती  चैंपियनशिप में भाग नहीं ले रहे हैं। जिसके कारण इस चैंपियनशिप में एक युवा भारतीय कुश्ती टीम दिखेगी।

भारत ने अब तक कुश्ती में केवल एक पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया  है। अंतिम पंघाल ने 2023 विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 53 किग्रा में कांस्य पदक जीतने के बाद कोटा हासिल किया था।

2021 अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली 25 वर्षीय  अंजू ने भारतीय टीम में अंतिम पंघाल की जगह ली है। अंजू ने पिछले महीने 53  किग्रा चयन ट्रायल अपने नाम किया था और सेमीफाइनल में दो बार की विश्व  चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट को हराया था।

अम्मान में आयोजित महाद्वीपीय चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में, भारतीय  पहलवानों ने एक स्वर्ण, तीन रजत और 10 कांस्य समेत 14 पदक जीते थे। पुरुषों  के 57 किग्रा में अमन सेहरावत ने शीर्ष स्थान हासिल किया था।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप के बाद से वर्ल्ड रेसिंग गवर्निंग बॉडी ने भारतीय रेसलिंग फेडरेशन (डब्ल्यूएफआई) को निलंबित करने के बाद भारतीय पहलवान यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। पिछले महीने इस प्रतिबंध को हटा दिया गया है।

## 8 खिलाड़ी रिटेन करना चाहती हैं टीमें

### मेगा ऑक्शन इस साल के अंत में, पर्स की रकम बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग टीमों के मालिकों की एक बैठक बुलाई है, जो 16 अप्रैल को अहमदाबाद में होगी। मीटिंग में इस साल होने वाले मेगा ऑक्शन और प्लेयर रिटेंशन नंबर पर चर्चा होगी।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल होने वाले मेगा ऑक्शन में रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इस पर  टीम मालिकों के अलग-अलग विचार हैं। नंबर पर कोई स्पष्ट सहमति नहीं है और माना जा रहा है कि  इस पर बातचीत करना चाहता है। एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, चीजें अभी शुरुआती स्टेज पर हैं।

लीग को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। इसमें प्लेयर रिटेंशन अहम है। ज्यादातर टीम मालिक इस फैसले के समर्थन में हैं कि वह मेगा ऑक्शन से पहले 8 प्लेयर्स को रिटेन कर पाएं।

## कमिंस ने नितिश कुमार के प्रदर्शन की सराहना की

मुल्लांपुर, 10 अप्रेल। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने नितिश कुमार रेड्डी के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना की है। मैच के बाद कमिंस ने कहा कि रेड्डी ने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन किया। शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी, अच्छे क्षेत्ररक्षण और तीन ओवर गेंदबाजी कारण ही हम 180 के स्कोर के ऊपर पहुंचने में सफल रहें। नीतिश ने कहा, मेरा प्रदर्शन टीम में योगदान के लिए था। मैं लगातार स्वयं से बात किए जा रहा था कि मुझे खुद पर भरोसा रखना है और टीम के लिए पिच पर खड़ा रहना है। उनके तेज गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे। मैं उन्हें कोई मौका नहीं देना चाह रहा था। लेकिन जब उनके स्पिनर्स आएं तो मैंने उन पर आक्रमण खेल दिखाया।

## डी गुकेश ने नेपोम्नियाश्चि के साथ हासिल की संयुक्त बढ़त, अजरबैजान के निजात को दी मात



नई दिल्ली, 10 अप्रेल। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अजरबैजान के निजात अबासोव को एक कड़े मुकाबले में हराकर रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढत हासिल कर ली है और फिडे शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जीत दर्ज करने वाले वह इकलौते भारतीय बने। डबल राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के नौ दौर अभी बाकी है।

17 साल के गुकेश और नेपोम्नियाश्चि 3 . 5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने नेपोम्नियाश्चि के साथ ड्रॉ खेला। विदित गुजराती ने कारूआना के साथ ड्रॉ खेला। प्रज्ञानानंदा और नकामूरा 2.5 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं जबकि गुजराती के दो अंक हैं। अलीरजा और अबासोव 1.5 अंक लेकर आखिरी स्थान पर हैं। महिला वर्ग में चारों मुकाबले ड्रॉ पर छूटे। प्रज्ञानानंदा की बहन आर वैशाली ने अन्ना मुजिचुक से और कोनेरू हम्पी ने रूस की अलेक्जेंद्रा गोरियाश्किना से ड्रॉ खेला। शीर्ष पर काबिज चीन की झोंग्यी तान को बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने और रूस की कैटरीना लागनो को चीन की टी लेइ ने ड्रॉ पर रोका। तान 3.5 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि गोरियाश्किना के तीन अंक हैं।

## अमेरिका ने कनाडा को टी-20 मुकाबले में 31 रन से हराया

ह्यूस्टन, 10 अप्रेल। कप्तान मयंक पटेल 68 रन, एंड्रीज गूस 57 रन और स्टीवन टेलर की 54 रनों की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत अमेरिका ने कनाडा को दूसरे टी-20 मुकाबले में 31 से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही अमेरिका ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है।

231 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कनाडा की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में श्रीमंथा विजयरत्ने शून्य का विकेट गवां दिया। सलामी बल्लेबाज एरोन जॉनसन ने 40 गेंदों में छह चौके और छह छक्के लगाते हुए सर्वाधिक 74 रनों की पारी खेली। परगट सिंह 27 रन, निकोलस किर्टन 21 रन, और डिलन हेइलिगर 11 रन बनाकर आउट हुये। हर्ष ठाकेर 17 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहे। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। अमेरिकी गेंदबाजों ने कनाडा की टीम को 19.4 ओवर में 199 रन पर समेटते हुए मुकाबला 31 रनों से जीत लिया। सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वैन शल्कविक और हरमीत सिंह ने दो-दो विकेट लिये। नोस्टुश केन्जिगे, जेस्सी सिंह, निसर्ग पटेल और स्टीवन टेलर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले कनाडा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की एंड्रीज गूस और मयंक पटेल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 104 रनों की शतकीय साझेदारी कर टीम को एक मजबूत शुरुआत दी। नौवें ओवर में प्रवीण कुमार ने स्टीवन टेलर को आउट कर अमेरिका को पहला झटका दिया।

टेलर ने 25 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाये। उसके बाद कप्तान मयंक पटेल 68 रन को जफर ने आउटकर पवेलियन भेज दिया। मयंक ने 35 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाये। एंड्रीज गूस ने 35 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए 57 रन की पारी खेली। एरोन जोन्स 34 रन और शैडली वैन शल्कविक 13 रन बनाकर नाबाद रहे। जोंस ने 34 रन की पारी में चार छक्के भी लगाये। अमेरिका ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 230 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऋषिव जोशी, परवीन कुमार और साद बिन जफर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## न्यूजीलैंड के पूर्व लेगस्पिनर अलबास्टर का निधन

क्रॉमवेल, 10 अप्रेल। न्यूजीलैंड के पूर्व लेगस्पिनर जैक अलबास्टर का निधन हो गया है। वह 93 वर्ष थे। न्यूजीलैंड के सर्वश्रेष्ठ लेगस्पिनरों में से एक जैक अलबास्टर का मंगलवार रात क्रॉमवेल में निधन हो गया है। उन्होंने 1955 और 1972 के बीच 21 टेस्ट खेले और 49 विकेट लिए। वह न्यूजीलैंड के पहले चार टेस्ट जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। पूर्व लेगस्पिनर जैक ने 1955-56 में भारत और पाकिस्तान, 1958 में इंग्लैंड, 1961-62 में दक्षिण अफ्रीका और 1971-72 में वेस्ट इंडीज का दौरा भी किया था। इस दौरान उन्होंने पहले दो टेस्ट खेले थे और गैरी सोबर्स को बोल्ड करके सीरीज में अपना एकमात्र विकेट लिया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 22 विकेट लिए। उन्होंने 180 रन देकर आठ विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड ने जैक अलबास्टर के टीम का हिस्सा बनने के साथ विदेश में पहला टेस्ट जीता और तीसरे टेस्ट श्रृंखला में 1-1 से बराबरी करी। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में ओटागो का प्रतिनिधित्व करते हुए 143 प्रथम श्रेणी मैच खेले और 500 विकेट लिए।

## तीन अलग चोट के कारण खेल से दूर था, खुद को बेहतर बनाने के लिए करनी पड़ी कड़ी मेहनत : सूर्यकुमार यादव



मुंबई, 10 अप्रेल। भारत और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को बताया कि वह पिछले तीन महीनों में तीन अलग-अलग चोट से जूझ रहे हैं लेकिन 'उबाऊ' रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरने के बाद उन्होंने खुद को 'बेहतर' बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज ने पिछले सप्ताह चोट से उबर कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वापसी की थी। उन्होंने बताया कि वह 'स्पोर्ट्स हर्निया' के अलावा टखने और दाहिने घुटने में चोट की समस्या का भी सामना कर रहे थे। 'स्पोर्ट्स हार्निया' से उबरने के लिए उन्हें सर्जरी करानी पड़ी।

यादव ने आईपीएल की ओर से जारी एक वीडियो साक्षात्कार में कहा, ''मुझे एक साथ दो-तीन अलग-अलग चोट का सामना करना पड़ा। स्पोर्ट्स हर्निया, टखना और फिर दायां घुटना। मुझे एक समय में एक कदम उठाना था, छोटी-छोटी चीजों का पालन करना था और आज मैं मैदान पर आकर वास्तव में खुश हूं।'' इस 33 साल के बल्लेबाज ने कहा कि उनके लिए चोट से उबरने की प्रक्रिया काफी उबाऊ थी लेकिन उन्होंने इस समय का पूरा फायदा उठाने की सोची। उन्होंने कहा, '' मेरे लिए पिछले तीन या साढ़े तीन महीने के बारे में बात करना काफी मुश्किल है।

शुरुआती दो तीन सप्ताह में यह परेशान करने वाला था क्योंकि मुझे लगता था कि रिहैबिलिटेशन में एक ही चीज बार-बार कर रहा हूं।'' सूर्यकुमार यादव ने कहा, '' चौथे-पांचवें सप्ताह से मुझे लगा कि भविष्य के लिए यह जरूरी है।'' उन्होंने कहा कि इस दौरान पत्नी के साथ बातचीत ने उनका नजरिया बदला।

इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा, ''जब मैंने पत्नी और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के लोगों से बात की, तो उन्होंने कहा कि आपको खुद में बदलाव लाना होगा, जब आप मैदान पर वापस आएंगे तो आपको थोड़ा अलग होना होगा। मैंने समय पर सोने, बेहतर आहार लेने जैसी सभी छोटी चीजें करना शुरू कर दिया। यह सबसे महत्वपूर्ण था।'' सूर्यकुमार ने कहा कि खेल से दूर रहने से उन्हें उन पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली जिन्हें उन्होंने नजरअंदाज कर दिया था और इससे उन्हें तेजी से ठीक होने में मदद मिली। उन्होंने कहा, '' मैंने अपनी जिंदगी में कभी किताब नहीं पढ़ी थी और अब मैंने पढ़ना शुरू कर दिया है। मैंने सुबह जल्दी उठने और फिर रिहैबिलिटेशन केंद्र में समय देने के साथ अपनी नियंत्रण वाले चीजों पर ध्यान देना शुरू कर दिया।''

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष जैक क्लार्क का निधन

एडिलेड, 10 अप्रेल। पूर्व क्रिकेटर एवं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के पूर्व अध्यक्ष जैक क्लार्क का निधन हो गया है।  वह 70 वर्ष के थे। क्लार्क के परिवार में पत्नी और दो बेटियां है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड के अनुसार क्लार्क का एडिलेड में निधन हुआ था। उन्होंने बताया कि क्लार्क ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड में 1999 से 2011 तक सेवा दी था और वह अपने कार्यकाल के अंतिम तीन वर्षों तक सीए के अध्यक्ष रहे थे।

उनके अध्यक्ष कार्यकाल 2008 से 2011 के दौरान बिग बैश लीग की शुरुआत की हुई थी और उन्होंने 2010-11 की घरेलू एशेज श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम की समीक्षा करते हुए सीए की उच्च प्रदर्शन शाखा को नया आकार दिया गया था। वर्तमान सीए अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने क्लार्क के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, जैक क्लार्क ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और एसएसीए के साथ अपनी प्रमुख भूमिकाओं में ऑस्ट्रेलियाई, दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उत्कृष्ट योगदान दिया था और पूरे खेल जगत में सभी लोग उन्हें बहुत पसंद करते थे।

## भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष अभिनेता राहुल बॉस जयपुर में

जयपुर, 10 अप्रेल। भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष अभिनेता राहुल बॉस के बुधवार को जयपुर आने पर उनका स्वागत किया गया। इस मौके राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ जयपुर के पदाधिकारियों ने बॉस का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। उनके साथ में संघ उपाध्यक्ष शनाया, जनरल मैनेजर संदीप मोसंकर भी जयपुर आए है। रग्बी खेल को प्रोत्साहन के उद्देश्य से ये लोग जयपुर आये है।

राजस्थान रग्बी संघ अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि रग्बी खेल विश्व प्रसिद्ध खेल होने के बाद भी इसे राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद से मान्यता प्राप्त नहीं हुई। मिश्रा ने बताया की रग्बी खेल के मान्यता के लिए 2017 में फाइल राज्य क्रीड़ा परिषद में लगाई थी परंतु कांठोस सरकार ने पांच साल में भी इस खेल को मान्यता प्रदान नहीं की। अब उम्मीद है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एव राजस्थान खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह से इस खेल को मान्यता मिलेगी।

राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष जितेश कुमार ने बताया जिस संघ के अध्यक्ष राहुल बॉस जैसा व्यक्ति हो जो अपना सब कुछ रग्बी खेल के लिए समर्पित कर दे, ऐसे खेल संघ के साथ जुड़ने में खुद को गौरवान्वित महसूस होता है। राजस्थान संयुक्त सचिव रविन्द्र सिंह राजावत ने बताया की जब से श्री राहुल बॉस ने रग्बी का कमान अपने हाथों में लिया है राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में रग्बी खेल के खिलाड़ियों को सम्मान मिलने लगा है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान के खिलाड़ी प्रशिक्षण के लिए जाते है तो 50 हजार से एक लाख रुपए तक की राशि खिलाड़ियों को मेहनत के रूप में दी जाती है।

## नीरज चोपड़ा फिनलैंड में पावो नूरमी गेम्स 2024 में लेंगे हिस्सा

### मैक्स हेह्लिंग से मिल सकती है कड़ी चुनौती

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जन को फिनलैंड के तुर्कू में आयोजित होने वाले पावो नूरमी गेम्स 2024 में हिस्सा लेंगे। हर साल गर्मियों में आयोजित किए जाने वाले पावो नूरमी गेम्स फिनलैंड की टॉप ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता को पहली बार 1957 में आयोजित किया गया था। कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड नाम की एक प्रतियोगिता एक टॉप स्तरीय वर्ल्ड एथलेटिक्स प्रतियोगिता है।

वहीं इन खेलों में नीरज को जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। यह जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। दरअसल, डेह्निंगहाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। छब्बीस साल के चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। उन्होंने पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। उन्होंने 2023 में चोटिल होने के कारण इस स्पर्धा से अपना नाम वापस ले लिया था।

नीरज चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है। पावो नूरमी खेलों का नाम फिनलैंड के मध्य और लंबी दूरी के धावक के नाम पर रखा गया है। यह विश्व एथलेटिक्स की 'कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज' स्तर की प्रतियोगिता है। यह डायमंड




लीग मीट सीरीज के बाहर सबसे प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक है। टूर्नामेंट के आधिकारिक वेबसाइट पर खिलाड़ियों से करार के लिए जिम्मेदार आर्टटू सलोनेन ने कहा, ''भाला फेंक ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा जून में तुर्कू लौटेंगे।

वहीं नीरज एक साल के ब्रेक के बाद पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे जहां उनका सामना बेहतरीन प्रतियोगियों के समूह से होगा। प्रतियोगिता 18 जून को तुर्कू में होगी।'' उन्होंने बताया कि चोपड़ा के अलावा, हमारा पहले से ही जर्मनी के दिग्गज जूलियन वेबर और मैक्स डेह्निंग के साथ अनुबंध है।

उन्होंने कहा, ''हमारा लक्ष्य पेरिस ओलंपिक से पहले तुर्कू में गर्मियों की सबसे कठिन भाला फेंक प्रतियोगिता को आयोजित करना है। इसके लिए दूसरे खिलाड़ियों के साथ बातचीत जारी है। हम चाहते हैं कि शीर्ष घरेलू नाम तुर्कू में प्रतिस्पर्धा करें जिसका नेतृत्व ओलिवर हेलैंडर (जिन्होंने 2022 सत्र में 89.83 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता था) करेंगे।'' इस साल फरवरी में डेह्निंग 90.20 मीटर (अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 79.13 से 11.07 मीटर से अधिक) की दूरी के साथ 'जर्मन विंटर थ्रोइंग चैंपियनशिप' में प्रतिष्ठित 90 मीटर की बाधा को पार करने वाले सबसे कम उम्र खिलाड़ी बने हैं। वह हालांकि 10 मार्च को पुर्तगाल के लीरिया में यूरोपियन थ्रोइंग कप में 80.30 मीटर का थ्रो कर सके।

पावो नूरमी खेलों की वेबसाइट ने चोपड़ा के कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज के हवाले से कहा कि भारतीय खिलाड़ी ने 'एक साल पहले तुर्का में बेलेक शिविर में प्रशिक्षण में 90.40 दूर भाला फेंका था'। उन्होंने कहा, ''स्टॉकहोम में रिकॉर्ड थ्रो (89.94 मीटर, चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन) में 90 मीटर की दूरी की बाधा को पार किया जा सकता था। तब चोपड़ा ने लाइन के 20-30 सेंटीमीटर पीछे से भाला फेंका था।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर ग्रामीण के आँधी तथा दौसा लोकसभा क्षेत्र के सिकराय में दो जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने जनसभा में दौसा की जनता से कन्हैया लाल मीणा तथा आँधी के लोगों से राव राजेन्द्र सिंह को समर्थन देने की अपील की। इन जनसभाओं में कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद थे।

# मु.मंत्री भजनलाल ने सिकराय और आँधी में सभा की

- मु.मंत्री शर्मा ने सिकराय की सभा में दौसा के प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा और आँधी में जयपुर ग्रामीण के प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह को जिताने की अपील की।
- सिकराय और आँधी की सभा में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। सिकराय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को 21 किलो की माला पहनाई।

जयपुर, 10 अप्रेल (का.सं.)। बुधवार को दौसा जिले में सिकराय के बहरावंडा गांव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में जनसभा की, जहाँ पदाधिकारियों ने 21 किलो की फूलों की माला से उनका स्वागत किया। इनके अलावा मुख्यमंत्री ने जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र की आंधी तहसील में भी जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। वहीं, कांग्रेस की राजनीति में शुरूआत से ही कथनी और करनी में अंतर रहा है। कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने 70 साल देश पर राज कर जनता को भ्रमित किया, भ्रष्टाचार को जन्म दिया, लूट और झूठ का काम किया तथा लोगों को जाति में बांटकर वोट की राजनीति की।

मु.मंत्री ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक गरीब परिवार से निकलकर आए हैं। वे गरीब की व्यथा, किसान एवं मजदूर की हालत को भली भांति जानते हैं। इसलिए वे गरीब, महिला, युवा तथा किसान के हितों को प्राथमिकता मानते हुए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति रखते हैं। उनका मानना है "न खाऊँगा, ना खाने दूंगा"।

मुख्यमंत्री ने कहा, पूर्वी राजस्थान की जनता पहले पानी की कमी से परेशान थी। हम इस परेशानी को समझकर ई.आर.सी.पी. के द्वारा पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों में पानी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। ई.आर.सी.पी. के माध्यम से इन जिलों में पेयजल के साथ 2 लाख 80 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई भी होगी, साथ ही इन क्षेत्रों के बड़े बांधों के साथ छोटे बांधों को भी भरा जाएगा। गत सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत केन्द्र सरकार द्वारा प्राप्त राशि का उपयोग नहीं किया तथा योजना के तहत हुए कार्यों में भरपूर भ्रष्टाचार भी किया। मु.मंत्री ने आश्वस्त किया कि इन भ्रष्टाचारियों को किसी भी कीमत पर नहीं बक्शा जाएगा।

शर्मा ने कहा कि, गत सरकार में लगातार पेपर लीक के प्रकरणों से युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हुआ था। इसको रोकने के लिए हमारी सरकार के गठन के तुरंत बाद ही एस.आई.टी. का गठन किया गया तथा एस.आई.टी. ने इन प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई कर 85 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा गैंगवार सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार ने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया है। मु.मंत्री ने कहा, हमने पेट्रोल-डीजल के दामों में कमी की तथा राज्य में पेट्रोल-डीजल की दरों में विसंगति को दूर कर जनता से किए वादे को पूरा किया है। इस विसंगति को दूर करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है। पहले राजस्थान में हर जिले में पैट्रोल व डीज़ल की दरें अलग-अलग थीं। उन्होंने कहा कि हमने सरकार बनने के केवल 90 दिनों में ही संकल्प पत्र में किए 45 प्रतिशत वादे पूर्ण कर दिए हैं। उन्होंने दौसा की जनता से हर बूथ पर कमल का फूल खिलाने तथा भाजपा के दौसा लोकसभा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा व जयपुर ग्रामीण लोकसभा प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह को 5 लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्य वर्धन सिंह राठौड़ सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ऑर्गन ट्राँसप्लांट के लिए फर्जी एन.ओ.सी., ई.एच.सी.सी. अस्पताल के सर्जन से पूछताछ

## मामले में ए.सी.बी. ने एक और आरोपी फोर्टिस अस्पताल के ऑर्गन ट्राँसप्लांट कॉडिनटर गिर्राज शर्मा को गिरफ्तार किया

- राज्य सरकार ने इन दोनों अस्पतालों का ऑर्गन ट्राँसप्लांट करने का लाईसैंस रद्द कर दिया।
- मामले में दलाल मोहम्मद मुर्तजा के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।
- ए.सी.बी. की रिमांड पर चल रहे तीनों आरोपी गौरव सिंह, अनिल जोशी और विनोद को जेल भेजा।

जयपुर, 10 अप्रेल। ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए रिश्वत लेकर फर्जी एन.ओ.सी जारी करने के मामले में ए.सी.बी. ने प्राइवेट अस्पतालों के डॉक्टरों से पूछताछ शुरू कर दी है। इसके तहत बुधवार को ए.सी.बी. मुख्यालय में ई.एच.सी.सी. अस्पताल के सीनियर सर्जन डॉ. रवि गुप्ता से पूछताछ की गई। प्रकरण में एक और आरोपी, फोर्टिस अस्पताल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर गिर्राज शर्मा को गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि, जयपुर में फोर्टिस और ई.एच.सी.सी. अस्पताल में विदेशी मरीजों के ऑर्गन ट्रांसप्लांट किए जाते थे। राज्य सरकार ने इन दोनों अस्पतालों का ऑर्गन ट्रांसप्लांट करने का लाइसेंस रद्द कर दिया है। ए.सी.बी. ने बुधवार को ई.एच.सी.सी. के सीनियर सर्जन डॉक्टर रवि गुप्ता को सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए मुख्यालय बुलाया। इस दौरान डॉक्टर रवि गुप्ता के साथ उनका स्टाफ भी मौजूद था। ए.सी.बी. सूत्रों के अनुसार, इससे पहले फोर्टिस हॉस्पिटल के सर्जन से पूछताछ के बाद उनके मोबाइल और गैजेट्स जब्त कर सीज कर दिए गए। कहा जा रहा है कि, ए.सी.बी. के पास पूरे सबूत हैं कि, इन डॉक्टरों को पता था कि, ऑपरेट होने वाले मरीजों को जो एन.ओ.सी. मिल रही है, वह फर्जी है। इसके बाद भी इन लोगों ने सर्जरी को लेकर कोई आपत्ति नहीं जताई। ये लोग फर्जी एन.ओ.सी. लेते रहे और सर्जरी करते रहे। इन सर्जरी में अस्पताल प्रशासन ने अपनी ओर से डोनर और रिसीवर को लेकर भी कहीं कोई शिकायत नहीं की।

सर्जन की भूमिका को लेकर ए.सी.बी. कई एंगल पर जांच कर रही है। ए.सी.बी. ने ट्रैप के अलावा धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा करने की भी धाराएं एफ.आई.आर. में जोड़ी हैं। ए.सी.बी. की अब तक की जांच में सामने आया है कि, अस्पताल प्रशासन के अलावा डॉक्टर भी इस खेल में मिले हुए थे। न केवल प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर अपितु सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों की भूमिका भी संदिग्ध मिली है। ए.सी.बी. हर पहलू पर जांच कर रही है। जिसके लिए वह हर सबूत की एफ.एस.एल. जांच करवा रही है।

दूसरी ओर ए.सी.बी. की टीमें मामले को लेकर गुरूग्राम पुलिस के संपर्क में हैं। मामले में दलाल मोहम्मद मुर्तजा के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस की टीमें उसके झारखंड स्थित गांव में भी छापेमारी कर रही हैं। उधर मामले में गिरफ्तारी के बाद ए.सी.बी. की रिमांड पर चल रहे तीनों आरोपी, गौरव सिंह, अनिल जोशी और विनोद सिंह को आज कोर्ट में पेश किया गया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

## आप के मंत्री ने इस्तीफा दिया

नई दिल्ली,10 अप्रैल (वार्ता)। दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद ने पार्टी में दलितों को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को अपने पद और आम आदमी पार्टी (आप) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफ़ा दे दिया। पटेल नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक ने कहा ,हम एक समावेशी समाज में रहते हैं, लेकिन अनुपात के बारे में बात करना गलत नहीं है। ऐसे में मेरे लिए पार्टी में बने रहना मुश्किल है। आनंद के इस्तीफ़े के बाद 'आप' ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा,भाजपाइयों का कोई चरित्र नहीं है। ये लोग केवल पार्टियों को तोड़ने और विपक्षी दलों की सरकार गिराने का काम करते हैं। जब राजकुमार आनंद के यहां प्रवर्तन निदेशालय का छापा पड़ा था तब यही भाजपा कह रही थी कि राजकुमार आनंद भ्रष्ट हैं। अब कुछ दिनों में भाजपा राजकुमार आनंद को माला पहनाकर शामिल करेगी तो चाल, चरित्र और चेहरे वाली बात मत कहना।

## चीन सीमा से सटे 25 गाँवों के लोग चुनाव के बहिष्कार पर अड़े

- ग्रामीणों की मांग है कि, इन सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना की तैनाती कम की जाये इसके पीछे उनका तर्क है कि, मानव हस्तक्षेप के कारण यहां के प्राकृतिक संसाधन को खतरा है।

पिथौरागढ़/नैनीताल, 10 अप्रैल (वार्ता)। चीन सीमा से सटे पिथौरागढ़ जिले के 25 गांवों के ग्रामीणों और प्रशासन के बीच बैठक बेनतीजा रही। ग्रामीण आम चुनाव के बहिष्कार पर अड़े हुये हैं। मुनस्यारी विकास खंड के सीमांत 25 गांवों के ग्रामीणों द्वारा मुनस्यारी के बलाती फार्म और खलिया टॉप से भारतीय सेना को हटाये जाने की मांग की जा रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि, मानव हस्तक्षेप से यहां के प्राकृतिक संसाधन को खतरा है। सेना के अलावा अन्य सरकारी महकमे भी यहां अपनी गतिविधियां बढ़ाने में लगे हैं। यह भी आरोप है कि ग्रामीण वर्ष 1991 से यह मांग करते आ रहे हैं लेकिन शासन और प्रशासन की ओर से उनकी अनदेखी की गयी। इसके बाद ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले आम चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया। मुनस्यारी के सरमोली के जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह मर्तोलिया के अनुसार 25 गांवों के लगभग 12000 ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया है।

प्रशासन को जब इसकी भनक लगी तो जिला निर्वाचन अधिकारी रीना जोशी की ओर से मुनस्यारी के तहसीलदार चंद्र प्रकाश आर्य की अगुवाई में ग्रामीणों की एक बैठक आहूत की गयी। बैठक में वन और उद्यान विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्य मर्तोलिया ने बताया कि आज बैठक बेनतीजा रही। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बैठक में न सेना के अधिकारी और न ही जिलास्तर का कोई अधिकारी मौजूद रहा। इसलिये कोई आम सहमति नहीं बन पायी। इससे ग्रामीणों की नाराजगी और बढ़ गयी। मर्तोलिया ने कहा कि ग्रामीण अभी भी चुनाव बहिष्कार पर अडिग हैं। अब तय किया गया कि जिला निर्वाचन अधिकारी की अगुवाई में पिथौरागढ़ में बैठक आयोजित की जायेगी।

## 'अर्जेन्ट सुनवाई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निदेशालय ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। इस गिरफ्तारी के खिलाफ सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई के लिए मैन्शन किया था। इस हवाला केस का संबंध अब रद्द शराब नीति से है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह आज बुधवार को तत्काल इस मामले की सुनवाई नहीं करेगा और इस मामले में सोमवार से पहले कोई प्रगति होने की संभावना नहीं है वजह है कि गुरुवार को ईद-उल-फितर के कारण कोर्ट बंद रहेगी तथा शुक्रवार स्थानीय अवकाश है।

सिंघवी ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ केजरीवाल की याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की मांग की थी और सी.जे.आई. की अध्यक्षता वाली बैंच से अनुरोध किया था कि उनकी गिरफ्तारी "अविश्वसनीय दस्तावेजों" के आधार पर की गई थी।

दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को केजरीवाल की याचिका यह कहते हुए खारिज़ कर दी थी उनकी गिरफ्तारी कानून का उल्लंघन नहीं थी और रिमान्ड को "अवैध" नहीं कहा जा सकता है।

उच्च न्यायालय ने आगे यह भी कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार, "केजरीवाल ने दूसरों के साथ मिलकर साजिश रची थी और केजरीवाल अपराध की आय का उपयोग करने में सक्रिय रूप से शामिल थे।"

## 'अगर दिल्ली नॉर्थ-ईस्ट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आप नेताओं के साथ अपनी मीटिंग शुरु कर दी हैं और प्रचार भी शुरु कर दिया है, हालांकि, ए.आई.सी.सी. द्वारा अभी तक उनकी उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की गई है। दिल्ली से संबंधित एक और घटनाक्रम में, कहा जा रहा है कि, दिल्ली की कांग्रेस नेता, अल्का लांबा, जो चांदनी चौक सीट के लिए भारी लॉबीइंग कर रही थीं, अब भाजपा के साथ बातचीत कर रही हैं और कांग्रेस के उच्चतम सूत्रों के अनुसार वो पार्टी बदल सकती हैं।

अल्का लांबा, नवीन जिंदल के बहुत करीब मानी जाती हैं और जिंदल कुछ समय पहले ही भाजपा में शामिल हुए हैं और चूँकि कांग्रेस में अल्का की स्थिति बहुत मजबूत है, इसलिए वो भाजपा के साथ वार्ता कर रही हैं कि, वहाँ उन्हें क्या मिलेगा।

वो सी. डब्ल्यु.सी. की सदस्य तो हैं ही साथ ही महिला कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं, और अब इससे ज्यादा उन्हें पार्टी में और कुछ नहीं मिल सकता। और यह सबसे अच्छा समय है, जब वो पार्टी बदलकर भाजपा में सर्वोत्तम लाभ ले सकती हैं।

अल्का लांबा के जाने से कांग्रेस को भारी झटका लगेगा, जिन्हें राहुल गाँधी के विश्वास पात्र और राइट हैण्ड मैन के.सी. वेणुगोपाल का भारी समर्थन मिला है।

## दिल्ली मैट्रो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दिल्ली हाईकोर्ट के निर्णय को खारिज करके उच्चतम न्यायालय ने गलती की है।

सन् 2019 में दिल्ली हाईकोर्ट की एक डिविज़न बैंच ने डी.एम.आर.सी. के विरुद्ध दिए गए मध्यस्थ पुरस्कार को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने माना कि, सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय की डिविज़न बैंच के आदेश में हस्तक्षेप करके गलती की।

- सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि, दिल्ली मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्सर को 8,000 करोड़ रूपए का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं है।

सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में कहा गया कि, डी.एम.आर.सी. द्वारा अब तक जमा की गई राशि वापस कर दी जाएगी और पार्टियों को उनकी उसी स्थिति में बहाल कर दिया जाएगा, जिस स्थिति में वे दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले की घोषणा की तारीख पर थे।

## 'खेला हौबे, खेला ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गया था। इसीलिए, उक्त थीम सांग को संगीतबद्ध करने वाले देबांधू भट्टाचार्य को इस बार लोकसभा चुनाव का टिकट दिया गया है।

लेकिन, इस बार के लोकसभा चुनाव के लिए जिन प्रमुख संगीत रचनाओं और गीतों का बोलबाला है, वे सत्तारूढ़ तृणमूल से संबंधित ना होकर प्रतिद्वंदी भाजपा से संबंधित हैं। इनमें से एक सर्वाधिक सफल रचनाकार हैं रूद्रनील घोष, जो पिछले कई वर्षों से अपने हास्यास्पद गीतों के माध्यम से सत्तारूढ़ पार्टी और उसके नेताओं पर बड़ी निर्दयता के साथ कटाक्ष करते रहे हैं।

रूद्रनील घोष कठिन परिस्थितियों में बड़ा परिश्रम करने के बाद फेमस हुए हैं। वह कभी मछलियों का ठेला लगाया करते थे, लेकिन आज वह बंगाल की बड़ी सैलीब्रिटी हैं। वह बंगाली फिल्मों के जाने-माने स्टार एवं मंच कलाकार हैं। बंगाल के ही राज चक्रवर्ती, जिन्होंने रूद्रनील के साथ कई वर्षों तक काम किया, अब एक प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक हैं।

तथापि, तृणमूल कांग्रेस की कटु एवं निरंतर आलोचना के कारण बंगाल की फिल्मी दुनिया से बाहर कर दिया गया। उन्हें पिछले कई वर्षों से फिल्मों में एक भी रोल नहीं मिला है।

पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान रूद्रनील को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का गढ़ माने जाने वाले भवानीपुर से भाजपा ने टिकट दिया था। रूद्रनील ने ममता के खिलाफ अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी, जिसके कारण प्रतिस्पर्धी तृणमूल का प्रत्याशी वोटों की बहुत कम मार्जिन से ही चुनाव जीत सका था।

रूद्रनील को इस बार स्वयं को लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाए जाने की उम्मीद थी। टिकट ना दिए जाने पर उन्होंने सार्वजनिक रूप से शिकायत की थी।

उसके बाद पार्टी ने उन्हें एक सरप्राइज दिया। दिल्ली में बैठे भाजपा हाईकमान ने उन्हें पूरे लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाया और उन्हें संचार विभाग का प्रभारी भी बनाया।

रूद्रनील, अपनी नवीनतम रचना "चोरेर रानी" में भाजपा की विचारधारा के अनुरूप कहते हैं:-

बुआजी, चोरों की रानी,
उसे व उसके पूरे
कुनबे को चोरी करने दीजिए,
फिर भी, लूट नहीं
रोक सकते।

वे क्या चोरी नहीं कर सकते, कोयला, मिट्टी और इस्पात। इसके बावजूद वोटों की खातिर, बेशर्मी से मेरे दरवाजे पर आते हैं।

हास्य-विनोद के गीत गाए जाते है और ये सभी का मनोरंजन करते हैं, लेकिन बंगाल की चुनावी प्रतिस्पर्धा ने इन्हें सीमित कर दिया। ज़मीनी हालात यह हैं कि हम एक के बाद एक रक्त रंचित चुनावी संघर्ष के साक्षी बनते हैं, जिसमें युवाओं की जान जाती है। चाहे कुछ भी करना पड़े, बंगाल में एक बार तो इसके खात्मे की जरूरत है।

## भाजपा ने भी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मिलकर प्रतिज्ञा करें कि भाजपा के प्रचार गीत के माध्यम से इन कोशिशों की श्रृंखला और आगे लेकर जाएं।

इससे पूर्व पिछले साल दिसम्बर में भी भाजपा ने एक वीडियो जारी किया था, जिसकी मुख्य पंक्ति:"फिर आएगा मोदी" थी। यह दस मिनट का वीडियो शंख ध्वनि के साथ शुरू होता है जिसमें उनको मंदिरों में "दर्शन" करते हुए दिखाया, नये संसद भवन में सेंगोल की स्थापना तथा इसके साथ उनके चुने हुए भाषाणों को दिखाया है। इस वीडियों मे विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्धियों सहित चन्द्रयान की चन्द्रमा के दक्षिण ध्रुव पर सफलता पूर्वक उतरने को भी दिखाया गया है।

## इज़रायल ने एक ही एयर स्ट्राइक में हमास प्रमुख के कुनबे को खत्म किया

- इज़रायल ने एक कार को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की जिसमें हमास प्रमुख इस्माइल हानिया के तीनों बेटों की मौत हो गई।

तेल अवीव, 10 अप्रेल। इजरायल की एक एयर स्ट्राइक में हमास के टॉप लीडर इस्माइल हानिया के तीन बेटों की मौत हो गई है। इसके अलावा, उनके दो पोते भी मारे गए हैं। यह हमला तब हुआ जब उनके तीनों बेटे कार से जा रहे थे।

हानिया ने बुधवार को अल-जजीरा सैटलाइट चैनल को दिए इंटरव्यू में मौतों की पुष्टि की और कहा कि, उनके बेटे यरूशलम और अल-अक्सा मस्जिद को आजाद कराने की राह में मारे गए। हानिया ने फोन पर दिए साक्षात्कार में कहा, दुश्मन बदले और कत्लेआम की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है और वह किसी मानक या कानून को कोई महत्व नहीं देता। इस्माइल हानिया कतर में निर्वासन में रहते हैं, जहां अल-जजीरा का मुख्यालय है।

हमास ने कहा है कि, गाजा के अल-शती शिविर में जिस कार में हानिया के बेटे सवार थे, उस पर हुए बम हमले में उनके तीन बेटे- हजेम, अमीर और मोहम्मद मारे गए। हमास मीडिया ने कहा कि, हमले में हानिया के दो पोते भी मारे गए और एक तीसरा घायल हो गया। हानिया के सबसे बड़े बेटे ने एक फेसबुक पोस्ट में पुष्टि की कि उसके तीन भाई मारे गए हैं। साल 2017 में समूह के शीर्ष पद पर नियुक्त, हानिया तुर्की और कतर की राजधानी दोहा में चले गए, जिसकी वजह से गाजा में इजरायल द्वारा लगाए गए यात्रा प्रतिबंधों से बच गए। हानिया ने आगे कहा कि, इन हत्याओं से हमास पर रुख नरम करने के लिए दबाव नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा, दुश्मन को लगता है कि नेताओं के परिवारों को निशाना बनाकर वह हमारे लोगों को उनकी मांगें छोड़ने के लिए मजबूर कर देगा।

## भाजपा ने तमिलनाडू...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर भ्रष्टाचार और वंशवाद को लेकर जोरदार हमला करने के बाद भी प्रधानमंत्री को अन्नाद्रमुक की पूर्व प्रमुख जयललिता की स्मृतियों का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने एक महिला नेता के साथ किए गए दुर्व्यवहार के लिए सत्तारुढ़ पार्टी की आलोचना की। प्रधानमंत्री की नज़र असल में राज्य की महिला मतदाताओं पर है।

विडम्बना यह है कि भाजपा अन्नाद्रमुक से तो गठबंधन तोड़ चुकी है। भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई जयललिता के खिलाफ काफी बयानबाजी करते रहे हैं और इसी वजह से अन्नाद्रमुक ने भाजपा से गठबंधन तोड़ दिया था।

भाजपा के लिए तमिलनाडु की महत्ता इसी से आंकी जा सकती है कि भाजपा ने यहां से ना केवल बड़े नेताओं को मैदान में उतारा है बल्कि खुद प्रधानमंत्री यहां 8 दौरे कर चुके हैं। तमिलनाडु में भाजपा के लिए कोयम्बटूर सीट काफी महत्वपूर्ण है जहां से के. अन्नामलाई मैदान में हैं। हालांकि अन्नामलाई काफी मेहनत कर रहे हैं पर जमीनी हकीकत यह है कि यहां मुख्य मुकाबला द्रमुक एवं अन्नाद्रमुक में ही है। बताया जा रहा है कि सभी सीटों पर यही स्थिति है भाजपा तीसरे या चौथे स्थान पर रहेगी।

# कौन सही है, तेजस्वी यादव या भाजपा

## बहस का मुद्दा है, तेजस्वी यादव ने नवरात्रि के दौरान मछली (नॉन वैज) खाया या नहीं

-सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता, तेजस्वी यादव ने मछली खाते हुए अपना एक "विडियो अपलोड" किया जिसे भगवा पार्टी के समर्थकों ने ट्रोल किया। समर्थकों ने पूर्व उप-मुख्यमंत्री पर नवरात्रि के दौरान मांसाहारी भोजन करने का आरोप लगाया।

कई यूज़र्स ने दावा किया कि बिहार के नेता नवरात्रि में मांसाहारी भोजन हिन्दुओं को भड़काने के लिए कर रहे थे। इस दावे के बाद, तेजस्वी यादव ने समय न गंवाते हुए अपने वीडियो, जिसमें उनको हेलीकॉप्टर में मछली खाते हुए दिखाया गया था, का बचाव किया।

नवरात्रि मंगलवार से शुरू हुयी थी। इस दस दिवसीय त्योहार के दौरान, देवी के कई भक्त शुद्ध शाकाहारी भोजन करते हैं। इस ओर इशारा करते हुए कई इंटरनेट उपभोक्ताओं ने पूर्व उप-मुख्यमंत्री की हिन्दुओं को उकसाने के प्रयास के लिए, कटु आलोचना की ।

यादव ने बुधवार को पलटवार करते हुए इस ओर ध्यान दिलाया कि, उनकी "पोस्ट" में विडियो 8 अप्रेल को अपलोड हुआ था, नवरात्रि शुरू होने से एक दिन पहले।

यादव ने कहा,"हमने भाजपा और मोदी के मीडिया अनुयायियों की आई.क्यू. (बौद्धिक स्तर) जांचने के लिए यह विडियो अपलोड किया था और हमारी सोच सच साबित हुयी। ट्वीट में "दिनांक है, लेकिन बिचारे अंधभक्त क्या जानें? सबसे अंत में सहनी जी द्वारा चिल्ली लेने का भी जिक्र किया था।"

- बात शुरु हुई, तेजस्वी यादव द्वारा एक वीडियो जारी करने से। इस वीडियो की थीम थी, यादव को चुनाव प्रचार की व्यस्तता में खाना खाने का समय भी नहीं मिल रहा है। अतः वीडियो के अनुसार, वे पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के साथ उड़ते हैलिकॉप्टर में खाना खा रहे हैं।
- खाने में मछली भी थी। तथा वीडियो नवरात्रि शुरु होने के बाद, नौ तारीख को रिलीज़ हुआ था।
- भाजपा ने तेजस्वी पर नवरात्रि की परम्परा का उल्लंघन करने का ज़ोर-शोर से आरोप लगाया।
- तेजस्वी ने प्रत्युत्तर में उतने ज़ोर-शोर से कहा, घटना आठ तारीख की है, जब नवरात्रि पूजा की स्थापना नहीं हुई थी

राजद नेता के अपने और पूर्व मंत्री, मुकेश सहनी के हेलीकॉप्टर में साथ खाना खाते हुए एक विडियो को, मंगलवार रात को अपलोड करने के बाद ट्रोलिंग शुरू हुयी थी। पोस्ट में था,"चुनावों की गहमा-गहमी में हेलीकॉप्टर में भोजन दिनांक-08/04/2024"

यादव ने विडियो में बताया था कि अतिव्यस्त चुनाव प्रचार के दौरान भोजन करने के लिए केवल 10-15 मिनट का समय मिला था। उन्होंने यह भी दिखाया था कि जो वह खा रहे थे उसमें मछली और चपाती शामिल थी। नवरात्रि में मांसाहारी भोजन करने को लेकर विवाद छिड़ गया था।

भाजपा सांसद, गिरिराज सिंह ने बुधवार सुबह पत्रकारों से बात करते हुए यादव को "मौसमी सनातनी" बताया।

तेज-तर्रार भाजपा नेता ने कहा," तेजस्वी यादव एक ' मौसमी सनातनीं है जो तुष्टीकरण को बढ़ावा देते हैं। बहुत से लोग, चाहे वो रोहिंग्या हों या बांगलादेशी घुसपैठिए, लालू यादव के सत्ता में रहते हुए यहां आए। वो सनातन होने का दिखावा करते हुए तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं।"

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908